संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 23 अगस्त 2023 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 08 अंकः 224 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




चंद्रायन-3 ने फिर चंद्रमा की नई तस्वीरें भेजीं हैं। इसरों ने ट्वीटर पर जारी किया। आज शाम चांद पर उतरेगा चंद्रयान-3।

# फिर सड़कों पर उतरे किसान

## पंजाब-हरियाणा में बाढ़ के बाद मुआवजे की मांग, एमपी-महाराष्ट्र में प्याज पर बढ़े टैक्स का विरोध

**मांगों को लेकर**

**8 गन्ने के बकाया भुगतान की मांग को लेकर हजारों किसान विरोध-प्रदर्शन कर रहे**

**टीम एक्शन इंडिया/ भोपाल/चंडीगढ़/नासिक**
**पांच** राज्यों पंजाब-हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में बाढ़ के मुआवजे, प्याज पर बढ़े टैक्स और गन्ने के बकाया भुगतान की मांग को लेकर हजारों किसान विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध के दौरान संगरूर में एक किसान की ट्रैक्टर से कुचलने के बाद मौत हो गई। जिससे प्रदर्शन और हिंसक हो गया। उत्तर भारत के 16 किसान संगठन मंगलवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित परेड ग्राउंड में मोर्चा लगाने की तैयारी में रहे। हालांकि पुलिस ने उन्हें चंडीगढ़ में घुसने से रोकने की पूरी तैयारी कर ली है। उधर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में प्याज के बढ़े हुए टैक्स को लेकर किसान सड़क पर उतर आए। रतलाम में विभिन्न किसान संगठनों ने मंडियों में नीलामी बंद करवा कर आंदोलन की शुरूआत कर दी। दरअसल केंद्र सरकार ने 31 दिसंबर 2023 तक प्याज पर 40% एक्सपोर्ट ड्यूटी लगा दी है। महाराष्ट्र के नासिक, अहमदनगर और मुंबई में किसानों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया। किसान संगठनों का कहना है कि सरकार अगर एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ा देगी तो निर्यात कम होगा। इससे घरेलू मार्केट में प्याज की कीमतें गिरेंगी, जिससे किसानों को नुकसान होगा। उत्तर प्रदेश के भी किसान संगठन गन्ने के बकाया भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र सरकार से 50 हजार करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की मांग। बाढ़ से प्रभावित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा बाढ़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार को आश्रितों को 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। एक साल के लिए सभी तरह के कर्ज और ब्याज माफ करने की मांग की है। साथ ही मनरेगा योजना के तहत 200 दिन तक काम देने की मांग की है।





## किसानों से 2,410 रुपये प्रति क्विंटल की दर से दो लाख मीट्रिक टन प्याज खरीदेगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने 2,410 रुपये प्रति क्विंटल की दर से दो लाख मीट्रिक टन प्याज खरीदने का फैसला किया है। इससे प्याज उत्पादकों को थोड़ी राहत मिलेगी। महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर ट्विट कर बताया कि प्याज के मुद्दे पर मैंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से बात की। केंद्र सरकार 2,410 रुपये प्रति क्विंटल की दर से दो लाख मीट्रिक टन प्याज खरीदेगी। फडणवीस ने कहा कि इसके लिए राज्य के नासिक और अहमदनगर जिलों में विशेष खरीद केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इससे राज्य में प्याज उत्पादकों को कुछ राहत मिलेगी। वित्त मंत्रालय के 40 फीसदी शुल्क लगाने के फैसले के विरोध में महाराष्ट्र के नासिक जिले में सभी कृषि उपज बाजार समितियों (एपीएमसी) में अनिश्चित काल के लिए प्याज की थोक बिक्री रोक दी गई है, जिसमें लासलगांव भी शामिल है। कई किसानों और व्यापारियों ने निर्यात शुल्क वापस लेने की मांग को लेकर नासिक जिले में एक दिन पहले विरोध प्रदर्शन भी किया।




## पश्चिमी यूपी में गन्ने का बकाया और जमीन को लेकर प्रदर्शन

**चीनी** मिलों पर गन्ना भुगतान न मिलने के कारण मेरठ, अमरोहा, गाजियाबाद, नोएडा, बदायूं और हापुड़ में संयुक्त किसान मोर्चा, भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन किया। 11 दिन पहले किसानों ने ट्रैक्टर से तिरंगा यात्रा निकाली थी। राकेश टिकैत के बेटे चरण सिंह ने मेरठ के पावर एमडी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया था। किसान ट्रैक्टर लेकर दफ्तर में घुस गए थे। 23 अगस्त को मुजफ्फरनगर बुढाना में राकेश टिकैत की अगुवाई में किसान ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। 24 अगस्त को रुढ़की में महापंचायत होगी। 5 सितंबर को चरथावल में एक बड़ी पंचायत भी किसान करेंगे। 18 सितंबर को लखनऊ में पूरे यूपी के किसान जुटेंगे। इधर, भारतीय किसान परिषद के बैनर तले नोएडा विकास प्राधिकरण के बाहर किसान पिछले 70 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले 122 दिन प्रदर्शन किया। किसानों और प्राधिकरण के बीच जमीन में अपनी हिस्सेदारी को लेकर विवाद चल रहा है।

## चंडीगढ़ जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका, 50 किसानों को किया डिटेन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहर शंभू टोल प्लाजा पर किसानों के आने की सूचना मिलते ही अंबाला पुलिस भी पूरी तरह से सतर्क हो गई। सुबह से ही पुलिस की कई गाडियां उक्त स्थान पर तैनात कर दी गई। पुलिस अधिकारी सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर नजर आए। हालांकि अंबाला के कई अधिकारी मौके पर थे। आज किसान यूनियन चंडीगढ़ जा रहे हैं जिसके चलते अंबाला में शंभू बॉर्डर पर माहौल कई बार काफी गंभीर नजर आया। पुलिस ने जगहण्जगह नाकाबंदी करके शंभू टोल की तरफ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर जा रहे किसानों को रोका और उन्हें हिरासत में लिया। किसानों ने विरोध जताते हुए नारेबाजी की। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी देखी गई।



**फास्ट न्यूज**

## क्रिकेटर सचिन चुनाव आयोग के राष्ट्रीय आइकन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महान** क्रिकेट खिलाड़ी भारत रत्न सचिन तेंदुलकर मतदाता जागरुकता और शिक्षा के लिए चुनाव आयोग के राष्ट्रीय आइकन बनाए गए हैं। बुधवार को आयोग और उनके बीच तीन साल के लिए दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में करार होने जा रहा है। आयोग के अनुसार दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनूप चन्द्र पांडेय और अरुण गोयल उपस्थित रहेंगे। चुनाव आयोग का उन्हें आइकन बनाने का उद्देश्य आने वाले और विशेषकर 2024 के आम चुनाव में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पंकज त्रिपाठी, अमीर खान, मैरी कॉम और एमएस धोनी ईसीआई के राष्ट्रीय आइकन रह चुके हैं।

## पाक हमारा दुश्मन देश नहीं है : मणिशंकर अय्यर

**नई दिल्ली:** पाकिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने की वकालत करते हुए राजनयिक से नेता बने मणिशंकर अय्यर का कहना है कि भारत तब तक दुनिया में अपना उचित स्थान नहीं ले पाएगा, जब तक उसका पश्चिमी पड़ोसी 'हमारे जी का जंजाल' बना रहेगा।
**आत्मकथा में पाक का जिक्र:** कांग्रेस नेता ने अपनी आत्मकथा "मेमोयर्स ऑफ ए मेवरिक- द फर्स्ट फिफ्टी इयर्स (1941-1991) में अपने पाकिस्तान कार्यकाल को एक पूरा अध्याय समर्पित किया है। बता दें कि अय्यर ने दिसंबर 1978 से जनवरी 1982 तक कराची में भारत के महावाणिज्य दूत के रूप में कार्य किया है।
**पाक के लोग भारत को नहीं मानते दुश्मन:** जगरनॉट बुक्स द्वारा प्रकाशित अपनी नई किताब पर न्यूज एजेंसी पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में अय्यर ने कहा कि उनके नौकरशाही करियर का सर्वश्रेष्ठ दौर निस्संदेह पाकिस्तान में महावाणिज्य दूत के रूप में उनका कार्यकाल था। उन्होंने अपने तीन वर्षों के कार्यकाल पर बहुत विस्तार से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में भारत की "सबसे बड़ी संपत्ति" वहां के लोग हैं जो इसे दुश्मन देश नहीं मानते। जहां तक पाकिस्तान के लोगों का सवाल है, वे न तो दुश्मन देश हैं और न ही वे भारत को दुश्मन देश मानते हैं।"

## एक्सपर्ट पैनल बताएगा हिल स्टेशनों की कितनी कैपेसिटी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने देश के हिमालयी राज्यों की धारण क्षमता का आकलन करने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल बनाने का संकेत दिया है। धारण क्षमता वह अधिकतम जनसंख्या आकार है, जिसे कोई क्षेत्र पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाए बिना बनाए रख सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे बहुत जरूरी मुद्दा करार दिया। इसको लेकर एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें जोशीमठ का उदाहरण देते हुए बताया गया कि पहाड़ी राज्य पर पर्यटकों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में अनियोजित विकास से लैंडस्लाइड और दूसरी आपदाएं हो रही है।



**पहाड़ी राज्यों में प्राकृतिक आपदा की घटनाओं में वृद्धि हुई:** सोमवार (21 अगस्त) को चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने अशोक कुमार राघव की याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि देश के 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हिमालय क्षेत्र में लगभग हर दिन तबाही देखी जाती है। ऐसे में यहां की कैपेसिटी का आकलन कराने की जरूरत थी।

**जरूरी मुद्दा**

**8 सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा- पर्यटक स्थलों के मास्टर प्लान में सुधार जरूरी**

**पर्यटकों के बोझ से ढहने की कगार पर पहुंची पर्यटन स्थल**
हिमाचल प्रदेश के धौलाधार सर्किट, सतलज सर्किट, ब्यास सर्किट और ट्राइबल सर्किट के इलाके पर्यटकों के भारी बोझ से दब गए हैं। हिल स्टेशन, तीर्थ स्थल और अन्य पर्यटन स्थल लगभग ढहने की कगार पर हैं।

## उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से 4 की मौतें

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड के** टिहरी जिले के चंबा में सोमवार को हुई लैंडस्लाइड में चार महीने के बच्चे समेत चार की मौत हो गई। इनके शव गाड़ी से निकाले गए, जो मलबे में दब गई थी। टिहरी एसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं और एक अन्य लापता व्यक्ति की तलाश जारी है। मलबा जमा होने के कारण नई टिहरी-चंबा रोड बंद हो गई थी। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के सात जिलों देहरादून, टिहरी, पौड़ी, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल और उधमसिंहनगर में आज भी तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## '370 का वजूद नहीं तो फैसला क्यों रोकें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जम्मू-कश्मीर से** आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर आठवें दिन सुनवाई हुई। 8वें दिन की सुनवाई में याचिकाकर्ता की तरफ से वकील दिनेश द्विवेदी ने दलील देते हुए कहा- 1957 में जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू होते ही आर्टिकल 370 खुद ही खत्म हो जाता है। इसके जवाब में चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा - जब तक हम यह स्वीकार नहीं करते कि धारा 370 साल 2019 तक अस्तित्व में थी, संसद के अधिकार क्षेत्र पर कोई रोक नहीं होगी। अगर हम आपकी दलील मान लें तो संसद की शक्ति पर कोई रोक नहीं लगेगी। इससे पहले 7वें दिन की सुनवाई में वकील दुष्यंत दवे ने तर्क दिया था कि, आर्टिकल 370 को आर्टिकल 370 (3) का इस्तेमाल करके खत्म नहीं किया जा सकता था। सरकार ने अपने हितों के चलते ऐसा किया। जिसके जवाब में कोर्ट ने कहा था - हमारा काम यह देखना है कि मामले में संविधान का उल्लंघन हुआ है या नहीं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही है।



**सुनवाई**

**8 हम केवल ये देखेंगे कि फैसला लेने में संविधान का पालन हुआ या नहीं: सुप्रीम कोर्ट पाई**

## दहेज प्रथा कानून के गलत इस्तेमाल ने लीगल टेररिज्म फैलाया



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**जस्टिस** सुभेंदु सामंत ने एक महिला की उसके ससुराल पक्ष के खिलाफ याचिका रद्द करते हुए कहा कि इसे महिलाओं के कल्याण के लिए लाए थे, लेकिन अब इसके झूठे मामले ज्यादा आ रहे हैं। इसका गलत इस्तेमाल हो रहा है।
**हाईकोर्ट बोला- बदले के लिए दहेज का मामला दर्ज किया:** महिला की याचिका में शारीरिक और मानसिक यातना का आरोप साधारण लग रहा है। गवाहों के बयान ऐसे किसी तथ्य का खुलासा नहीं करते, जिसमें आरोपी पति को फंसाया जा सकता है। केस डायरी के मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन में भी महिला के शरीर पर किसी चोट का जिक्र नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि एक पड़ोसी ने पति-पत्नी के झगड़े के बारे में सुना बस है। दो व्यक्तियों के झगड़े का मतलब यह नहीं है कि कौन हमलावर था या कौन पीड़ित। दहेज प्रथा का मामला केवल निजी दुश्मनी निकालने के लिए लगाया गया है। इसलिए मौजूदा हालात के तहत याचिका रद्द करना ही सही है, नहीं तो केस जारी रखना अदालत के वक्त की बर्बादी होगी।

पति से अलग रह रही एक महिला ने पहली बार अक्टूबर 2017 में पति के खिलाफ मानसिक और शारीरिक क्रूरता का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

**मामला**

**8 दहेज प्रथा का मामला केवल निजी दुश्मनी निकालने के लिए लगाया गया है : हाईकोर्ट**

## जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में काटे 6 हजार पेड़

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**विश्व** प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट पार्क में 6 हजार पेड़ों की कटाई और अवैध निर्माण के मामले में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि इस मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच क्यों नहीं कराई जाए। चीफ जस्टिस जस्टिस विपिन सांघी और जस्टिस आलोक वर्मा की बेंच ने मामले की गंभीरता और अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका को देखते हुए यह टिप्पणी की। मामले की अगली सुनवाई 1 सितंबर को होगी।




**टूरिज्म स्पॉट बनाने के लिए**

**हाईकोर्ट सख्त**

**8 उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा- क्यों न मामले की सीबीआई जांच कराई जाए**

**काटे गए थे पेड़:** 2017 से 2022 के बीच जिम कॉर्बेट में टाइगर सफारी और दूसरी टूरिज्म सर्विस स्पॉट बनाने के लिए पेड़ों को काटा गया था। राष्ट्रीय उद्यान में चारदीवारी और इमारतों को भी बनाया गया। उस समय हरक सिंह रावत राज्य के वन मंत्री थे। देहरादून की रहने वाली अनु पंत ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते बेंच ने इस पर सरकार से सवाल किया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि कॉर्बेट में 6,000 पेड़ों की कटाई से जुड़ी कई रिपोर्ट्स कोर्ट के सामने रखी गईं।

## राहुल गांधी लेह में सेना के रिटायर्ड अफसरों से मिले

**टीम एक्शन इंडिया/लद्दाख**
**लद्दाख** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 25 अगस्त तक लद्दाख के दौरे पर हैं। सोमवार रात को उन्होंने लेह मार्केट में आर्मी के रिटायर्ड अफसरों से मुलाकात की। राहुल ने उनके साथ तिरंगा फहराया और भारत माता की जय के नारे भी लगाए। इस दौरान मार्केट में लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। राहुल ने मार्केट में खरीदारी भी की। न्यूज एजेंसी अठकने इसका वीडियो शेयर किया। वीडियो में वे भीड़ से घिरे दिख रहे हैं। उन्होंने सामान खरीदा। कुछ देर बाद वे सब्जी की दुकान पर पहुंचे और वहां से सब्जियां लीं। राहुल के लेह मार्केट पहुंचते ही युवाओं की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। भीड़ से एक बच्चा उनका ऑटोग्राफ लेने के लिए सुरक्षा घेरा पार कर पहुंच गया। उन्होंने बच्चे को ऑटो ग्राफ दिया और साथ में फोटो खिंचवाई।

## केंद्र एक सितंबर से जारी करेगी 'मेरा बिल मेरा अधिकार' योजना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार एक सितंबर से छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मेरा बिल मेरा अधिकार प्रोत्साहन योजना जारी करेगी। इसके तहत मोबाइल ऐप पर बिल अपलोड करके लोग 10 हजार रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक का नकद इनाम जीत सकते हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने मंगलवार को एक्स (पूर्व नाम ट्विटर) पर यह जानकारी दी। सीबीआईसी के मुताबिक इस योजना को लाने का मकसद लोगों को हर बार खरीदारी करते समय बिल मांगने के लिए प्रेरित करना है।

**संशोधन**

### संशोधन के बाद प्रदेश सरकार को पावर प्रोजेक्टों से अधिक रायल्टी मिलेगी

## हिमाचल सरकार ने स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति में संशोधन किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
हिमाचल सरकार ने स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति में संशोधन किया है। संशोधन के बाद प्रदेश सरकार को पावर प्रोजेक्टों से अधिक रायल्टी मिलेगी। रायल्टी अधिक होने से सरकार की आमदन में बढ़ोतरी होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में ऊर्जा नीति में संशोधन का फैसला लिया गया। संशोधन के बाद पावर प्रोजेक्टों के साथ 40 साल का एमओयू होगा। एमओयू के बाद पावर प्रोजेक्टों को पहले 12 सालों में 15 , 18 सालों में 20 तथा अंतिम 10 वर्षों में 30 फीसद मुफ्त बिजली रायल्टी के तौर पर सरकार को देनी होगी। इसके बाद परियोजना राज्य सरकार को बिना किसी लागत तथा सभी तरह की देनदारियों और ऋण भार से मुक्त वापिस मिल जाएगी। हालांकिए बढ़ी हुई अवधि के लिए राज्य को अदा की जाने वाली रॉयल्टी 50 प्रतिशत से कम नहीं होगी।



**कैबिनेट फैसले**

**8 पहले 12 सालों में 15, 18 सालों में 20 तथा अंतिम 10 वर्षों में 30 फीसद मुफ्त बिजली रायल्टी के तौर पर देनी होगी**

उल्लेखनीय है कि अभी तक पावर कंपनियां प्रदेश सरकार को पहले 12 साल मं 12, अगले 18 सालों में 18 तथा अंत के दस सालों में 30 फीसद मुफ्त बिजली रायल्टी के तौर पर देती हैं।
मंत्रिमंडल की बैठक में 210 मेगावाट क्षमता की लुहरी चरण-एक , 66 मेगावाट क्षमता की धौलासिद्ध , 382 मेगावाट क्षमता की सुन्नी बांध तथा 500 मेगावाट क्षमता की डुगर जल विद्युत परियोजना के लिए सतलुज जल विद्युत निगम एवं एनएचपीसी को प्रदत्त बाधा रहित निःशुल्क विद्युत रॉयल्टी की छूट वापस लेने का भी निर्णय लिया गया। जाहिर है कि इन प्रोजेक्टों से भी सरकार को रायल्टी के तौर पर मुफ्त बिजली मिलेगी। मंत्रिमंडल ने जल विद्युत परियोजनाओं से लिए जाने वाले जल उपकर की दरों का युक्तिकरण करने का भी निर्णय लिया।

# चंडीगढ़ जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका, 50 किसानों को किया डिटेन

## पुलिस भी पूरी तरह से सतर्क हो गई। सुबह से ही पुलिस की कई गाडियां उक्त स्थान पर तैनात कर दी गई

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहर शंभू टोल प्लाजा पर किसानों के आने की सूचना मिलते ही अंबाला पुलिस भी पूरी तरह से सतर्क हो गई। सुबह से ही पुलिस की कई गाडियां उक्त स्थान पर तैनात कर दी गई। पुलिस अधिकारी सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर नजर आए। हालांकि अंबाला के कई अधिकारी मौके पर थे। आज किसान यूनियन चंडीगढ़ जा रहे हैं जिसके चलते अंबाला में शंभू बॉर्डर पर माहौल कई बार काफी गंभीर नजर आया। पुलिस ने जगहण्जगह नाकाबंदी करके शंभू टोल की तरफ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर जा रहे किसानों को रोका और उन्हें हिरासत में लिया। किसानों ने विरोध जताते हुए नारेबाजी की। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी देखी गई। एक जगह किसानों ने पुलिस नाका तोड़ दिया लेकिन उन्हें पुलिस ने दूसरे नाके पर रोक लिया। पुलिस ने अंबाला - हिसार हाईवे और शंभू टोल तक जाने



वाले सभी लिंक रोड पर पुलिस बल तैनात किया हुआ है। वाटर कैनन के साथ-साथ बैरिकेड्स लगाए हुए हैं। अंबाला से भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी समेत कई किसान नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया गया था। उधर गन्ना संघर्ष समिति और भारतीय किसान यूनियन चढूनी ग्रुप ने सरकार को चेतावनी दी है कि हिरासत में लिए सभी किसान नेताओं को इज्जत के साथ छोड़ दिया जाएए अन्यथा बड़ा आंदोलन होगाए

**हंगामा**

**किसानों से एकजुटता दिखाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसान खुद की अगुवाई करते हुए आंदोलन की लड़ाई लड़े**

जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। किसान नेताओं की गिरफ्तारी के बाद अमरजीत सिंह मोहड़ी ने किसानों से एकजुटता दिखाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसान खुद की अगुवाई करते हुए आंदोलन की लड़ाई लड़े। कानून को अपने साथ में न लें। पुलिसकर्मियों ने खुद ट्रैक्टरों की कमान संभालने के बाद उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखा। जबकि किसानों को पुलिस बसों के जरिए हिरासत में लेकर अंबाला सिटी पुलिस लाइन में रखा। इसके साथ ही कुछ किसानों को सीआईए कार्यालय में भी रखा गया है।

# भूतपूर्व सैनिकों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** साबका सैनिक संघर्ष कमेटी अम्बाला के भूतपूर्व सैनिकों की गांव रायवाली में बलजीत सिंह रंगा की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें सभी भूतपूर्व सैनिकों को एक रैंक एक पैंशन मे हुई कमियों को दूर करने के लिए सभी सैनिकों की आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है जिसमें सभी भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियों को हस्ताक्षर करने वा करवाने के लिए बताया जाए ताकि सरकार को पता चल सके की जवानों के साथ धोखा हुआ है किसने किया कैसे किया इसकी जांच तीन रिटायर जज साहब जी

**सूचित करें**

**रंगा जी ने बताया कि सभी सैनिक वीर नारियां अपने दस्तक जरूर करें और सभी को सूचित करे**

से करवाई जाएं और दूध का दूध पानी का पानी देश के सामने आएं ये सभी सैनिकों की मुख्य मांग है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जवानों वीरनारियों के आवाज सरकार तक पहुंचाना है। रंगा जी ने बताया कि सभी सैनिक वीर नारियां अपने दस्तक जरूर करें और सभी को सूचित करें।

# भाविप सदस्यों ने शहीद मेजर अमित आहूजा को उनकी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भारत** विकास परिषद् महर्षि दयानंद शाखा द्वारा अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में शहर के सैक्टर 7 में शहीद मेजर अमित आहूजा पार्क में प्रातः काल के समय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आहूजा परिवार के बड़े सुपुत्र व परिषद् सदस्य अतुल आहूजा ने अपने अनुज को याद करते हुए बताया कि 22 अगस्त 2001 को जम्मू कश्मीर के गुरेज सैक्टर में अम्बाला के सपूत मेजर अमित आहूजा शहीद हो गए थे।




परिषद् परिवार द्वारा हर वर्ष इस दिवस पर उनकी शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। इस अवसर पर आहूजा परिवार द्वारा अपने वार्ड में सफाई कर्मियों के हाथों पर छालों को देखते हुए उन्हें दस्ताने भेंट किए व निवेदन किया कि वे ड्यूटी के दौरान यह दस्ताने अवश्य पहने। इसके उपरांत परिषद् सदस्यों ने परिवार से अतुल आहूजा के साथ पंचायत भवन के सामने शहीद मेजर अमित आहूजा चौक की सफाई करने के बाद पुष्पमालाओ से चौंक को सुसज्जित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की सह संरक्षक दीपक राय आनंद व सभी मौजूद सदस्यों ने शहीद मेजर अमित आहूजा अमर रहे, भारत माता की

**श्रद्धांजलि**

**परिषद् परिवार द्वारा हर वर्ष इस दिवस पर उनकी शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की**

जय व वन्दे मातरम् के जयघोष के साथ अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष के साथ सचिव राकेश मक्कड़, मनोज गर्ग, चमन अग्रवाल, अंकुर गोयल, मुकेश एबट, विनोद जांगड़ा, सतनाम नागपाल, रविंद्र ग्रोवर, कमलजीत कंबोज,संगीता आहूजा व सैक्टर 7 से पूर्व पार्षद पवन अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा, हाऊसिंग बोर्ड अध्यक्ष विकास भल्ला, सुरेंद्र गांधी, सतिंदर गांधी, दीप महाजन, जरनैल सिद्धू, डॉ रिशी अग्रवाल सहित अन्य स्थानीय निवासियों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# विधि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम हुआ संपन्न

**जिम्मेदारी**

**उद्देश्य विवि के सभी अध्यापकों व शैक्षिक तथा परीक्षा नीतियों से अवगत कराना है**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**डॉ बी** आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम शैक्षणिक भवन में मंगलवार को संपन्न हुआ. सोमवार को दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ किया. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के सभी अध्यापकों व शैक्षिक तथा परीक्षा नीतियों से अवगत कराना है. इंचार्ज लॉ डॉ अमित गुलेरिया ने स्वागत वक्तव्य दिया. डॉ गुलेरिया ने अतिथियों व सभी नए विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय की तरफ से स्वागत किया. उन्होंने कहा कि बचपन से ही बच्चे के जीवन में नई उमंगे एवं नई ऊंचाइयां आकार लेना शुरू हो जाती है. बच्चे के व्यक्तित्व विकास में विश्वविद्यालय का प्रमुख योगदान रहेगा. सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता दयार सिंगला ने लॉ स्कूल में जीवन विषय पर प्रकाश डाला. सिंगला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में पांच साल का अध्ययन जीवन बदलने वाला अनुभव होता है. लॉ डिपार्टमेंट में मुख्य उद्देश्य आपको वकील की तरह सोचना सिखाना होता है. कानून लगातार बदलते और विकसित होते रहते है इसलिए आपमें वकील की तरह सोचने की क्षमता विकसित होनी चाहिए. कुलसचिव डॉ रामफूल शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी साझा की. कुलसचिव डॉ शर्मा ने कहा कि जीवन खुशी, निराशा और उत्साह से भरा एक सुंदर अनुभव है. यह आपको एक मजबूत, स्वतंत्र ब्यक्ति बनाता है. जब आप यहाँ से उत्तीर्ण होकर निकलेंगे तब आप बिल्कुल अलग व्यक्ति होंगे. आप दुनिया का सामना करने के लिए तैयार होंगे. उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय की फैकल्टी से परिचय हुआ. विद्यार्थियों को कैम्पस टूर के बारे में भी बताया गया. समापन सत्र में डीन डॉ सुखविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया. उन्होंने नए छात्र छात्राओं को शैक्षणिक कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया. डॉ सिंह ने छात्र छात्राओं से यह भी कहा कि कैसे कैम्पस में सभी एक दूसरे से भाईचारे के साथ रहे. प्रथम बैच के सीनियर विद्यार्थियों ने नए छात्र छात्राओं को के समक्ष अपना अनुभव साझा किया. ओएसडी बी के शर्मा ने अकादमिक कार्यों के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कहा कि अकादमिक परिदृश्य परीक्षा की तैयारी है. प्रेजेंटेशन, वाइवा और प्रोजेक्ट अकादमिक कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# नप चुनाव के लिए आप उम्मीदवार पूरी तरह से तैयारः जगबीर जोगनाखेड़ा

**तैयारी**

**31 वार्डों में उम्मीदवार तैयार हैं, इंतजार है तो बस नगरपरिषद चुनाव के तारीख की घोषणा की**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
**हरियाणा** वासियों को हर माह 300 यूनिट फ्री बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरियाणा वासियों को गारंटी कार्ड उपलब्ध करवाएंगे। ये कहना है आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगबीर जोगना खेड़ा का है। अपने कार्यालय में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष जगबीर जोगना खेड़ा ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बिजली आंदोलन को जनता का भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। जनता कुरुक्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में परिवर्तन का मन बना चुकी है और दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर अब हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि इसी माह के अंत में अरविंद केजरीवाल 300 यूनिट फ्री बिजली उपलब्ध कराने संबंधी गारंटी कार्ड जारी करेंगे। जगबीर जोगना खेड़ा ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए भी पूरी तरह तैयार है। परंतु उससे पहले



पार्टी को कुरुक्षेत्र की पूरी जनता की तरह थानेसर नगर परिषद के चुनावों का इंतजार है। थानेसर नगरपरिषद का कार्यकाल पूरा हुए डेढ़ साल से अधिक का समय गुजर चुका है। परंतु अब तक चुनाव नहीं करवाए जा रहे। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जहां भाजपा चुनाव करवाने की बात कहती है। वहीं कांग्रेस कोर्ट में जाकर इस चुनाव को लटकाने का काम कर रही है। इन दोनों की मिलीभगत का परिणाम है कि कुरुक्षेत्र के सभी 31 वार्डों में जनता को अपने नए प्रतिनिधियों का चयन करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी 31 वार्डों में उम्मीदवार तैयार हैं, इंतजार है तो बस नगरपरिषद चुनाव के तारीख की घोषणा का। वही उन्होंने कहा कि नगर परिषद की कुर्सी पर एक ही परिवार का पिछले ढाई दशकों से कब्जा है।

# शाहाबाद में लगातार हो रही चोरियों पर रोक लगाई जाए: रंगा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद/(दलबीर मलिक) शाहाबाद** नगर में लगातार चोरिया हो रही है उनके खिलाफ अनेक सामाजिक संस्थाओं ने आज ज्ञापन सौंपा। महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण विकास ट्रस्ट के चैयरमैन मिहा सिंह रंगा ने बताया कि पिछले काफी दिनों से शाहाबाद नगर में लगातार चोरियां हो रही हैं। पिछले दिनों किसानों के खेतों में जाकर ट्रांसफार्मर की तार चोरी की गई और अब शाहाबाद नगर में अनेक स्थानों अउ की क्वायल लगातार चोरी हो रही है। अभी कल की बात है तीन गरीब बहनों के परिवार में चोरी की गई । नगर परिषद के



चेयरमैन गुलशन क्वात्रा ने भी पुलिस प्रशासन से मांग की है की इन चोरियों पर अंकुश लगाया जाए। क्योंकि शहरवासी बहुत परेशान हैं शाहाबाद नगर में सभी के अंदर डर का माहौल बना हुआ है तो समय रहते इस स्थिति को पुलिस प्रशासन को संभालना चाहिए रोटरी क्लब के सचिव दीपक कक्कड़ और कर्म सिंह जोगी खेड़ा ने कहा कि हम पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द इन अज्ञात चोरों का पता लगाकर उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और पूरे शाहाबाद नगर में चौकसी बढ़ाई जाए।

# 28 को विधानसभा कूच के लिए आशा वर्कर्स ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** आशा वर्कर्स यूनियन के 28 अगस्त को होने वाले विधानसभा कूच की तैयारियों को लेकर सीएचसी मुलाना में काम करने वाली आशा वर्कर्स की बैठक जिला प्रधान कविता की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन सचिव सर्वजीत कौर ने किया। बैठक में प्रधान व सचिव ने कहा कि 12 अगस्त को स्वास्थ्य मंत्री ने यूनियन प्रतिनिधिमंडल को समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया था, परंतु सरकार की हठधर्मिता के चलते आज तक बैठक नहीं हुई।

# विधायक बनाया तो ईमानदारी से होंगे लाडवा हल्के में विकास कार्यः संदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**पिपली ब्लॉक के गांव उमरी में मंगलवार को रोड समाज के लोगों व ग्रामीणों ने स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग से मुलाकात की। वहीं ग्रामीणों द्वारा समाजसेवी संदीप गर्ग का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।
रोड समाज उपप्रधान रामपाल, ग्रामीण भूपेन्द्र सिंह, सूरज कुमार, जितेन्द्र मुंजाल, बलकार सिंह, कर्मवीर सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से समाजसेवी संदीप गर्ग पिछले लगभग पांच साल से कार्य कर रहे हैं, ऐसे में ऐसे व्यक्ति को विधानसभा में भेजने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग पिछले




लगभग पांच साल से भी अधिक हो गए हैं वह हल्के की जनता के बीच में है और हल्के की जनता के लिए जनहित के कार्य कर रहे हैं। वहीं मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने मौजूद लोगों को आश्वासन दिया कि यदि 2024 के विधानसभा चुनावों में उन्हें लाडवा विधानसभा से विधायक बनाकर विधानसभा में भेजने का काम किया तो 90 विधानसभाओं में लाडवा विधानसभा हरियाणा के मानचित्र पर अलग ही नजर आएगी। क्योंकि लाडवा हल्के में इतने कार्य करवाए जाएंगे, जो आज से पहले अभी तक नहीं करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के की जनता उनका परिवार है। वह अधिक ऊर्जा व

**स्वागत किया**

**ग्रामीणों ने स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग से मुलाकात की**

ईमानदारी के साथ लाडवा हल्के की जनता के लिए कार्य करेंगे। इससे पूर्व उनका वहां पहुंचने पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर पिंटू, बिंटू, संजीव कुमार, लक्ष्य कुमार, साहिल, अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, विक्रांत, अवनीत, मनीष कुमार, संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# थानेसर भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन को ऐतिहासिक और यादगार बनाएंगे भाजपा कार्यकर्ताः सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
भारतीय जनता पार्टी की तरफ से थानेसर विधानसभा क्षेत्र का पन्ना प्रमुख सम्मेलन ऐतिहासिक और यादगार होगा। इस सम्मेलन को सफल और यादगार बनाने के लिए भाजपा के नेताओं ने मंडल अध्यक्षों के साथ लंबी चर्चा की और बकायदा अलग-अलग नेताओं के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। इस प्रत्येक टीम को संबंधित क्षेत्र के पन्ना प्रमुखों को सम्मेलन तक लाने की बागडोर सौंपी गई। अहम पहलू यह है कि भाजपा पन्ना प्रमुखों का एक सम्मेलन 27 अगस्त को थानेसर अनाज मंडी में होगा। इस सम्मेलन में थानेसर विधानसभा क्षेत्र के हजारों पन्ना प्रमुख



शिरकत करेंगे। इस सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के साथ-साथ भाजपा के प्रदेश के नेता और जिला संगठन के सभी पदाधिकारी भी शिरकत करेंगे। सर्किट हाउस में थानेसर विधानसभा क्षेत्र के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर थानेसर विधायक सुभाष सुधा ने सभी पदाधिकारियों, मंडल प्रमुख, नेताओं व कार्यकताओं के साथ विचार-विमर्श किया। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी के सुझाव लिए गए तथा कार्यकर्ताओं की डयूटियां भी लगाई गई।
विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में हर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में थानेसर विधानसभा क्षेत्र के पन्ना प्रमुखों का एक सम्मेलन 27 अगस्त को थानेसर अनाज मंडी में सायं के समय आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा के सभी नेता और कार्यकर्ता खुब मेहनत कर रहे है।

**लंबी चर्चा की**

**धनखड़ के साथ-साथ भाजपा के प्रदेश के नेता और जिला संगठन के सभी पदाधिकारी भी शिरकत करेंगे**

# आशा वर्करों ने मांगों के समर्थन में सरकार के विरुद्ध सड़कों पर किया रोष प्रदर्शन




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** आशा वर्कर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में महाराणा प्रताप चौक से लेकर एलएनजेपी हॉस्पिटल तक पैदल जबरदस्त रोष मार्च निकाला। आशा वर्कर अपनी मांग मनवाने के लिए 8 अगस्त से पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन कर रही हैं लेकिन सरकार ने अभी तक उनकी बात नहीं सुनी जिसको लेकर आशा वर्करों में सरकार के विरुद्ध जबरदस्त रोष पनप रहा है। इसी संदर्भ में उन्होंने आज सड़कों पर सरकार के विरुद्ध जबरदस्त रोष मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी की। उन्होंने मांग की है कि हमारा वेतनमान चार हजार रुपए से बढ़ाकर 26 हजार रुपए किया जाए । उन्होंने सभी विधायकों से 25 अगस्त से चलने वाले विधानसभा के मानसून सत्र में उनकी आवाज उठाने का आग्रह किया।

**रोष मार्च**

**समर्थन में महाराणा प्रताप चौक से लेकर एलएनजेपी हॉस्पिटल तक पैदल जबरदस्त रोष मार्च निकाला**

# कौशल रोजगार निगम ने 746 उम्मीदवारों को किया शॉर्टलिस्ट

= ईमानदारी व पारदर्शी तरीके से युवाओं को मिल रहे रोजगार के अवसर, मुख्यमंत्री ने उम्मीदवारों को एक क्लिक से भेजे जॉब ऑफर लेटर

**सौगात**

**8 15 दिनों में शॉर्टलिस्ट युवाओं को सेवा में आने का विकल्प देना होगा, पोर्टल से मिला नियुक्ति पत्र**




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदनों को शॉर्टलिस्ट करते हुए 746 उम्मीदवारों को एक क्लिक से जॉब ऑफर लेटर एसएमएस के माध्यम से भेजे। 15 दिनों में शॉर्टलिस्ट युवाओं को सेवा में आने का विकल्प देना होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हरियाणा कौशल रोजगार निगम की बैठक में निगम की कार्यप्रणाली पर भी विस्तार से चर्चा की गई।
मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि एचकेआरएन में विभिन प्रकार के लालच देकर लोगों का काम हो रहा है, यह सरासर गलत है। मुख्यमंत्री ने आम लोगो से आग्रह किया कि एचकेआरएन में किसी भी कार्य के लिए किसी भी तरह के प्रलोभन में न आए, क्योंकि निगम के तहत पूरी ईमानदारी व पारदर्शी तरीके से सुव्यवस्थित प्रक्रिया को अपनाकर ही युवाओं को अनुबंध आधार पर रोजगार के अवसर दिये जा रहे हैं। आज जिन उम्मीदवारों को शॉर्ट लिस्ट किया गया, उनमें लेवल-1 से लेवल-3 तक के पद शामिल हैं। इन पदों में सहायक लाइनमैन के सर्वाधिक 227, ड्राइवर (ईआरवी) के 55, फायरमैन/फायर ड्राइवर के 47, डाटा एंट्री ऑपरेटर के 46, ब्लॉक क्लस्टर कॉर्डिनेटर के 42, ड्राइवर के 40, जेई (सिविल) के 31, स्वीपर के 30, आयुष योग सहायक के 20, लिपिक के 15, लीगल असिस्टेंट के 11, अकाउंट्स क्लर्क के 7 पदों सहित अन्य विभिन्न पद शामिल हैं।
हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के मकरंद पाण्डुरंग ने बताया कि आउटसोर्सिंग पॉलिसी के तहत विभिन्न विभागों में अनुबंध आधार पर रखे कर्मचारियों को ठेकेदारों के शोषण बचाने के लिए मुख्यमंत्री ने एक ही छत के नीचे अनुबंध आधार पर कर्मचारी रखने की पहल करते हुए एचकेआरएन का गठन करवाया है।
अब तक निगम के माध्यम से कई युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए गए हैं, जिनका चयन ईमानदारी व पारदर्शी तरीके से किया गया है।
बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, उप प्रधान सचिव व हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के मकरंद पाण्डुरंग और नागरिक संसाधन विभाग के विशेष सचिव डॉ अदित्या दहिया उपस्थित थे।

## हरियाणा में पक्के होंगे आरोही मॉडल स्कूलों के कच्चे कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में संचालित आरोही माडल स्कूलों में काम करने वाले अनुबंधित व कच्चे शिक्षकों तथा गैर शिक्षक कर्मचारियों को सरकार नियमित करने पर विचार कर रही है। प्रदेश के सैकेंडरी शिक्षा निदेशालय ने मंगलवार को एक पत्र जारी करके सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों व आरोही स्कूलों के प्राचार्यों से इन स्कूलों में कार्यरत स्टाफ का पूरा ब्योरा मुख्यालय मंगवाया है। जानकारी के अनुसार ऐसे सभी शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मचारियों को प्रदेश सरकार नियमित कर सकती है, जिनकी पांच साल की सेवाएं पूर्ण हो चुकी हैं और इस सेवा अवधि के दौरान उनका कार्य गैर विवादित तथा संतोषजनक रहा है। प्रदेश में 2012 से आरोही माडल स्कूल संचालित हैं। राज्य में उनकी संख्या 36 है। इन स्कूलों में संसाधनों का काफी अभाव है, लेकिन फिर भी स्कूलों का परीक्षा परिणाम हर साल काफी शानदार रहता आया है। इन आरोही स्कूलों के परीक्षा परिणाम ने कई सीबीएसई व राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के काफी सरकारी स्कूलों को पीछे छोड़ दिया है। सेकेंडरी शिक्षा निदेशालय की ओर से खंड शिक्षा अधिकारियों व आरोही माडल स्कूलों के प्राचार्यों से कहा गया है कि वे नियमित होने के पात्र शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मचारियों के केस बनाकर निर्धारित प्रोफार्मा के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से मुख्यालय भेजें। इसके बाद सरकार इस बारे में फैसला लेगी।

# केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल पहुंचे संत कबीर कुटीर

= हरियाणा के मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट के दौरान कानूनी सुधारों में प्रगति पर की चर्चा, कानूनी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए औपनिवेशिक युग के कानूनों में संशोधन का कार्य जारी - अर्जुन राम मेघवाल

**संशोधन पर कार्य**

**8 क्रिमिनल प्रोसीजर कोड 1898 इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 मे संशोधन के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**केंद्रीय का**नून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अंग्रेजी हुकूमत की ओर से बनाए गए इंडियन पेनल कोड 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड 1898 और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 मे संशोधन के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। अर्जुन राम मेघवाल हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ शिष्टाचार भेंट के दौरान उपस्थित विभिन्न मंत्रीगण, विधायकगण, उच्च अधिकारियों एवं कानूनी विशेषज्ञों को संबोधित कर रहे थे।
**प्रदेश के समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री के प्रयासों को सराहा:** इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संत कबीर कुटीर में आने पर केन्द्रीय मंत्री का हार्दिक स्वागत किया और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मनोहर लाल के साथ अपने पुराने संबंधों का जिक्र करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने हरियाणा प्रदेश के समग्र विकास के किये जा रहे अभिनव प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की।

## आजादी के अमृत काल में गुलामी का कोई अंश नहीं रहेगा

**उल्लेखनीय** है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार 2019 में इस विचार को रखा था कि अंग्रेजो के समय से बनाए गए तमाम कानून की समीक्षा हो। आजादी के अमृत काल में जो समाज है उसकी हित में वक्त की जरूरत को ध्यान रखते हुए इन कानून में बदलाव हो। अमृत काल के पहले साल मे गुलामी के इन अंशों को मिटाने के लिए केन्द्र सरकार तेजी से इस और बढ रही है और जल्द ही नए सुधारात्मक कानून लागू होंगें। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने उपस्थित उच्च अधिकारियों व कानूनी विशेषज्ञों से इन कानून में संशोधन को लेकर सीधा संवाद भी किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा, राज्य मंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के प्रमुख प्रधान सचिव डी एस ढेसी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल सहित अन्य उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने बताया कि इन गुलामी की निशानी वाले शब्दों को किताबों से हटाना एक कठिन कार्य था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निदेर्शानुसार इस कार्य को करने का संकल्प लिया। अध्ययन के बाद पता चला कि ये कानून आयरिश सिस्टम से जुड़े हैं और इन्हें आज की हालात के अनुकूल बनाया जाना अति आवश्यक है।

# गांवों में बसती है भारत की आत्मा: शिक्षा मंत्री कंवरपाल

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
**देश के विका**स का असली रास्ता गांवों से होकर ही गुजरता है। यह कहना है हरियाणा के कैबिनेट स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का। जगाधरी स्थित अपने कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गांवों के विकास के बिना हम देश के विकास की कल्पना भी नहीं कर सकते। पूर्व की सरकारों ने पश्चिमी सभ्यता के अंधाधुंध अनुसरण को बढ़ावा देते हुए प्रकृति हितैषी ग्रामीण जीवन शैली को नष्ट करने का काम किया है। उन्होंने कहा की भारत की आत्मा



ग्रामीण क्षेत्र में बसती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में विकास परियोजनाएं ग्रामीण आंचल को ध्यान में रख कर बनायी जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की मनोहर सरकार ग्रामीण जीवन शैली के महत्व को समझती है। उन्होंने कहा कि कहा कि पिछले साढ़े आठ सालों में प्रदेश की मनोहर सरकार ने विभिन्न विकास योजनाओं से हरियाणा को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ज्यादा से ज्यादा सरकारी सुविधाओं को ऑनलाइन करके न केवल सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने का काम किया है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को भी सुगम बनाया है उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएं हमेशा से ही गरीब कल्याण के साथ-साथ दूरगामी परिणामों को समर्पित रही हैं।

## देश व प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा: मूलचंद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि नीमका से सदपुरा और सदपुरा से फतुपुरा तक लगभग छः करोड़ रुपये की लागत से आरसीसी रोड दीपावली तक बनकर तैयार हो जाएगा। मूलचंद शर्मा फरीदाबाद के गांव सदपुरा के मंदिर में आरसीसी रोड के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र और फरीदाबाद जिला सहित प्रदेश के अन्य इलाकों में विकास कार्यों के जरिये उन्नति हो रही है।

# डिप्टी सीएम ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिए मूलमंत्र

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**साल 2024** में होने वाले लोकसभा और विधानसभा की चुनाव तैयारियों को लेकर जननायक जनता पार्टी ने अपने सभी प्रकोष्ठों को फील्ड में एक्टिव करना शुरू कर दिया है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला विभिन्न प्रकोष्ठों के नवनियुक्ति पदाधिकारियों से सिलसिलेवार बैठकें कर रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ स्थित जेजेपी प्रदेश कार्यालय पर स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के नवनियुक्त वरिष्ठ पदाधिकारियों व सभी जिलों के संयोजकों के साथ बैठक की और उन्हें संगठन मजबूती बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**कार्यकर्ता मीटिंग**

**8 आगामी निकाय चुनावों पर फोकस करें यूएलबी सेल, शहर में पार्टी के प्रचार को दें गति: दुष्यंत चौटाल**



बैठक में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यूएलबी सेल प्रदेश में होने वाले आगामी निकाय चुनावों पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि वार्डों में जाकर पार्टी की नीतियों और सरकार के कार्यों का प्रचार-प्रसार करें ताकि जन-जन तक पार्टी का प्रचार हो। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि निकाय चुनाव लड़ चुके पूर्व प्रत्याशियों, पूर्व पार्षदों, सामाजिक संस्थाओं और वेलफेयर एसोसिएशन आदि से जुड़े मौजिज लोगों को पार्टी से जोड़े ताकि नए मजबूत साथियों के पार्टी से जुड़ने से शहरी क्षेत्र में संगठन को ज्यादा मजबूती मिले। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पदाधिकारियों को यह भी दिशा-निर्देश दिए कि वे जिला स्तर पर शहरी प्रकोष्ठ का विस्तार करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निकायों में पदाधिकारियों की नियुक्तियां करें। यूएलबी सेल के इन सभी कार्यक्रमों को लेकर प्रकोष्ठ के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष जल्द ही फील्ड में उतरेंगे और प्रदेशभर का दौरा करेंगे। जेजेपी के 15 प्रकोष्ठों में से अब तक आठ प्रकोष्ठ फील्ड में एक्टिव हो चुके है।

## राज्य मानवाधिकार आयोग ने नूंह हिंसा पर मांगी रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**नूंह हिंसक** घटनाओं का संज्ञान लेते हुए हरियाणा राज्य मानवाधिकार आयोग ने जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष दीप भाटिया ने बताया कि 31 जुलाई को नूंह हिंसा के बाद आयोग को कई शिकायतें मिली हैं।
शिकायतकताओं ने प्रशासन तथा अन्य पक्षों पर मानवाधिकारों के हनन का आरोप लगाया है। इन शिकायतों के आधार पर आयोग ने नूंह जिला प्रशासन से रिपोर्ट तलब की है।

# भाजपा के अडानी प्रेम से हरियाणा में पैदा हुआ बिजली संकट: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि उमस व गर्मी की वजह से प्रदेश में बिजली की डिमांड बढ़ रही है, बावजूद इसके तकनीकी कारण बताकर अडानी ने हरियाणा के हिस्से की 600 मेगावाट बिजली सप्लाई और कम कर दी है। भाजपा का अडानी प्रेम प्रदेश के लोगों पर भारी पड़ने लगा है, बिजली संकट को लेकर प्रदेशभर में प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। उधर हरियाणा के हिस्से की बिजली अन्य प्रदेशों को महंगे दाम में बेचकर अडानी मोटा मुनाफा कमा रहा है। भाजपा की अडानी से दोस्ती का खामियाजा प्रदेश की पौने तीन करोड़ जनता को भुगतना पड़ रहा है और सरकार है कि बिजली संकट पर मौन साधे हुए है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की अदूरदर्शिता के कारण खेदड़ बिजली संयंत्र की 600 मेगावाट की एक यूनिट बंद पड़ी है। इधर, अडानी ने समझौते के मुताबिक 600 मेगावाट और बिजली देने से इंकार कर दिया है। इससे पहले 224 मेगावाट बिजली की सप्लाई देने से अडानी पीछे हट चुका है। ऐसे में हरियाणा को मजबूरी में महंगी दरों पर बिजली खरीदनी पड़ रही है।
पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अडानी पावर लिमिटेड के साथ 712-712 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए 7 अगस्त 2008 को दो समझौते किए थे। इसमें 25 वर्षों के लिए 2.94 रुपये प्रति यूनिट बिजली ली जानी थी। एग्रीमेंट के अनुसार अडानी द्वारा हरियाणा को इस रेट में 2033 तक बिजली दी जानी है। लेकिन, प्रधानमंत्री से दोस्ती होने के कारण अडानी ने देश में बिजली की मांग बढ़ने पर हरियाणा को एग्रीमेंट के अनुसार बिजली की सप्लाई सितंबर 2021 में ही बंद कर दी। हरियाणा को अधिकतम 1200 मेगावाट बिजली ही दी गई।

**आरोप**

**8 तकनीकी कारण बताकर अडानी ने हरियाणा को 600 मेगावाट कम बिजली सप्लाई की**



## पंचायतों में विकास कार्यों की सिफारिश कर सकेंगे विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
प्रदेश सरकार ने विधायकों की शक्तियां बढ़ाते हुए उन्हें पंचायती राज संस्थाओं के कराए जाने वाले विकास कार्यों की सिफारिश करने का अधिकार दे दिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला हुआ कि पंचायती राज के दायरे में आने वाले काम विधायकों की सिफारिश पर कराए जा सकेंगे। इन कार्यों के लिए सरकार एकमुश्त ग्रांट दी जाएगी।
हरियाणा सरकार ने पिछले माह हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में फैसला लिया था। जिसके बाद सोमवार की रात इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई।
मंगलवार को प्रदेश के सभी जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों को संबंध में सूचित कर दिया गया।
सरकार ने हरियाणा पंचायती राज नियम-1995 में संशोधन को मंजूरी दी है। अब इन नियमों को हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) नियम 2023 के रूप में जाना जाएगा।
मौजूदा हरियाणा पंचायती राज नियम 1995 में धारा 28ए के साथ धारा 21, 75, 100, 137, 146 और 209 के अंतर्गत ग्राम निधि, समिति निधि और जिला परिषद निधि का लागू होना जोड़ी गई है।

# सरकार एमएमएलपी और सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर कर रही तेजी से कार्य

` हरियाणा में दो स्थानों- अंबाला और हिसार में एमएमएलपी विकसित किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने उद्योग और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को पीएम-कुसुम योजना के तहत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) और सौर ऊर्जा उत्पादन बुनियादी ढांचे की स्थापना हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की सभी औपचारिकताओं को 15 दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।
मुख्य सचिव आज यहां प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के तहत एमएमएलपी और सौर




ऊर्जा उत्पादन बुनियादी ढांचे की स्थापना के संबंध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से एमएमएलपी और सौर ऊर्जा उत्पादन बुनियादी ढांचे की स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के सीईओ प्रकाश गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एनएचएलएमएल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का पूर्ण स्वामित्व

**निर्देश**

**8 एमओयू पर हस्ताक्षर करने की सभी औपचारिकताओं को 15 दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए**

वाला स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) है। एनएचएलएमएल को देशभर में 35 स्थानों पर मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। भारत सरकार की आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) द्वारा अनुमोदित 35 एमएमएलपी साइट में हरियाणा में दो स्थानों- अंबाला और हिसार में एमएमएलपी विकसित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए भी एक एमएमएलपी प्रस्तावित है। इसके लिए एनएचएलएमएल ने हरियाणा सरकार से 100 से 150 एकड़ तक की भूमि को चिह्नित करने का अनुरोध किया है और इस प्रकार की भूमि रेल लाइनों, डीएफसी और राष्ट्रीय राजमार्गों के पास स्थित होनी चाहिए। इसके अलावा, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, औद्योगिक केंद्रों या उत्पादन केंद्रों के निकट होने से एमएमएलपी की व्यावसायिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने की भी सिफारिश की गई।

# श्रम मंत्री ने श्रम विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के श्रम मंत्री अनूप धानक की अध्यक्षता में पंचकूला के पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। श्रम मंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों के साथ वर्तमान बजट घोषणा, मुख्यमंत्री घोषणाओं, हरियाणा श्रमिक दिवस की तैयारियों, विधानसभा सत्र, श्रमिक कल्याण बोर्ड सम्बधित मामलों, कैंटिन की प्रगति रिपोर्ट, स्पेशल पंजीकरण एवं जागरूकता कैम्पों, आदि सहित अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर श्रम विभाग के प्रधान सचिव अनुराग अग्रवाल, श्रम विभाग के आयुक्त मनीराम शर्मा भी उपस्थित थे। धानक ने कहा कि आगामी 17 सितम्बर को चौथे राज्य स्तरीय विश्वकर्मा दिवस को हरियाणा श्रमिक दिवस के रूप में धूमधाम से आयोजित किया। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों के लिए गंभीरता और लगन से कार्य करने की हिदायतें दी और कार्यक्रम को शानदान तरीके से मनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 31 अगस्त की अगली बैठक में उनके द्वारा किए कार्यों के परिणाम नजर आने चाहिए। अनूप धानक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने बताया कि राज्य स्तरीय विश्वकर्मा दिवस पर महिला व पुरुष को श्रम रत्न अवार्ड, 22 पुरुषों को श्रमवीर अवार्ड, 22 महिलाओं को श्रम वीरांगना अवार्ड, राज्य में समर्पण और लगन से कार्य करने वाले श्रमिकों को अवार्ड दिये जाएंगे। बैठक में श्रम विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# अगले माह शुरू होगा वाटिका चौक अंडरपास, यातायात होगा सुगम

**शुरू होगा**

**8 मुख्यमंत्री की ओर से बजट की स्वीकृति के बाद माना जा रहा है कि अगले माह के अंत तक इसे चालू कर दिया जाएगा**





**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम।** राजीव चौक से सोहना के बीच में वाटिका चौक पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से बनाए जा रहे अंडरपास का काम अंतिम चरण में है। इस अंडरपास के शुरू होने के साथ ही दिल्ली-जयपुर और सदर्न पेरिफेरल रोड पर फरीदाबाद से द्वारका एक्सप्रेसवे पर यातायात सुगम हो जाएगा। मुख्यमंत्री की ओर से बजट की स्वीकृति के बाद माना जा रहा है कि अगले माह के अंत तक इसे चालू कर दिया जाएगा। इसका निर्माण पूरा होने के बाद लाल बत्ती पर जाम में फंसने वालों को निजात मिलेगी। इस अंडरपास से सदर्न पेरिफेरल रोड पर फरीदाबाद से द्वारका एक्सप्रेस-वे पर जाने वालों की राह और आसान होगी। दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों की संख्या प्रतिदिन औसतन 40 हजार से अधिक है। इसके निर्माण का जिम्मा एनएचआईए के पास है। निर्माण का पैसा जीएमडीए की ओर से दिया जाना था। जीएमडीए ने पहली किस्त 40 लाख रुपये की दी थी। उसके बाद पैसा न देने से निर्माण की गति धीमी हो गई थी। दो दिन पहले मुख्यमंत्री की ओर से पैसे के भुगतान की प्रशासनिक मंजूरी के बाद माना जा रहा है कि जल्द ही उसकी ओर से पैसे का भुगतान किया जाएगा। 2022 के अक्तूबर में इस प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई थी। जून माह तक पूरा होना था। पैसा न मिलने के कारण इसे समय से पूरा नहीं किया जा सका।

**वाटिका चौक पर लालबत्ती का समय होगा कम :** साइबर सिटी की लाइफ लाइन सड़कों को जोड़ने वाले वाटिका चौक पर रोजाना एक लाख से अधिक लोग गुजरते हैं। दिन में छोटे वाहन तो रात में बड़े वाहन शामिल है। यहां से गुजरने वालों को लाल बत्ती पार करने में दो से तीन बार ग्रीन सिग्नल होने का इंतजार करना पड़ता है। अभी हर ओर से आने वाले वाहनों को दो मिनट की वेंटिग है। अंडरपास चालू होने के बाद यहां पर वेटिंग एक मिनट की हो जाएगी। यहां पर केवल बादशाहपुर की ओर आने जाने वालों की बत्ती होगी। एसीपी ट्रैफिक ईस्ट सुरेश कुमार ने बताया कि वाटिका चौक पर अंडरपास का निर्माण पूरा होने के बाद लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। पुलिस की ओर से वाहनों के दबाव को देखते हुए लाल बत्ती का समय अंडर रास चालू होने के बाद कम किया जाएगा।

**हुडा सेक्टर की नई आबादी को निकलना होता है इस चौक से :** नए गुरुग्राम के निर्माण के बाद हाईराइज भवनों में रहने वालों का निकलना इस चौक से होता है। वाटिका चौक पर एलिवेटेड रोड बनने से 50 प्रतिशत समस्या का समाधान हो गया था। अंडरपास बन जाने के बाद इस चौक की पूरी समस्या समाप्त हो जएगी। राजीव चौक से सोहना के बीच में वाटिका चौक पर बन रहे अंडरपास के निर्माण में जीएमडीए की ओर से पैसा न मिलने के कारण निर्माण गति धीमी हो गई थी। पैसा मिलने के बाद जल्द ही इसे पूरा किया जाएगा।

## स्कूटी के ब्रेक लगने से गिरी महिला, ट्रक के पहिये के नीचे दबी

**साहिबाबाद।** भोपुरा ताहिरपुर रोड पर दोपहर स्कूटी पर पीछे बैठी महिला सड़क पर गिरकर सिलिंडर से भरे ट्रक के पहिये के नीचे दब गई। उसकी मौके पर मौत हो गई जबकि देवर और बच्चा घायल हो गए। पुलिस ने मौके से ट्रक को कब्जे में लिया और चालक की पहचान कर उसे पकड़ लिया। दिल्ली की खुरेजी मार्केट में रहने वाले खलील अहमद सोमवार की पत्नी महिमा देवर मुबारक और बेटे के साथ स्कूटी पर मां के घर मिलने जा रही थी। जैसे ही वह शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में भोपुरा ताहिरपुर रोड पर भगवान दास स्कूल के पास पहुंची तो बायीं ओर से ओवरटेक करने के दौरान चालक ने स्कूटी के ब्रेक लगा दिए, जिससे महिमा उछलकर सड़क पर गिर गई, जबकि मुबारक और बच्चा स्कूटी समेत दूर जा गिरे। महिमा के ऊपर बराबर में चल रहे सिलिंडर से भरे ट्रक का पिछला पहिया चढ़ गया। घटना में महिला की मौके पर मौत हो गई। लोगों की भीड़ जमा होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की। एंबुलेंस की मदद से घायल मुबारक और बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-22-T-2023-24-E3 बीआरएसक्यू रेलवे स्टेशन पर केंद्रीकृत नियंत्रण और कमांड सेंटर (सी–4) के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.109.38 लाख |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 204700.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 13.09.2023, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 13.09.2023 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

2601/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सरहद पार का प्यार: सीमा के बाद अब भारत आई सानिया



**मामला गंभीर**

**8 बांग्लादेश में 14 अप्रैल 2021 को उससे शादी की थी। आरोप है कि सौरभ उसे छोड़कर भारत आ गया**

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा :** पबजी पार्टर सचिन मीणा के प्यार की खातिर सरहद लांघकर पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर के बाद अब एक और प्रेम कहानी सामने आई है। इस प्रेम कहानी का तब खुलासा हुआ जब एक बांग्लादेश की रहने वाली एक महिला एक साल के मासूम बच्चे को लेकर भारत पहुंची। बांग्लादेश की राजधानी ढाका की रहने वाली महिला का नाम सानिया अख्तर है। सानिया अख्तर बांग्लादेश से वीजा लेकर अपने पति सौरभ कांत तिवारी के पास आई है। महिला ने बताया कि तीन साल पहले उसने नोएडा के रहने वाले अपने प्रेमी से प्रेम विवाह किया था। उसने बताया कि नोएडा के सौरव कांत तिवारी से बांग्लादेश में उसकी मुलाकात हुई थी। मुलाकात के बाद दोनों का अफेयर हुआ। इसके बाद दोनों शादी कर ली। इसके बाद सानिया ने एक बेटे को जन्म दिया। बेटा भी एक साल का हो गया है। कुछ समय पहले सौरभ भारत आ गया। उसके बाद वह वापस नहीं गया। आरोप है कि उसका पति यहां किसी दूसरी महिला के साथ रह रहा है। सानिया करीब 10 दिन पहले अब अपने बेटे को लेकर नोएडा पहुंची। उसने खुद ही अपने पति सौरभ तिवारी की तलाश की। सानिया को पता चला कि सौरभ पहले से शादीशुदा था। पीड़ित महिला सानिया ने आरोप लगाया कि उसका पति सौरभ अब उसे अपने साथ नहीं रखना चाहता है, लेकिन वह उसे नहीं छोड़ना चाहती। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बांग्लादेश की महिला सानिया अख्तर सोमवार को बच्चे को लेकर नोएडा के सेक्टर 108 स्थित पुलिस कमिश्नर दफ्तर पहुंची। यहां उसने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। महिला थाने में दी शिकायत में ढाका निवासी महिला ने कहा है कि सौरभ कांत तिवारी ने बांग्लादेश में 14 अप्रैल 2021 को उससे शादी की थी। आरोप है कि सौरभ उसे छोड़कर भारत आ गया। महिला बांग्लादेश से उसका पीछा करते हुए अपने एक साल के बच्चे के साथ नोएडा आ गई। आरोप है कि सौरभ पहले से शादीशुदा था।

## ऑनलाइन व्यवसाय के नाम पर 1.50 करोड़ ठगे

**नोएडा।** वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन व्यापार करने के नाम पर 1.50 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी कर ली गई। मामले में कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सेक्टर-63 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मनोज मिश्रा, अकांक्षा मिश्रा, धीरज, इजाज और निकिता त्रिपाठी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डर नं0:** पी0आर0वाई0जे0-सिग-408-2023-24 **दिनांक:** 21.08.2023

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता / समन्वय / उत्तर मध्य रेलवे / प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 21.09.2023** को **12.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | पी0आर0वाई0जे0-सिग-408-2023-24 |
| कार्य का विवरण | प्रयागराज मंडल के सीनियर डी.एस.टी.ई/अलीगढ़ के कौरारा से चिपियाना सेक्शन में स्थापित Eldyne Thales make MSDAC का वार्षिक व्यापक रखरखाव का अनुबंध। |
| अनुमानित मूल्य (रूपये में) | ₹ 11784320.00 (एक करोड़ सत्रह लाख चौरासी हजार तीन सौ बीस रूपये केवल) |
| निविदा प्रतिभूति / धरोहर राशि (रूपये में) | ₹ 208900.00 |
| कार्य समापन की अवधि | 12 माह |
| निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि | 21.09.2023 |

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप:** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जायेगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जायेगी। **निविदा खुलने का समय, तिथि:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **12.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी। **निविदा की वैधता:** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार:** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **1339/23 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## सीमा ने पीएम मोदी और सीएम योगी को भेजी राखी, लगाए जय श्री राम-भारत जिंदाबाद के नारे



**तैयारियां**

**8 इस बार 30 अगस्त को देश भर में रक्षाबंधन मनाया जाएगा। इसी के चलते सभी तैयारियां शुरू हो गई**

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा :** पाकिस्तानी सीमा हैदर ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ और संघ प्रमुख मोहन भागवत को को राखी भेजी है। इस बार 30 अगस्त को देश भर में रक्षाबंधन मनाया जाएगा। इसी के चलते सभी तैयारियां शुरू हो गईं। वहीं, पाकिस्तान से आईं सीमा हैदर ने भी इस त्योहार को मनाने की तैयारी कर ली है और उन्हें देश के प्रधानमंत्री समेत कई मंत्री व नेताओं की राखी भेजी है। साथ ही उन्होंने जय श्री राम और भारत जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वैसे तो सीमा और सचिन की लव स्टोरी से हर कोई वाकिफ है। जब सीमा सचिन के साथ हिंदुस्तान आई हैं, तब से आए दिन वह चर्चा में बनी रहती हैं। यहां तक कि उनके ऊपर फिल्म भी बनाई जा रही है। हाल ही में सीमा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, सीएम योगी आदित्यनाथ व संघ प्रमुख को राखी भेजने की बात कह रही हैं। इससे पहले सीमा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बच्चे की फोटो पोस्ट की थी। फोटो के साथ एक गाना लगाया गया था, जिसमें कहा गया था वह मौसी बन गई हैं। नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा आई सीमा हैदर का जोर इन दिनों खुद को हिंदू सभ्यता के रंग में दिखाने पर है। उनके हर वीडियो में माथे पर सिंदूर और बिंदी साफ नजर आती है। इसके अलावा वह तुलसी की पूजा करती हुई भी नजर आ चुकी हैं। हरियाली तीज के मौके पर भी सीमा ने हिंदू महिलाओं की तरह हरे रंग की साड़ी पहनी और पूजा अर्चना की। पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा।

## गदर-2 मूवी में सभी कलाकारों का जीटी रोड पर समाजसेवी जय भगवान ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** गदर-2 मूवी में महत्वपूर्ण किरदार निभाने वाले कलाकारों को मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित जुरासिक पार्क में पहुंचने पर युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। इन कलाकारों में खेवड़ा गांव निवासी हाल द्वारका से रोहित चौधरी भी रहा, जिन्होंने गदर-2 में पाकिस्तानी मेजर मलिक के रूप में विलेन की भूमिका निभाई है।आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने फूलमाला उसे स्वागत करते हुए कहा कि गदर-2 मूवी में सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदार को बड़ी बखूबी के साथ निभाया है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**संख्या:** 211-एस/टी.एस./टेन्डर नोटिस/01/2023

**दिनांक:** 21.08.2023

**शुद्धि पत्र - 2**

विषय:- Designing, Manufacturing, Supplying, Installation and Feeld Trail of 1 in 12 Canted Turnout with Thick Web Switch, Weldable CMS Crossing, PSC Sleepers & all Fastenings along with, Lead Rails, Back Driving Assembly complatinble with Indian Railway Standards (IRS) type of point manchine on IR, including all fittings, fastenings, fixtures, stretcher bars etc. as required with complete arrangement, excluding point machines, rodding's & clamp locks' meeting the laid-down requrements i.e. Fuctional Requrements and Specifications issued by RDSO and undertaking the field trials as applicable for three variants of canted turnouts.

(निविदा सख्या 0120232024 निविदा खुलने की तिथि 29.08.2023)

संदर्भः- विज्ञापित निविदा सूचनाः 211-एस/टी.एस. /टेन्डर नोटिस/01/2023 दिनांक 18.05.2023

उपरोक्त **निविदा सख्या 0120232024 खुलने की तिथि 29.08.2023** है, जो प्रशासनिक कारणों से स्थगित की गयी है और **दिनांक 25.09.2023** को खोली जायेगी। **799/23(A)**

North central railways | @CPRONCR

**भारतीय रेल**

**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)**

सं. 2023/आरएस (डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/537 नई दिल्ली, दिनांक 21/08/2023

**निविदा सं. डब्ल्यूटीए–537 के लिए शुद्धि पत्र सं. 1**

**विषय:–डब्ल्यूएपी7/डब्ल्यूएजी9/डब्ल्यूएपी5 के लिए 15 अदद् तीन फेस इलैक्ट्रिक सिमुलेटर और ईएमयू/एमईएमयू हेतु 3 अदद् सिमुलेटर की खरीद के लिए दिनांक 24/08/2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यटीए–537.** विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 24/08/2023 (गुरूवार) से स्थगित कर के 26.09.2023 (मंगलवार) कर दी गई है भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए **http://www.ireps.gov.in** वेबसाइट देखें।

निदेशक, रेल भंडार (एम),
रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
ईमेल – drsm@rb.railnet.gov.in

2598/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण सूचना**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 12057/12058 नई दिल्ली – ऊना हिमाचल – नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस के संचालन मार्ग का विस्तार दौलतपुर चौक तक किया जा रहा है जो निम्न समय–सारणी के अनुसार चलायी जायेंगी:–

| वर्तमान गाड़ी सं. 12057 नई दिल्ली – ऊना हिमाचल जनशताब्दी एक्सप्रेस | | संशोधित गाड़ी सं. 12057 नई दिल्ली – दौलतपुर चौक जनशताब्दी एक्सप्रेस | | ↓स्टेशन↑ | वर्तमान गाड़ी सं. 12058 ऊना हिमाचल – नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस | | संशोधित गाड़ी सं. 12058 दौलतपुर चौक – नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:35 | ---- | 14:35 | नई दिल्ली | 11:45 | ---- | 11:45 | ---- |
| नई दिल्ली से आनन्दपुर साहिब रेलवे स्टेशन के बीच समय में कोई परिवर्तन नहीं है | | | | | | | | |
| 20:50 | 20:55 | 20:50 | 21:05 | नंगल डैम | 05:22 | 05:28 | 05:22 | 05:28 |
| 21:20 | ---- | 21:21 | 21:23 | ऊना हिमाचल | ---- | 05:05 | 05:00 | 05:05 |
| ---- | ---- | 21:48 | 21:50 | अम्ब अंदौरा | ---- | ---- | 04:30 | 04:32 |
| ---- | ---- | 22:15 | ---- | दौलतपुर चौक | ---- | ---- | ---- | 04:15 |

विस्तारित रूट पर सेवा प्रारंभ की तिथियाँ: 12057 नई दिल्ली से प्रतिदिन 25.08.2023 से एवं 12058 दौलतपुर चौक से प्रतिदिन दिनांक 26.08.2023 से।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 • रेलमदद वेबसाइट: www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 | उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ पर हमें फॉलो करें

## क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

### बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज़ फ्लैश

### आप ने समालखा के तीन वार्डों व गांव हथवाला में बिजली आंदोलन को

**पानीपत: आम आदमी** पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ के नेतृत्व में मंगलवार को समालखा शहर के वार्ड 1, 5 व 6 और गांव हथवाला मे आप द्वारा चलाये जा रहे बिजली आंदोलन के तहत जन संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष राकेश चुघ व उनकी टीम ने चौक चौराहों, घरों व दुकानों आदि में जाकर लोगों को बिजली के बिलों को लेकर जानकारी दी गई। राकेश चुघ ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के साथ लगते दिल्ली व पंजाब में लोगों को घरों की बिजली फ्री दी जा रही है और लोगों के बिजली के बिल जीरो आते है। जबकि हरियाणा में सरकार द्वारा सस्ती बिजली खरीद कर लोगों को महंगी बिजली दी जा रही है। इससे एक गरीब व आम परिवार का बिजली का बिल भी हजारों में आता है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली व पंजाब में फ्री बिजली दी जा रही है तो हरियाणा के लोगों को इतनी महंगी बिजली क्यों दी जा रही है। हरियाणा की जनता भी फ्री बिजली पाने की हकदार है। राकेश चुघ ने दावा किया कि हरियाणा में भी आप की सरकार बनने पर लोगों को घरों की फ्री बिजली दी जाएगी। इस अवसर पर विरेंद्र आर्य,सुरेंद्र मांडी, कुलदीप दूहन, पवन गर्ग, गोल्डी चावला, सुनील सहरावत व सोनू गाहल्याण आदि मौजूद रहे।

### फ्लाइंग की टीम ने छापा मारकर दो शराब के उप ठेकों को किया किया

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**मंगलवार को** खरखौदा में सीएम फ्लाइंग की तरफ से छापा मारकर दो शराब के उप ठेकों को सील किया गया हैं। इस दौरान आबाकारी विभाग की टीम भी सीएम फ्लाइंग के साथ मौजूद रही। उक्त ठेके एनएच334बी के करीब संचालित किए जा रहे थे, जोकि नियमों के खिलाफ थे। सीएम फ्लाइंग की तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी पर स्थापित किए गए दो शराब के उप ठेकों पर शील की कार्रवाई की गई है। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी पर गाँव थाना कला की सीमा में एक शराब का ठेका स्थापित था। जोकि राजमार्ग से 10 मीटर के अंदर था। आबकारी अधिनियम के तहत हो रहे उलंघन के चलते इस शराब ठेके को सील कर दिया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी पर ही गांव झरोठ की सीमा में एक शराब का उप ठेका सचालित किया जा रहा था। यह शराब ठेका राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी से मात्र 5 मीटर की दूरी पर था। जबकि नियमों के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग से करीब 220 मीटर की दूरी पर स्थित हो सकता है। जो दोनों उपरोक्त ठेके सीएम फ्लाइंग व आबकारी विभाग द्वारा सील कर दिए गए हैं। आबकारी विभाग से एईटीओ सुलक्षणा व निरीक्षक जयभगवान व मुख्यमंत्री उड़न दस्ता से एसआइ सुनील, एसआइ शेरसिंह, एएसआइ सुभाष, ईएसआइ सतनारायाण द्वारा कार्रवाई की गई।

### तीन साल की बच्ची से अभद्रता करने के दोषी को पांच साल कैद की सजा

**सोनीपत:** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में तीन साल की बच्ची से अभद्रता करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह ने दोषी को पांच साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। की सजा सुनाई है। वहीं अदालत ने जुमार्ना राशि पीड़ित को देने के आदेश दिए गए है। मूलरूप से मध्यप्रदेश निवासी व्यक्ति ने 4 जनवरी को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को बताया था कि वह क्षेत्र में रहकर एक फार्म हाउस पर काम करते थे। उनके साथ ही पंकज नाम का युवक भी काम करता था। 3 जनवरी की शाम को पंकज उनकी तीन साल की बच्ची को लेकर बाथरूम में चला गया था। वहां पर आरोपित ने उसकी बच्ची को निर्वस्त्र कर रखा था। उसने बेटी का मुंह दबा रखा था। इसी दौरान वह बाथरूम में चले गए थे। जिसके बाद आरोपित भाग गया था। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया था। पुलिस ने मामले में 10 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले की जांच अधिकारी एसआई बबली की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित मूलरूप से मध्यप्रदेश के जिला रीवा के गांव देवेरी का रहने वाला पंकज था। वह पीड़ित परिवार के पड़ोस में रहता था। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर दिया था। जहां उसे जेल भेज दिया गया था। अब मामले में सुनवाई के बाद एएसजे सुरुचि अतरेजा सिंह ने पंकज को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को 10 पॉक्सो एक्ट में पांच साल की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माना तथा भादसं की धारा 354 में भी पांच साल की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# मेयर निखिल मदान ने सुभाष चौक पर दुकानदारों से की मुलाकात

## दुकानदारों को उनकी दुकानों का मिलेगा मालिकाना हक : निखिल मदान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बीते दिनों स्थानीय** प्रशासन द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश पर सुभाष चौक पर स्तिथ कस्टोडियन विभाग की 17 दुकानों को तोड़ने का आदेश जारी हुआ था। मंगलवार को मेयर निखिल मदान ने सुभाष चौक पहुँच कर दुकानदारों से मुलाकात की। स्थानीय दुकानदार हरि कौशिक ने बताया की आज सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दुकान तोड़ने की कार्यवाही पर रोक लगा दी गयी है। मेयर निखिल मदान ने बताया कि पिछले 45 वर्षों से दुकान चला कर अपना जीवन यापन कर रहे दुकानदारों की 17 दुकानों को उच्च न्यायालय द्वारा तोड़ने के आदेश दिए जाने पर आज उन्होंने दुकानदारों से मुलाकात कर उनका पक्ष जाना है । साथ ही मौके पर संबंधित तहसीलदार से बात कर दुकानदारों का पक्ष रखा है । आज दुकानदारों को इस मुद्दे पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय से स्टे भी मिल गया है। साथ ही इस मौके पर वो सभी दुकानदारों को भरोसा दिलाते है कि कस्टोडियन विभाग औ? प्रसाशन से बातचीत एवं पत्राचार कर सभी दुकानदारों को उनका मालिकाना हक दिलवाया जाएगा। वर्तमान में सरकार द्वारा किसी भी दुकान या मकान पर 20 वर्षों से अधिक समय से रह रहे लोगों को मालिकाना हक दिए जाने की अधिसूचना भी इस वर्ष जारी की गई है। सभी दस्तावेजों को देख कर व्यापारी भाईयों की कानून सम्मत हर सम्भव मदद की जाएगी औ? उनका हक दिलवाया जाएगा। नगर निगम,कस्टोडियन विभाग और स्थानीय प्रशासन से सामंजस्य बैठाकर सभी पुराने आदेशों और दस्तावेजों को देखकर दुकानदारों को उनका वाजिब हक दिलवाने के लिए वो लगातार प्रयासरत है। इस मौके पर दुकानदार हरी कौशिक ,रणधीर राठी ,महेन्दर सिंह ,अजित ,ईश्वर सिंह,बलविंदर ,आसिफ ,विजय ,कमल ,हवा सिंह और मुकेश मौजूद रहे।

# बिजली समस्या का समाधान कराने में भाजपा नाकाम: नफे सिंह राठी

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**इन दिनों** बहादुरगढ़ शहर की जनता बिजली के अघोषित कटों के चलते परेशानियों का सामना कर रही है। इस उमस भरी भीषण गर्मी में बिजली के अघोषित कट लोगों की समस्याओं को बढ़ा रहे हैं। पिछले काफी समय से यह समस्या विकराल रूप धारण किए हुए है, लेकिन अधिकारियों व भाजपा नेताओं का जनता की समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं है। यह कहना है इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी का। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि एक ओर भाजपा जनता को सभी सुविधाएं देने के बड़े-बड़े दावे करती आ रही है, लेकिन बिजली जैसी मूलभूत सुविधा भी बहादुरगढ़ की जनता को नहीं मिल पा रही है। बिजली के लगने वाले लंबे-लंबे अघोषित कटों के कारण इस भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बिजली के कट लगने का कोई निर्धारित समय निश्चित नहीं है। इन अघोषित कटों के कारण लोगों के रोजमर्रा के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बिजली न रहने के कारण पेयजल की समस्या भी लोगों के सामने आ रही है, क्योंकि जिस दौरान पानी की सप्लाई आती है, उस समय बिजली नहीं होती। इसलिए लोगों को बिजली के साथ-साथ पानी भी सुचारू रूप से नहीं मिल पा रहा है। बिजली व पानी की समस्या के अलावा रात के समय गलियों में अंधेरा छाया रहता है, जिस कारण अपराधिक वारदातें होने का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोगों की समस्याओं को अनदेखा कर केवल अपने खजाने को भरने में लगी हुई है। सरकार के नुमाइंदों का जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है, बल्कि वह सरकार की झूठी तारीफें कर लोगों को बरगला रहे हैं, लेकिन अब जनता जान चुकी है कि भाजपा केवल झूठ व लूट की राजनीति कर रही है।

# बच्चे मन लगाकर पढ़े तभी उन्हें सफलता मिलेगी: विनय गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**लायंस क्लब** पानीपत ग्रेटर द्वारा कुटानी रोड स्थित दलबीर नगर एवं दीनानाथ कॉलोनी में चेतना स्कूलों में पाठ्य पुस्तक एवं लड्डू बांटे गए। लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर विनय गर्ग मुख्य अतिथि रहे जबकि अध्यक्षता लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के प्रधान 'पवन ढींगडा ने की। मुख्य अतिथि विनय गर्ग ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़े तभी उन्हें सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर बच्चों के लिए हर प्रकार की सुविधा देने में पीछे नहीं रहेगा। वहीं प्रधान पवन ढींगडा ने कहा कि बच्चे हमारे समाज की धरोहर हैं इसलिए हमें उनकी पढ़ाई में अधिक से अधिक सहयोग करके उन्हें अच्छा नागरिक बनाना होगा। चेतना परिवार के संस्थापक एवं शिक्षाविद दीपचंद निमोंही ने बताया कि देशभर में एक सौ से अधिक चेतना स्कूल चलाए जा रहे हैं।

# करनाल पुलिस करेगी 48 एसपीओ की नियुक्ति

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पुलिस अधीक्षक** शशांक कुमार सावन के कुशल कार्यकाल में करनाल पुलिस में 48 स्पेशल पुलिस ऑफिसर एक वर्ष के लिए अस्थाई व मानदेय के आधार पर नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए 29 अगस्त को कैथल रोड स्थित नई पुलिस लाइन में चयन प्रक्रिया होगी । इस प्रक्रिया में भारतीय सेवा से सेवानिवृत सैनिक, सीएपीएफ से सेवानिवृत कार्मिक, एचएसआईएफ व एचएपी 2004 में सेवामुक्त किए गए जवानों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन श्रेणियां में से जो भी एसपीओ के पद पर कार्य करने के लिए इच्छुक हैं, वे 29 अगस्त मंगलवार सुबह 8रू बजे नई पुलिस लाइन करनाल में अपने मूल दस्तावेज व उनकी दो-दो सत्यापित प्रतियों के साथ पहुंचे। अभ्यर्थियों की आयु 25 से 50 वर्ष के बीच हो।

# 'नए शस्त्र लाइसेंस के लिए केवल ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन'

**आवेदन**

**8 गन लाइसेंस प्राप्त करने या नवीनीकरण के लिए जारी दिशानिर्देशों व नियमों का अध्ययन करने की सलाह भी दी**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त डॉ० मनोज** कुमार ने बताया कि हथियार का लाइसेंस लेने के इच्छुक लोगों या पुराने का नवीनीकरण करवाने करवाने के लिए पोर्टल पर केवल ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गन लाइसेंस संबंधी आवेदन करने के लिए या / पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
उपायुक्त ने बताया कि सरकार ने आवेदनकर्ता को अपना आवेदन करने से पहले गन लाइसेंस प्राप्त करने या नवीनीकरण के लिए जारी दिशानिर्देशों व नियमों का अध्ययन करने की सलाह भी दी है। आवेदनकर्ता को व्यक्तिगत कैटेगिरी का चयन करना होगा और उसके साथ ही उस जिले का चयन भी करना होगा जिस जिले से वह लाइसेंस जारी करवाना चाहता है। उन्होंने बताया कि आवेदक पोर्टल पर दी जा रही किसी भी सेवा को चुन सकता है, जिसमें व्यक्तिगत हथियार लाइसेंस जारी करना या नवीनीकरण करना, क्षेत्र की वैधता का विस्तार और अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जारी हथियार लाइसेंस का पंजीकरण भी शामिल है। उपायुक्त ने बताया कि यह पोर्टल आवेदक का आवश्यक दस्तावेजों सहित सभी विवरण अपलोड करने के लिए मार्गदर्शन भी करेगा। आवेदक अपने आवेदन की स्थिति को पोर्टल पर ट्रैक भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदक आवेदन में अधूरी या गलत जानकारी देने से बचें। उन्होंने बताया कि नागरिकों को लाइसेंस के लिए आवेदन जमा करने में किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो वे समस्या के समाधान के लिए गृह मंत्रालय की सहायक टीम, ई-मेल या दूरभाष नंबर 011-23070193 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अमृत सरोवरों की साफ-सफाई को लेकर प्रशासन ने कमर कसी



**साफ-सुथरा**

**8 अमृत सरोवर के सौंदर्यकरण व काला आम युद्ध स्मारक को पर्यटन स्थल का रूप देने की तैयारी**

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र** कुमार दहिया व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अवंतिका ने अमृत सरोवर के सौंदर्यकरण व काला आम युद्ध स्मारक को पर्यटन स्थल का रूप प्रदान कर विकसित करने को लेकर जिला सचिवालय में मंगलवार को अधिकारियों की बैठक ली व जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि वे जिले के सभी गांवों को साफ-सुथरा देखना चाहते हैं ताकि शहर के लोग ये कहें कि हमें गांव से सीखना है। उपायुक्त ने बताया कि 31 अगस्त से पहले मत्स्य के लिए पोंड चालू हो जाने चाहिए। उपायुक्त ने सभी खण्ड एवं विकास पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य को शीघ्रता से करें व इसके परिणाम उन्हें अति शीघ्र दिखाई देने चाहिए। जिला खण्ड एवं विकास पंचायत अधिकारी सुमित चौधरी ने उपायुक्त व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी को आश्वासन दिया कि वे इस कार्य के प्रति गंभीर हैं व इस पर अति शीघ्रता से कार्य करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि तालाबों के सौंदर्यकरण में किसी भी प्रकार की संबंधित विभाग के अधिकारी कोताही न बरते। सभी तालाबों को चकाचक करें उनके इर्द-गिर्द किसी भी प्रकार की गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। प्लास्टिक कलैक्शन सैंटर बनाकर कूड़े-कचरे को समाप्त करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य के लिए एक कमेटी के बनाकर काम करने के निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अवंतिका ने बताया कि 20 अमृत सरोवर (+) के तहत तालाबों का सौंदर्यकरण किया जाएगा। उनके साज-सज्जे के लिए सुंदर लाइट लगाई जाएंगी और चलने के लिए साफ सुंदर रास्ते निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अमृत (++) के तहत अमृत सरोवरों के माध्यम से इनकम जनरेट की जाएगी जिसमें डीएफओ और डीडीपीओ तालाबों को एसएचजी को पट्टे पर देंगे। उन्होंने बताया कि एक बड़े प्रोजेक्ट के तहत काला आम युद्ध स्मारक के पास राजा खेड़ी गांव में 14 एकड़ भूमि में तालाब में बोटिंग की सुविधा होगी। इससे जहां लोगों को पर्यटन स्थल का आन्नद मिलेगा वहीं सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी हागी। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, डीडीपीओ सुमित चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी रणसिंह के अलावा मत्स्य विभाग एवं अन्य कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बाल संरक्षण को लेकर महिलाओं व विद्यार्थियों को किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कैलाश सत्यार्थी** चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुँच अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण पर रोक को लेकर वार्ड नं 9 और 10 में जाकर लोगों को जागरूक किया गया। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय ने वार्ड नं 9 में स्थित फुले अंबेडकर पुस्तकलाय में आंगनवाड़ी वर्कर राजरानी व सुमन के सहयोग से महिलाओं को जागरूकता अभियान के बारे में बताया।
फुले अंबेडकर पुस्तकालय संचालक संदीप आदिवाल ने कहा कि यह बहुत सराहनीय कार्य है। इस जागरूकता अभियान को गाँवों व शहरों के हर व्यक्ति, बच्चों व समुदाय के बीच ले जाया जाएगा, ताकि कहीं पर भी बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल यौन शोषण पर रोक लगाई जा सके। हम सभी को मिलकर समाज से इन कुरुतियो को समाप्त करना चाहिए।
आंगनवाड़ी वर्कर राजरानी ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। बाल विवाह से बालिकाओं को अक्सर श्रम, दासता, व्यवसायिक यौन शोषण और हिंसा की स्थिति का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह एक अपराध है। इसलिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक गाँव, शहर, स्कूल, समुदायों के अंदर चलाए जाने चाहिएं। इस मौके पर बाला देवी, सोनिया, सीमा, मुकेश रानी, आरती, माया देवी, छवि, मुस्कान, अरुण व मिलन मौजूद रहे।

# नाबालिग का अपहरण एवं नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण व नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अशीष निवासी जमालपुर उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।
पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
एक व्यक्ति ने गत 25 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी का किसी ने अपहरण कर अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रख लिया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। लड़की को बरामद कर उसका मेडिकल करवाया। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ते व आबकारी विभाग की छापेमारी, सड़क किनारे खुले चार ठेके सील

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय** राजमार्ग मेरठ-झज्जर हाइवें पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ते व आबाकारी विभाग की संयुक्त टीमों ने छापेमारी की। टीमों ने हाइवे से लगते चार शराब के ठेकों को सील कर दिया। जो आबकारी विभाग की नीति के अनुसार नियमों के तहत स्थापित नहीं किए गए थे। विभाग की टीम ने शराब ठेकेदारों को चेतावनी भी दी गई है। अगर भविष्य में ऐसे नियमों की अवेहलना की गई तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी कि मेरठ झज्जर हाईवे पर शराब के ठेके चलाने में नियमों की अनदेखी हो रही है। इसके बाद एसआई सुनील, महावीर, एएसआई राजेश और आबकारी विभाग की टीम ने शराब के ठेकों पर बारी- बारी आबकारी पॉलिसी को लेकर छापेमारी की। यहां जांच करने पर नियमों की अवहेलना होती मिली। पॉलिसी के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र में हाईवे से 220 मीटर की दूरी पर शराब का ठेका होना चाहिए। लेकिन सभी ठेकेदारों ने आबकारी पॉलिसी की अनदेखी की। गांव नसीरपुर मोड़, हरसाना कलां मोड, गांव थाना कलां मोड़ और गांव झरोठ मोड़ पर चार अलग-अलग शराब के ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनके शराब के ठेकों को सील कर दिया गया है। आबाकारी विभाग की तरफ से उक्त ठेकेदारों के स्टॉक की जांच की जा रही है।
सड़क किनारे ठेका खोलने का यह है नियम-
नेशनल हाईवे किनारे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में ठेका खोलने के लिए अलग-अलग नियम है। इसमें शहरी क्षेत्र में हाईवे किनारे ठेके संचालित किए जा सकते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में हाईवे से 220 मीटर दूरी पर ठेका खोलने का प्रावधान है। ऐसे में सभी ठेके 50 मीटर से भी कम दूरी पर चलते मिले। जिसके चलते उन्हें सील कर दिया गया। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने हाईवे किनारे खोले गए ठेकों के खिलाफ आबकारी विभाग की तरफ से की गई कार्रवाई को लेकर भी जानकारी मांग सकती है।

# एचएल सिटी में बनेगा ओलम्पिक साईज का बड़ा स्वीमिंग पूल



**प्रतिभा**

**8 सामान्य संशाधनों में भी हरियाणा में शिवानी कटारिया जैसी प्रतिभावन ओलम्पियन तैराक को तैयार किया**

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**हरियाणा में** तैराकी और तैराकों को प्रोत्साहन देने के लिए शहर की एचएल सिटी में तैराकी का बड़ा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा। इसके लिए कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। भारतीय तैराकी संघ के उपप्रधान, हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव और हरियाणा ओलम्किप संघ के सहसचिव अनिल खत्री ने बताया कि चैम्पियनस एक्वेटिक एकेडमी के साथ मिलकर हरियाणा तैराकी संघ 50 मीटर और 25 मीटर के नए स्वीमिंग पूल का निर्माण करेगा। इसके लिए एचएल सिटी में जगह का चयन हो गया है और जल्द ही इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। अनिल खत्री ने बताया कि ओलम्पिक साईज का नया स्वीमिंग पूल बनने के बाद नेशनल लेवल की प्रतियोगिताएं भी बहादुरगढ़ में करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि तैराकी में हरियाणा की युवा प्रतिभाएं देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। अनिल खत्री ने बताया कि हरियाणा तैराकी संघ के प्रधान सांसद धर्मबीर सिंह की अगुवाई में हरियाणा की तैराकी में निखार आया है। उन्होंने बताया कि अम्बाला में सरकार ने सरकारी स्तर पर बड़ा स्वीमिंग पूल भी बनाया है। उसी तर्ज पर हर जिले में सरकार को भी बड़े स्वीमिंग पूल बनाने चाहिए और तैराकी कोच भी नियुक्त करने चाहिए ताकि तैराकों को तकनीकि तौर पर दक्ष बनाया जा सके। अनिल खत्री ने बताया कि एचएल सिटी में बनने वाले ओलम्पिक साईज के स्वीमिंग पूल के साथ ऑल वैदर स्वीमिंग पूल का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूल का निर्माण होने के बाद यहां देश के प्रसिद्ध तैराकी कोच के साथ विदेशी कोच के जरिए भी तैराकों को तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तैराकी सिर्फ तैराना ही नही होता बल्कि तकनीक में माहिर होकर कम समय में ज्यादा दूरी तय करने में महारथ हासिल करना है। अनिल खत्री ने बताया कि सामान्य संशाधनों में भी हरियाणा में शिवानी कटारिया जैसी प्रतिभावन ओलम्पियन तैराक को तैयार किया है। अनिल खत्री का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्र में तैराकी प्रतिभाएं काफी ज्यादा है और अब उन्ही तैराकी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए काम किया जा रहा है।

# व्यंग्यकार गिरजा कुमार माथुर की जयंती पर खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आर्य बाल** भारती पब्लिक स्कूल में आज संस्कृत और हिन्दी के प्रसिद्ध विद्वान स्वतंत्रता सेनानी कवि और व्यंग्यकार गिरजा कुमार माथुर की जयंती पर खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के प्रबंधक जसवीर ग्वाल्डा रहे। विशिष्ट अतिथि गांव कुटानी के सरपंच सुरेंद्र आर्य व सचिन कोटक रहे। विशेष अतिथि कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक व आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधान रणदीप कादियान ने की। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने सभी का स्वागत किया व उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शास्त्री ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जीव विज्ञान प्रवक्ता रेखा शर्मा, रवी सहोता और आशा अरोड़ा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर खेलो में भाग लेने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।
मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्कृत और हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और व्यंग्यकार गिरजा कुमार माथुर को संस्कृत और हिन्दी के लिए दिये गए उल्लेखनीय सहयोग के लिये हमेशा याद करता रहेगा।

## संपादकीय

# भक्ति धारा के महान कवि - गोस्वामी तुलसीदास

**हिंदी** साहित्य के महान कवि संत तुलसीदास का जन्म संवत 1554 की श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन अभुक्त मूल नक्षत्र में हुआ था। इनके पिता का नाम आत्माराम दुबे व माता का नाम हुलसी था। जन्म के समय तुलसीदास रोए नहीं थे अपितु उनके मुंह से राम शब्द निकला था, जन्म के समय ही उनके मुख में 32 दांत थे। ऐसे अद्भुत बालक को देखकर माता- पिता बहुत चिंतित हो गये । माता अपने बालक को अनिष्ट की आशंका से दासी के साथ ससुराल भेज आयीं और स्वयं चल बसीं। फिर पांच वर्ष की अवस्था तक दासी ने ही उनका पालन पोषण किया तथा उसी पांचवें वर्ष वह भी चल बसीं। अब यह बालक पूरी तरह से अनाथ हो गया। इस अनाथ बालक पर संतश्री नरहरिनन्द जी की दृष्टिपड़ी उन्होने बालक का नाम रामबोला रखा और अयोध्या आकर उसकी शिक्षा दीक्षा की व्यवस्था की। बालक बचपन से ही प्रखर बुद्धि का था। गुरुकुल में उसको हर पाठ बड़ी शीघ्रता से याद हो जाता था। नरहरि जी ने बालक को राममंत्र की दीक्षा दी और रामकथा सुनाई। यहां से बालक रामबोला की दिशा बदल गयी और वे काशी चले गये। वहां पर 15 वर्ष तक वेद वेदांग का अध्ययन किया।कहा जाता है कि विवाह के पश्चात पत्नी के धिक्कारने के बाद वे प्रयाग वापस आ गये और गृहस्थ जीवन का त्याग करके साधु वेश धारण कर लिया। फिर काशी में मानसरोवर के पास उन्हें काकभुशुण्डि जी के दर्शन हुए और वे काशी में ही रामकथा कहने लगे।वहां उन्हे एक दिन एक प्रेत मिला जिसने उन्हें हनुमान जी का पता बताया, हनुमान जी से मिलकर तुलसीदास जी ने उनसे श्री रघुनाथ जी का दर्शन कराने की प्रार्थना की। हनुमान जी ने उनसे कहा कि तुम्हें चित्रकूट में श्री रघुनाथ जी के दर्शन होंगे। तब तुलसीदास चित्रकूट पहुंच गये। एक दिन वे प्रदक्षिणा करने निकले थे कि जहां उन्हें भगवान श्रीराम के दर्शन हुए। संवत 1607 की मौनी अमावस्या बुधवार के दिन उनके सामने भगवान श्री राम प्रकट हुए।उन्होंने बालक रूप में तुलसीदास जी से कहा कि बाबा हमें चंदन दे दो हनुमान जी ने सोचा कि कहीं ये इस बार फिर धोखा न खा जायें। तब हनुमान जी ने तोते के रूप में उन्हें एक दोहा सुनाया-

चित्रकूट के घाट पर भई संतन की भीर। तुलसीदास चंदन घिसे तिलक देत रघुबीर।।

तब भगवान ने अपने हाथ से चंदन लेकर अपने तथा तुलसीदास जी के मस्तक पर लगाया और अंतर्धान हो गये।

संवत 1628 में हनुमान जी की आज्ञा से अयोध्या की ओर चल पड़े। उन दिनों प्रयाग में माघ मेला था। पर्व के छ दिन बाद उन्हें एक वटवृक्ष के नीचे भारद्वाज और याज्ञवल्क्य जी के दर्शन हुए। फिर वह काशी चले आये और एक ब्राह्मण के घर पर निवास किया। वहां उनके अंदर कवित्व शक्ति का स्फुरण हुआ और वे संस्कृत में रचना करने लग गये परंतु दिन में वे जितने पद्य रचते रात्रि में वे सभी लुप्त हो जाते थे। यह घटना प्रतिदिन घट रही थी । आठवें दिन भगवान शंकर ने उन्हें स्वप्न में आदेश दिया कि तुम अपनी भाषा में काव्य रचना करो। तब वे नींद से जाग उठे और उनके समक्ष शिव और पार्वती प्रकट हो गये। शिव जी ने तुलसी से कहा कि, तुम अयोध्या में जाकर रहो और हिंदी में काव्य रचना करो।

# त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन का आगाज

किशन भावनानी

"साथियों बात अगर हम अमेरिका जापान दक्षिण कोरिया के प्रथम त्रिपक्षिय शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त साझा बयान की करें तो, शुक्रवार को अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने एक संयुक्त बयान में चीन केखतरनाक और आक्रामक व्यवहार की निंदा की और भारत-प्रशांत में यथास्थिति को बदलने के किसी भी प्रयास के खिलाफ कड़ा विरोध व्यक्त किया। अमेरिका में आयोजित तीन देशों के बीच पहले त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के बाद, उनके सामूहिक गठबंधन के लिए समर्थन व्यक्त करते हुए द स्पिरिट ऑफ कैंप डेविड शीर्षक से एक संयुक्त बयान जारी किया गया था"



**वैश्विक** स्तरपर आज जिस तरह भारत की उपलब्धियों को सारी दुनियां पहचान रही हैवह हर भारतीय के लिए फक्र वाली बात है, इसपर भी सोने परसुहागा यह है कि अमेरिका जैसा पूर्ण विकसित पूरे विश्व पर राज करने वाला देश प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से भारत के साथ खड़ा है। इससे 1975 के दशक में रिलीज हुई हिंदी फीचर फिल्म शोले का यह गीत, ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, तोड़ेंगे दम मगर तेरा साथ नां छोड़ेंगे, ऐ मेरी जीत तेरी जीत तेरी हार मेरी हार,सुन ऐ मेरे यार,तेरा गम मेरा गम,मेरी जान तेरी जान,ऐसा अपना प्यार, हकीकत में तब्दील होते महसूस किया जा रहा है, जिसका मुख्य कारण अमेरिका का चीन और पाकिस्तान मामले में भारत के प्रति सकारात्मक रुख अपनाना है और भारत के समर्थन में बात करना है। पड़ोसी देश से तो अमेरिका ने कन्नी काट चुका है, अब चीन के प्रति भी उसी के घर में, के विरोधियों की एकजुक्ता कर अपने में मिलाने के लिए सफलता मिलती नजर आ रही है जिसका सटीक उदाहरण शुक्रवार दिनांक 18 अगस्त 2023 को अमेरिका में देखें जिसमें अमेरिका के साथ जापान दक्षिण कोरिया का त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन का सफल आगाज हुआ जो चीन विरोधी नीति पर नकेल कसना माना जा सकता है। वैसे तो यह तीनों देश अनेक वैश्विक मंचों पर शिद्दत से मिल रहे थे परंतु यह प्रथम शिखर सम्मेलन घनिष्ठता की ओर एक बड़ा कदम है, जिससे चीन को टेंशन में आना लाजमी वैसे भी ताइवान और रूस यूक्रेन युद्ध में चीन को अमेरिका से टेंशन ही है। इस त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के बाद द स्पिरिट ऑफ कैंप डेविड शीर्षक से एक संयुक्त बयान जारी कर साझा महत्वाकांक्षा को पूरे डोमेन और इंडो पेसिफिक और उससे आगे एक नई दिशा तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका की मंजिल एक, हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा में अमेरिका जापान व दक्षिण कोरिया का प्रथम शिखर सम्मेलन का सफल आगाज।

साथियों बात अगर हम अमेरिका जापान दक्षिण कोरिया के प्रथम त्रिपक्षिय शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त साझा बयान की करें तो, शुक्रवार को अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने एक संयुक्त बयान में चीन केखतरनाक और आक्रामक व्यवहार की निंदा की और भारत-प्रशांत में यथास्थिति को बदलने के किसी भी प्रयास के खिलाफ कड़ा विरोध व्यक्त किया। अमेरिका में आयोजित तीन देशों के बीच पहले त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के बाद, उनके सामूहिक गठबंधन के लिए समर्थन व्यक्त करते हुए द स्पिरिट ऑफ कैंप डेविड शीर्षक से एक संयुक्त बयान जारी किया गया था। तीनों देशों ने त्रिपक्षीय रूप से सहयोग का विस्तार करने और साझा महत्वाकांक्षा को पूरे डोमेन और इंडो-पैसिफिक और उससे आगे एक नए क्षितिज तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।इसके अतिरिक्त, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया की संयुक्त घोषणा में दक्षिण चीन सागर में गैरकानूनी समुद्री दावों के समर्थन में चीनी कार्रवाइयों पर साझा चिंता व्यक्त की गई, साथ ही भारत में मौजूदा स्थिति को बदलने के उद्देश्य से बीजिंग द्वारा किसी भी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध किया गया। -प्रशांत जल, संयुक्त बयान में तीनों देशों ने दक्षिण चीन सागर में बढ़ रहे गैरकानूनी चीनी कार्रवाई पर साझा चिंता व्यक्त की। इसके साथ ही उन्होंने भारत को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि हम भारत पर चीन के एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध करेंगे।हम अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति प्रतिबद्ध हैं।संयुक्त बयान में तीनों देशों ने कहा कि आर्थिक भागीदारी और समावेशी अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण करना चाहते हैं, जिसमें महिलाओं के साथ-साथ हाशिये पर रहने वाले सभी लोग सफल हो सकें। हम अपने देश के युवाओं और छात्रों के साथ संबंधों को मजबूत करेंगे। त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन हमारे नए संबंधों को दशार्ता है। हमारे त्रिपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। हम तीनों ही देश हमारे समय की सभी बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम निडर हैं। हमें विश्वास है कि जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका हम बड़ी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सभी लोगों, क्षेत्र और दुनिया की सुरक्षा और समृद्धि मायने रखती है। संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि हम अपनी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत, लचीला और समृद्ध करने के लिए प्रयास करेंगे। स्वतंत्र और खुली अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं का समर्थन करेंगे। हमारे लिए क्षेत्रीय और वैश्विक शांति सर्वोपरी है। हम लोकतंत्र और मानवाधिकारों की रक्षा को मजबूत करके अपने त्रिपक्षीय सुरक्षा सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। साथियों बात अगर हम इस प्रथम त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन से चीन में टेंशन की करें तो, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान तीनों देशों ने कहा है कि वो चीन के विस्तारवादी रवैये को चुनौती देंगे। हर साल त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास किया जाएगा। बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस पर काम होगा और हिंद-प्रशांतको लेकर एक दूसरे से लगातार जानकारियां साझी की जाएंगी। चीन के लिए सबसे बड़ी चिंता अब ये हो गई है कि उसकी हर हरकत पर ना सिर्फ नजर रखी जाएगी, बल्कि जवाबी कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा मिसाइल डिफेंस सिस्टम को लेकर भी चीन परेशान है। वैसे तो तीनों देश अलग अलग मंचों पर मिलते रहते हैं, लेकिन इस बार तीनों देशों की मुलाकात एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के तौर पर हुई। दरअसल, बैठक में चीन से निपटने पर बात हुई है। इस मुलाकात को काफी महत्वपूर्ण करार दिया गया है। इसकी प्रमुख वजह ये है कि जापान और दक्षिण कोरिया के रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं, इसमें दोनों का इतिहास भी शामिल है। एक वक्त कोरियाई प्रायद्वीप पर जापान का कब्जा था। इस दौरान कोरियाई लोगों को तरह-तरह की यातनाएं दी गईं, फिर जब दक्षिण कोरिया एक आजाद मुल्क बना, तो भी जापान के साथ उसके रिश्ते तल्ख रहे हैं। लेकिन चीन के मुद्दे पर दोनों देश साथ ही रहे हैं। जापान और चीन के बीच दक्षिण चीन सागर में कई द्वीपों को लेकर विवाद है।चीन की नौसेना की सैन्य गतिविधियों से जापान हमेशा ही परेशान रहा है। ऊपर से चीन की तरफ से उत्तर कोरिया को मिसाइल तैयार करने के लिए मदद भी मिलती है। इन मिसाइलों को जापान की ओर ही आए दिन दागा जाता रहा है। दक्षिण कोरिया भी कहीं न कहीं चीन की इन्हीं हरकतों से परेशान है। चीन ने कई बार दक्षिण कोरिया को डराने का काम भी किया है। कुल मिलाकर दोनों देशों के रिश्ते चीन के साथ बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं। 2017 में अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने टर्मिनल हाई एल्टिट्यूड एरिया डिफेंस (टीएचएडी) मिसाइल डिफेंस सिस्टम को तैयार करने का प्लान किया था, मगर चीन ने नाराज होकर दक्षिण कोरिया पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। चीन ने दक्षिण कोरिया में ग्रुप टूर पर प्रतिबंध लगा दिया और चीन में के-पॉप म्यूजिक कॉन्सर्ट और के-ड्रामा की ब्रॉडकास्टिंग पर रोक लगा दी। इससे दक्षिण कोरिया को 24 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। हालांकि, अब फिर से दक्षिण कोरिया मिसाइल डिफेंस सिस्टम लगाने वाला है।

साथियों बात अगर हम इस प्रथम त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन से अमेरिका की रणनीति की करें तो, गौरतलब है कि अमेरिका लंबे समय से इस प्रयास में है कि दक्षिण कोरिया और जापान की कोशिशों को एक सतत साझेदारी का रूप दिया जाए।

## कविता

### प्रभु, अमित तुम्हारे उपकार

प्रभु, अमित तुम्हारे उपकार।
पर झुका ना पाया शीश
जब भी आए इतनी समीप
जता ना पाया अनंत आभार।

क्षमा कर दो तुम मेरे
सभी किए अपराध
दोष भी मेरे हजार
पर तुम हो बहुत उदार।

अब क्षिण हो रही आस
बढ़ रही है प्रभु प्यास
करने को तुम्हारी अरदास
कैसे तुम्हारे मैं आऊं पास।

सुन ना पाते श्रवण
देख ना पाते नयन
पथ भी कितने सुगम
पर बढ़ ना पाते चरण।

पल पल याद आते आज
पर पुकारने में तुम्हें
आती है मुझे शर्म,लाज
ना हो पता मुझसे कोई काज।

संजीव

# क्रांतिकारी कन्हाई लाल दत्त

**प्रमोद दीक्षित मलय**

"**आप** रोते क्यों हैं। जिस देश में ऐसे वीर पैदा होते हैं वह देश धन्य है। मरेंगे तो सभी, अमर होकर कौन आया है यहां पर आपके भाई जैसा भाग्यवान विरले ही होते हैं।" जेलर के ये वाक्य सुनकर कैदी का शव लेने आये भाई ने सिर उठाकर आश्चर्य से जेलर की ओर देखा तो देखता ही रह गया क्योंकि जेलर की आंखों से अश्रु धारा बह रही थी मानो उसके हृदय की पीर-वेदना आंखों के रास्ते निकल श्रद्धा निवेदित कर रही हो। यह दृश्य है कलकत्ता के अलीपुर कारागार में फांसी पर चढ़ाए गये क्रांतिकारी कन्हाई लाल दत्त के शव को उनके परिवारजनों को सौंपते समय का। कन्हाई लाल दत्त वही क्रांतिकारी है जिसने सरकारी गवाह बन गये अपने दल के ही साथी नरेन्द्र नाथ गोस्वामी (नरेन गोसाईं) को जेल परिसर में पुलिस सुरक्षा भेदकर गोलियों से भून दिया था। पर ऐसे महनीय वीर की स्मृति को देश संजो न सका।

कन्हाई लाल दत्त का जन्म कोलकाता के निकट हुबली जनपद अंतर्गत फ्रांसीसी उपनिवेश चंद्रनगर (अब चंदन नगर) मामा के घर में जन्माष्टमी की रात को 30 अगस्त, 1888 को हुआ था। कौन जानता था कि जन्माष्टमी की मध्य रात्रि को पैदा हुआ यह बालक श्रीकृष्ण की भांति ही आतताईयों का संहार कर आमजन के कष्टों का निवारण करेगा। ब्रिटिश सरकारी सेवा में कार्यरत पिता चुन्नीलाल दत्त शिशु के रूप में पुत्र रत्न पाकर हर्षित हुए। लेकिन उन्होंने यह कल्पना भी नहीं की होगी यह बालक उनका और उनके कुल-परिवार का नाम इतिहास के पृष्ठों पर स्वर्णाक्षरों में अंकित करा देगा कि कालचक्र भी मिटा न सकेगा। 4 वर्ष की अवस्था होने पर कन्हाई को पिता अपने साथ बम्बई ले गए जहां आर्य शिक्षा सोसायटी में शुरूआती शिक्षा संपन्न हुई। लेकिन बालक का मन बम्बई में नहीं रमा और वह 9 वर्ष की उम्र होने पर चंद्रनगर वापस लौट आए और यहीं पर उनकी आगे की शिक्षा का आरंभ हुआ। कोलकाता विश्वविद्यालय अंतर्गत स्थानीय कॉलेज से स्नातक करने हेतु प्रवेश लिया। कॉलेज में कन्हाई का संपर्क एक प्राध्यापक चारुचंद्र राय से हुआ जो युगांतर से जुड़कर किशोर एवं नवयुवकों में राष्ट्रभक्ति, देश प्रेम और तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों के बारे में संवाद करते थे। कन्हाई को अपने प्रिय शिक्षक का साथ अच्छा लगता इसी समय चंद्रनगर से प्रकाशित पत्र 'संध्या' के संपादक ब्रह्म बांधव उपाध्याय से भी मिलना हुआ जिनसे वह प्रभावित हुए और अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध हृदय में सुलग रही अग्नि तीव्रतर होती गई। स्नातक अंतिम वर्ष आते-आते वह समवय साथियों के बीच एक नेतृत्वकर्ता की भांति उभर चुके थे और युवकों को अंग्रेज सरकार के विरुद्ध संघर्ष हेतु प्रेरित करते। स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा पूर्ण करने के बावजूद अंग्रेज उच्चाधिकारियों के आदेश पर विश्वविद्यालय द्वारा कन्हाई की डिग्री देने पर रोक लगा दी गई।

## विचार

# विक्रम की सफल लैंडिंग का स्वागत करें

**डा. मनमोहन प्रकाश**

**भारत** के सभी नागरिकों के लिए दिनांक 23.8.2023 बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन हमारा अपना चन्द्रयान का लैंडर विक्रम चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला है। इस मिशन की सफलता इसलिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि अभी हाल ही में रूस का इसी ध्रुव पर अपने चन्द्र यान को उतारने का सपना असफल हुआ है। इस मिशन के महत्व का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि आज विश्व के प्रमुख देश जैसे चीन, फ्रांस, अमेरिका,रूस, यूरोपीयन देशों के वैज्ञानिक इस मिशन पर निगाहें जमा कर बैठे हैं और इसकी सफलता की पल पल की रिपोर्ट ले रहे हैं। अतः सभी भारतीयों को ईश्वर से इस मिशन की सफलता की कामना करना चाहिए कि वे भारत के चन्द्रयान -3 की आंशिक सफलता को पूर्ण सफलता मे बदल दें अथार्त विक्रम लैंडर अपने सफल लैंडिंग के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर सके और भारत को इतिहास रचने का अवसर प्रदान करे। भारतीय सनातन संस्कृति में चन्द्रमा को हमेशा से शीतलता प्रदान करने वाला देवता माना जाता रहा है,आज भी मानते हैं और संभव है कि आगे भी मानते रहें।हमारी संस्कृति में देवता उसे माना जाता है जिसका स्वभाव देना हो , लेना नहीं। इस दृष्टि से भविष्य में चन्द्रमा का देवत्व का दायरा और बढ़ने वाला है क्योंकि ऐसा अनुमान है कि भविष्य में जीवन बसाने के लिए यहां भूमि हवा-पानी उपलब्ध हो सकता है, विकास यात्रा को गति देने के लिए बहुमूल्य खनिज मिल सकता है।इन सबसे भी महत्वपूर्ण यह है कि हमारे वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ेगा, हमारे वैज्ञानिकों द्वारा निर्धारित अन्य मिशन जैसे सूर्य मिशन,शुक्र मिशन,मंगल मिशन , अंतरिक्ष में मानव को भेजने का मिशन की सफलता की संभावनाएं बढ़ जायेंगी। एक प्रश्न दबी जुबान से यदा कदा उठता रहता है कि क्या भारत जैसे विकासशील देश को गरीबी भुखमरी को पूरी तरह से समाप्त किये बिना, विकसित राष्ट्र बने बिना इस तरह के मिशनों को प्राथमिकता देनी चाहिए? मेरी दृष्टि में ही क्यों समस्त भारतीयों की दृष्टि में भारत को इस तरह के मिशनों को निरंतरता प्रदान करनी चाहिए। क्योंकि इस तरह के मिशनों की सफलता हमारे देश को विश्व में गौरव और सम्मान प्रदान कराती है, हमारे वैज्ञानिकों के मनोबल को बढ़ाती है और नवीन सोच और ऊर्जा के साथ नयी-नयी खोज करने के लिए प्रेरित करती है,स्वदेशी तकनीक के प्रति आत्मविश्वास जाग्रत करती है, युवाओं में वैज्ञानिक बनने की ललक पैदा करती है । मेरा मानना है कि यदि हम आने वाले वर्षों में युवाओं को वैज्ञानिक बनने के लिए आकर्षित कर सके, जैसा कि इस मिशन की सफलता के बाद होना तय है तो हम न सिर्फ देश की कई समास्याओं का विज्ञान सम्मत समाधान खोजने में सफल होंगे अपितु हमे विकास के लिए विदेशी तकनीकी का इंतजार नहीं करना होगा, हमारे पास अपनी स्वयं की भारतीय तकनीकी होगी, प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की रफ्तार भी तेज होगी और फिर भारत का पुनः विश्वगुरु बनना तय है, शीध्र ही विकसित राष्ट्र बनना सुनिश्चित है। भारत अब बदल रहा है, असफलता से वह घबराता नहीं अपितु उससे सीख कर, गलतियों को सुधार कर बिना समय गंवाए आगे बढ़ता है।

अब नेक इरादे के साथ चलने में और लक्ष्य को प्राप्त करने में भारत के पैर कभी डगमगाते नहीं है ना ही इस तरह के मिशनों को पूरा करने के लिए वैज्ञानिकों के पास धन की कमी आती है। अतः अंत में मैं यही सभी भारतीयों से निवेदन करना चाहूंगा कि हम सब अपने अपने इष्टों से विक्रम लैंडर की चांद पर सफल लैंडिंग के लिए प्रार्थना करें। जय भारत,जय विज्ञान।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अगला राजा कौन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**राजा की** सफेद दाढ़ी अब डाई करने के बाद भी काला पड़ने का नाम नहीं ले रही थी। ऊपर से रह-रहकर बुखार आता था। खाँसने की बीमारी अलग। राजवैद्य ने राजा को समझाया कि अब आप रैलियों में ज्यादा भाग मत लिया करें। इससे आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। हो सके तो अपना उत्तराधिकारी ढूँढ़ लीजिए और अपना राज-काज उसे सौंप दीजिए। राजा अपने चिर-परिचित अंदाज में भाइयो और बहनो! कहते भाषण देने के लिए तैयार हुए ही थे कि राजवैद्य ने उनके हाव-भाव को भाँप लिया। ऐसा करने से उन्हें रोक दिया और कहा कि यहाँ भाइयो और बहनो! जैसे कोई जीव नहीं है। इसलिए यह सब छोड़िए और अपने राजपाट के उत्तराधिकारी के बारे में सोचिए। राजा लंबी सोच में पड़ गए। आखिरकार उन्होंने तीनों उत्तराधिकारियों योगी, भोगी और ढोंगी को अपने पास बुलाया। कहा - अब मैं बूढ़ा हो चला हूँ। राजपाट छोड़ने का मन तो नहीं कर रहा है, किंतु समय के सामने किस का जोर चलता है। इसलिए निर्णय किया है कि अपना राजपाट तुम तीनों में से किसी एक को सौंप दूँ। चूँकि मैं इतना बड़ा राजपाट यूँ ही किसी को नहीं दे सकता इसलिए एक परीक्षा रखना चाहता हूँ। इस परीक्षा में जो सफल होगा उसी को राजपाट सौंप दिया जाएगा। तीनों मान गए। राजा ने तीनों को एक-एक हजार दिए। कहा- महल के पीछे एक छोटा सा कमरा है। कमरा खाली है। इसलिए हजार रुपए से ऐसी चीज खरीदो कि कमरा भर जाए। तीनों राजकुमारों को पिता की बात अच्छी लगी। तीनों बाजार गए। योगी ने हजार रुपए से मिट्टी खरीदी। उसे कमरे में फेंकवा दिया। किंतु मिट्टी कमरे के एक कोने भर को भरने के लिए पर्याप्त हुई। राजा काफी निराश हुए। उन्होंने योगी से कहा खुदाई कर-कर के तुम्हारे दिमाग में मिट्टी भर गई है। तुम मेरे उत्तराधिकारी कतई नहीं बन सकते। अब दूसरे की बारी थी। राजा ने भोगी को बुलाया और उसके हाथ में हजार रुपए थमाते हुए कहा- जाओ बाजार से ऐसी चीज खरीद लाओ जो कमरे को पूरी तरह से भर दे। भोगी आकार में मोटा था। उसके पास पेट के सिवाय कुछ नहीं था।

# नैतिक शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है

**विजय गर्ग**

**आज** सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं। हालाँकि इनसे कुछ सुधार भी हुए हैं लेकिन इसके बावजूद भी कई समस्याएँ आज भी शिक्षाविदों के लिए समस्या बनी हुई हैं। विद्यार्थियों का दिन-प्रतिदिन गिरता नैतिक स्तर भी प्रमुख समस्याओं में से एक है। नैतिक शिक्षा सक्षम बनाती है विद्यार्थियों द्वारा अनुशासन भंग करना, शिक्षक की अवज्ञा, अच्छे व्यवहार का अभाव आम बात हो गयी है। इससे वे जहां पढ़ाते हैंशिक्षकों को तो समस्याओं का सामना करना ही पड़ रहा है, साथ ही ये छात्र विभिन्न सामाजिक समस्याओं का कारण भी बन रहे हैं। नैतिक शिक्षा न केवल विद्यार्थी को एक अच्छा व्यक्तित्व बनाती है बल्कि उसे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने में भी सक्षम बनाती है। समाज को अच्छे लोगों की जरूरत है इसमें कोई शक नहीं कि आज देश को अच्छे डॉक्टरों, इंजीनियरों, प्रोफेसरों, नेताओं, शिक्षकों और लेखकों की जरूरत है लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सबसे पहले समाज को अच्छे लोगों की जरूरत है।. एक अच्छे इंसान का अर्थ है वह व्यक्ति जो परिवार, समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझता हो, जिसके मन में सभी के लिए दया हो, जो दूसरों की मदद करने को तैयार हो, जिसमें त्याग की भावना हो, जो विरासत और संस्कृति से जुड़ा हो। अच्छा इंसान क्योंकि ऐसा इंसान ही समाज को सही मार्गदर्शन दे सकता है। बुरे परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं इतिहास पर नजर डालें तो छात्रों को धार्मिक शिक्षा, सैन्य शिक्षा और सामाजिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा को भी पूरी प्राथमिकता दी जाती थी लेकिन आजकल टेक्नोलॉजीप्रगति के साथ हम तकनीकी शिक्षा और किताबी शिक्षा में इतने व्यस्त हो गए हैं कि नैतिक शिक्षा के महत्व को भूलते जा रहे हैं। इसलिए हमें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं और युवा वर्ग बुरी संगति का शिकार हो रहा है। एक अच्छे समाज के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम आज के समाज की कई समस्याओं का कारण नैतिक शिक्षा का अभाव है क्योंकि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता महसूस नहीं की जा रही है।

# बतौरा में सरकार ने शुरू किया ग्राम दर्शन पोर्टल

## पूरे हरियाणा और हरेक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए काम किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भाजपा** जिला प्रधान राजेश बतौरा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते पूरे हरियाणा और हरेक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए काम किया है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए पारदर्शी शासन दिया है। गांव बतौरा में ग्रामीणों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रधान ने ग्रामवासियों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों/योजनाओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर जिला परिषद चैयरमेन राजेश कुमार लाडी भी मौजूद रहे। जिला प्रधान राजेश बतोरा ने कहा कि हरियाणा



सरकार ने जलभराव एवं बाढ़ से प्रभावित नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान के सत्यापन, मूल्यांकन और उसके मुआवजे के लिए ई -क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दावे अपलोड करने के तारीख बढ़ाकर 25 अगस्त कर दी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जल भराव एवं बाढ़ 2023 के प्रभावित किसानों व नागरिकों को राहत प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से पोर्टल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के दर्शन के अनुरूप प्रदेश के सभी परिवारों का पहचान पत्र बनाया गया है, जिससे पात्र परिवारों की पहचान कर योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के परिवार पहचान पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि है, वे सीएसी सैंटर में जाकर इसे ठीक करवा कर सरकार की स्कीमों का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि प्रशासन में मानव हस्तक्षेप को न्यूनतम करने के लिए आई.टी. का बड़े पैमाने पर प्रयोग किया गया है। पहले व्यवस्था पारदर्शी नहीं होने के कारण बिचौलिया तंत्र मजबूत हो गया था, जिसके कारण पात्र अपने अधिकार से वंचित हो जाता था। लेकिन आज हर सरकारी योजना के पारदर्शी तरीके से लागू किए जाने से घर बैठे गरीब की बेटी की शादी का शगुन, बुजुर्ग, विधवा व दिव्यांगों की पेंशन, बी.पी.एल. कार्ड, चिरायु कार्ड का लाभ कम्प्यूटर की एक क्लिक से सीधे पात्र के खाते में जाता है। इस साल को सरकार द्वारा ह्यअन्त्योदय आरोग्य वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए तकरीबन 85 लाख आयुष्मान भारत-चिरायु कार्ड घर बैठे ही बनाए गए हैं। निरोगी हरियाणा योजना में लगभग 25 लाख गरीबों के स्वास्थ्य की जांच की है। ह्यहर घर नल से जल कार्यक्रम में 13 लाख घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाया है।

**पेयजल**

» लगभग 25 लाख गरीबों के स्वास्थ्य की जांच की है। ह्यहर घर नल से जल कार्यक्रम में 13 लाख घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाया है

## न्यूज फ्लैश

### जिला परिषद की सामान्य बैठक बुधवार को: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त डॉ.** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को जिला परिषद की सामान्य बैठक जिला सचिवालय में द्वितीय तल पर स्थित सभागार में होगी जिसमें छः सूत्रीय जनहित एजेंडे को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। उपायुक्त ने बताया कि इस छः सूत्रीय एजेंडे में पिछली सामान्य बैठक की कार्यवाही पुष्टिद, राज्य वित्त आयोग वित्त वर्ष 2022-23 के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों की नवीनतम प्रगति एवं प्रशासनिक स्वीकृति उपरान्त खर्च राशियों की अदायगी प्रगति बारे विचार-विमर्श किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में 15वें वित्त आयोग की ग्रांटों में वित्त वर्ष 2021-22 में प्राप्त ग्रांटों की द्वितीय किश्त वित्त वर्ष 2022-23 में प्राप्त ग्रांटों की प्रथम किश्त के विरूद्ध कार्य स्वीकृत करने बारे तथा वित्त वर्ष 2023-24 की प्लान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रदर्शित राशि के विरूद्ध बनाने बारे विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में परियोजनाओं की सूची अनुसार पंचायती राज संस्थाओं की कार्यात्मक जिम्मेदारी की शत प्रतिशत पालना करना सुनिश्चित करने बारे विचार-विमर्श होगा। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में डीआरडीए के अधीन संचालित अन्य योजनाओं की प्रगति एवं वित्त वर्ष 2023-24 हेतू आागमी प्लान मे भागीदारी हेतू विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में अन्य एजेंडे भी मौके पर प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों व जिला परिषद के सदस्यों को निर्देश दिए कि वे समय पर बैठक में पहुंचे।

### किसान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का उठाएं लाभ: रवि बाठला



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जिला मत्स्य** अधिकारी रवि बाठला ने कहा कि मत्स्य विभाग हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंर्तगत विभिन्न मदो में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों तथा महिलाओं को 60 प्रतिशत तथा सामान्य जाति के लाभार्थियों को 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस स्कीम के अंतर्गत विभिन्न मदो में अनुदान प्राप्त किया जा सकता है जैसा कि नये तालाब की खुदाई, खादखुराक, आरएएस बायोफलोक, सजावटी मछली पालन ईकाई, मछली बेचने की दुकान, रंगीन मछली की दुकान, मछली बेचने हेतू, साईकल तथा अन्य मद जो भी स्कीम के अंतर्गत है। इसके अतिरिक्त सोलर सिस्टम लगाने हेतू कुल परियोजना लागत 4.00 लाख प्रति 10 किलोवाट का 50 प्रतिशत अनुदान, तालाबों पर ऐरियेटर लगाने हेतू 50 प्रतिशत अनुदान या 20000/- प्रति ऐरियेटर जो भी कम हो। ऐरियेटर लगाने से तालाबो में आक्सीजन की मात्रा बढती है तथा मछली के मरने का जोखिम कम होता है तथा मछली की बढौतरी अधिक होती है। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग इस स्कीम के अंर्तगत वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन आंमत्रित करता है। आवेदन के लिए परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता तथा जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य है। अधिक जानकारी हेतू जिला मत्स्य अधिकारी अम्बाला के कार्यालय विकास विहार, अम्बाला शहर में किसी भी कार्य दिवस मे सम्पर्क कर सकते है। अनुदान पहले आओ पहले पाओ तथा बजट की उपलब्धलता अनुसार दिया जायेगा।

### प्राचीन परंपरा अनुसार टिल्ला मंदिर में ध्वजारोहण समारोह 30 अगस्त को

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) शहर** के रामनगर स्थित टिल्ला मंदिर में प्राचीन समय से गद्दी टिल्ला श्री गुरु गोरखनाथ मन्दिर में एक वर्ष में दो बार मंदिर के 108 फुट ऊंचे शिखर पर धर्म ध्वजा फहराने की परम्परा चली आ रही है। गद्दी नशीनपीर पारसनाथ जी ने बताया कि सावन पूर्णिमा के दिन सफेद रंग की सिद्ध लछमन यति बाल नाथ जी की धर्म ध्वजा लहराई जाती है तथा महाशिवरात्रि पर्व से 15 दिन पहले माघ पूर्णिमा वाले दिन भगवा रंग की श्री नाथ की धर्म ध्वजा फहराई जाती है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी 30 अगस्त 2023 दिन बुधवार को सावन पूर्णिमा पर प्रातः 10 बजे सफेद रंग का ध्वजा रोहण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि ध्वजा लहराने से पूर्व उसका पूजन प्रातः 8 बजे वैदिक मंत्रों से किया जाएगा तत्पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा।

# दिव्यांगों को राजकुमार शर्मा फाउंडेशन ने वितरित की व्हीलचेयर



**टीम एक्शन इंडिया/राई जखोली** गांव में समाजसेवी संस्था राजकुमार शर्मा फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित की गई । संस्था के पदाधिकारी समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा ने व्हीलचेयर वितरण के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था गरीब वर्ग के उत्थान के लिए राई हल्के में विभिन्न समाज सेवा के कार्य कर समाज सेवा कर रही है । संस्था ने गांव के मिथिलेश चौहान व बनारसी की मांग पर उन्हें व्हीलचेयर दी है । इस अवसर पर विनोद चौहान, राधे मास्टर, विकास चौहान, यशपाल चौहान, कौशल्या चौहान, इंद्रपाल चौहान, धर्मबीर चौहान आदी मौजूद थे।

# शहीद मेजर अमित अहूजा की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भारत** विकास परिषद् महर्षि दयानंद शाखा द्वारा अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में शहर के सैक्टर 7 में शहीद मेजर अमित आहूजा पार्क में प्रातः काल के समय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया और शहीद मेजर अमित आहूजा की याद में अंबाला शहर में रक्तदान शिवर का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर आहूजा परिवार के बड़े सुपुत्र व परिषद् सदस्य अतुल आहूजा ने अपने अनुज को याद करते हुए बताया कि 22 अगस्त 2001 को जम्मू कश्मीर के गुरेज सैक्टर में अम्बाला के



सपूत मेजर अमित आहूजा शहीद हो गए थे। परिषद् परिवार द्वारा हर वर्ष इस दिवस पर उनकी शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। इस अवसर पर आहूजा परिवार द्वारा अपने वार्ड में सफाई कर्मियों के हाथों पर छालों को देखते हुए उन्हें दस्ताने भेंट किए व निवेदन किया कि वे ड्यूटी के दौरान यह दस्ताने अवश्य पहने। प्राचार्या प्रोफेसर नीलम बतरा और वाइस प्रिंसिपल प्रोफेसर राजीव महाजन ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया।
अतुल अहूजा, संगीता आहूजा, डॉ आर एस परमार, डॉ गरिमा सुमरान, राकेश मक्कड़, डॉक्टर जे एस सिद्धू, ललित सचदेवा और राजेंद्र गर्ग ने शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। शहीद अमित आहूजा के भाई अतुल आहूजा ने 68 वीं बार रक्तदान किया।
उन्होंने आग्रह किया कि इस रक्तदान शिविर को हर वर्ष इसी भांति सुचारू रखा जाए।
एनएसएस वॉलिंटियर्स, एनसीसी कैडेट्स के अतिरिक्त महाविद्यालय से डॉक्टर आर एस परमार, डॉ चांद सिंह, डॉक्टर राजीव राणा, डॉ दर्शन लाल, सतीश और अवतार सिंह ने रक्तदान किया। मिशन हॉस्पिटल की ब्लड बैंक की टीम ने 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

# डीएवी मुरलीधर स्कूल में मंथन सामाजिक चेतना संगठन का किया विमोचन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) स्वामी** दयानंद की 200 जयंती के उपलक्ष्य में मुरलीधर डीएवी के प्रांगण में 'मंथन सामाजिक चेतना संगठन' के संरक्षक प्रेम अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तक 'वर्तमान भारत के निर्माण में महर्षि दयानंद सरस्वती की भूमिका ' का विमोचन किया गया। जिसमें मंथन सामाजिक चेतना संगठन के प्रधान चमन अग्रवाल, सचिव डॉक्टर सौरभ गुप्ता,अजय अग्रवाल, मुकेश ऐबट, अंकुर गोयल व अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। विद्यालय की आर्य युवा समाज के बारे में जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ सूरी ने बताया कि मुरलीधर डीएवी हर माह आर्य समाज व स्वामी दयानंद से संबंधित गतिविधियां व प्रतियोगिताएं आयोजित करवाता रहता है।

# बिजली आंदोलन को जनता तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**आम आदमी** पार्टी के शिक्षा सेल के जिला अध्यक्ष मास्टर सत्यनारायण ने आम आदमी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अरविंद केजरीवाल के बिजली आंदोलन को जनता तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया । जिला अध्यक्ष सतनारायण अंतिम ने कहां कि हरियाणा में बिजली पूरे देश में सबसे ज्यादा महंगी है और जबकि दिल्ली और पंजाब में सबसे सस्ती है। अगर आम आदमी पार्टी की सरकार आती है तो हम बिजली , पानी और स्वस्थ उपचार की दवाई फ्री व



बहुत ही कम रेट पर दी जाएगी। हरियाणा में बिजली कटौती बहुत होती है और बिजली बिल गलत दे दिया जाता है। जिससे गरीब लोगो को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे सभी लोगो ने केजरीवाल की नीतियों से सहमत होकर खट्टर सरकार के बिजली बिलों को आग लगाकर दहन किया और आम आदमी पार्टी का साथ देने का वादा किया। गांव के लोग इस बार बदलाव चाहते हैं। इस मौके पर पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### नमन-वीरों का वंदन' जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 तक भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर हमारा देश फिर से विश्व गुरु बने। इसी उद्देश्य से मेरी माटी मेरा देश अभियान पूरे देश में चलाया है। श्री यादव आज नसीबपुर स्थित शहीद स्मारक पर हरियाणा उदय के तहत आयोजित 'मेरी माटी मेरा देश' 'मिट्टी को नमन-वीरों का वंदन' देश के वीरों व शहीदों को समर्पित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

# विधानसभा के मानसून सत्र में पुरजोर तरीके से गूंजेगी सोनीपत की आवाज: सुरेंद्र पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा कि हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में सोनीपत विधानसभा की विभिन्न मांगों को सदन में पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। प्रत्येक मांग व समस्या का सरकार से जवाब मांगा जाएगा, ताकि सोनीपत विधानसभा विकास के पथ पर हमेशा अग्रसर रहे।
विधायक स ुरेंद्र पंवार ने बताया कि 25 अगस्त से शुरू होने वाले मानसून सत्र में अवैध कालोनियों को वैध करने, सोनीपत विधानसभा में 30 साल पुराने मकानों की रजिस्ट्रयां होने के बावजूद इंतकाल न होने, सोनीपत



विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य के लिए नगर निगम को बजट मुहैया करवाने, 25 करोड़ रुपये की राशि से बनने वाली सड़कों की स्थिति स्पष्ट करने, शहर के बीचो-बीच गुजर रही ड्रेन नम्बर-6 को कवर करने, हरियाणा के विभिन्न विभागों में हार्टरोन के तहत अनुबंध के आधार पर कार्यरत आईटी प्रोफेशनल्स के लिए नियमितिकरण की पॉलिसी बनाकर सेवाएं नियमित करने सहित अन्य सभी देय लाभ प्रदान करने की मांग, आर्शा वर्कर्स की मांग, अतिथि अध्यापकों की मांग, गन्ना उत्पादक किसान संघ की मांग, लिपिकों की मांग सहित अन्य मुद्दें पुरजोर तरीके से उठाए जाएंगे।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि उनका हमेशा ही प्रयास रहता है कि सोनीपत विधानसभा की प्रत्येक मांग का समाधान करवाकर धरातल स्तर पर उसे पूरा करवाया जाए।

# लापता युवक की हत्या करने के मामले में दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला पुलिस** ने लापता युवक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने लापता युवक की हत्या के आरोप में लवकुश पुत्र महाबीर सिंह वासी किरमच व कमल पुत्र जगदीश वासी किरमच को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुये पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जरनैल सिंह पुत्र श्री भरतू राम वासी किरमच थाना केयूके जिला कुरूक्षेत्र ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके पास दो लडके राजन व रमन है। राजन सबसे




बड़ा जिसकी उम्र करीब 21 साल थी और दसवीं कक्षा तक पढ़ा था और मेहनत मजदूरी का काम करता था। दिनांक 12 अगस्त 2023 सायं 06.00 पीएम पर उसका लडका राजन घर से बिना बतलाये कहीं चला गया और रात तक भी घर पर वापिस नहीं आया। अपने तौर पर लडके राजन की तलाश रिस्तेदारियों व आसपास में की। लेकिन उसके लडके राजन का कोई पता नहीं चल सका। दिनांक 14 अगस्त 2023 को सुबह करीब 07.50 एएम पर उसे पता चला कि एक लडके की लाश भाखड़ा नहर में पडी है। वह भाखड़ा नहर पर गया और नाश को चैक करने पर पाया कि वह नाश उसके लडके राजन की थी। दिनांक 14 अगस्त 2023 को मेरे लडके राजन का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया और पोस्टमार्टम के बाद नाश को अन्तिम संस्कार के लिए उसके हवाले कर दिया था। अब उसे पूरा शक है कि उसके लडके राजन का कत्ल करके किसी नामपता नामालूम व्यक्तियों ने कर-के उसको भाखड़ा नहर किरमच में फेंक दिया था।
जिसकी शिकायत पर थाना केयूके में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक हरबन्स को सौंपी गई। बाद में मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 द्वारा की गई।

# 'पवन गोयल का अकस्मात जाना पानीपत समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति'

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**एसडी पीजी** कॉलेज की प्रबंधकारिणी के मसे पूरे कॉलेज और एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत के अंतर्गत चलने वाले संस्थानों को गहरा सदमा एवं धक्का लगा है और माहौल अभी तक भी गमगीन है। कॉलेज उप.प्रधान मनोज सिंगला, महासचिव तुलसी सिंगला और कोषाध्यक्ष विकुल बिंदल ने श्री पवन गोयल के निधन को गहरा आघात बताया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि श्री पवन गोयल का अकस्मात जाना न केवल कॉलेज के लिए क्षतिपूर्ण है



बल्कि पानीपत के समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। विदित रहे कि श्री पवन गोयल 2020 से एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की प्रबंधकारिणी के प्रधान पद का दायित्व पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ निभा रहे थे। वहीं श्री पवन गोयल लगभग 20 वर्षों से एसडी कॉलेज प्रबंधन से जुड़े रहे। वे पानीपत की सबसे पुरानी गैस एजेंसियों में से एक आरपी गैस एजेंसी के संचालक थे। एक कुशल संचालक, उद्यमी और मधुर व्यक्तित्व के मालिक होने के साथ-साथ श्री पवन गोयल में सामाजिक कार्यों और इंसानी मदद का जज्बा भी कूट.कूट का भरा था और इसीलिए वे सदैव याद किये जायेंगे। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने बताया कि श्री पवन गोयल की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 30 अगस्त को स्थान एसडी विद्या मंदिर स्कूल हुडा सेक्टर 12 पानीपत पर दोपहर 2 से 3 बजे तक किया जाएगा।

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में नेत्र सुरक्षा विषय पर स्कूली विद्यार्थियों को दी गई आवश्यक जानकारी

# बच्चों की आंखों की देखभाल के प्रति अभिभावक रहें बेहद सतर्क

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**इंडियन मेडिकल** एसोसिएशन सोनीपत के सेक्रेटरी व जाने-माने नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.एसके शर्मा ने कहा कि बच्चों की आंखों की देखभाल के प्रति उनके अभिभावकों को बेहद सतर्क व जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की हमारी आंखें बहुत नाजुक और सेंसिटिव होती हैं। इसलिए हर किसी को अपनी आंखों का ख्याल रखना चाहिए। बच्चों की आंखों का विशेष ध्यान रखने की जरुरत होती है। आजकल मोबाइल व कंप्यूटर पर काफी समय देने के कारण भी खास तौर पर स्कूली बच्चों की आंखों पर बुरा असर पर रहा है। ऐसे में आंखों का ख्याल रखना बहुत जरुरी है, साथ ही छह महीने या साल भर में एक बार बच्चों की आंखों की जांच अवश्य करवाना चाहिए। डा.एसके शर्मा ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में नेत्र सुरक्षा विषय पर आयोजित सेमिनार में

**देखभाल**

» आंखें बहुत नाजुक और सेंसिटिव होती हैं। इसलिए हर किसी को अपनी आंखों का ख्याल रखना चाहिए



बतौर मुख्य वक्ता स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्य वक्ता डा.एसके शर्मा ने स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का शुभारंभ किया।
डॉ.एसके शर्मा ने कहा कि समय से उपचार न करवाने पर बच्चों की आंखों में परेशानी बढ़ जाती है। लंबे समय तक कंप्यूटर के आगे बैठे रहने की वजह से आंखों में जलन और आंखों से पानी आने जैसी समस्याएं होती हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चे अगर दूर की चीजों को नहीं देख पा रहे हैं, ब्लैक बोर्ड से पढ़ने में उन्हें दिक्कत हो रही है, सिरदर्द रहता है, पढ़ने में परेशानी हो रही है या टीवी के बहुत नजदीक बैठता है, तो तत्काल उसका आई चेकअप करवाना चाहिए । डा.एसके शर्मा ने छात्र-छात्राओं को आई फ्लू के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अगर किसी बच्चे की आंखें दर्द कर रही हैं और लाल हैं तो सतर्क हो जाना चाहिए । ये आई फ्लू का लक्षण होता है । ऐसी स्थिति में अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजे ।आई फ्लू बैक्टीरिया से होती है।

# 'जनता के काम रुकने नहीं देंगे...'

## सीएम केजरीवाल ने पांच नए मोहल्ला क्लीनिक का किया उद्घाटन

**सावधानी**

**दिल्ली में पांच महिला मोहल्ला क्लीनिक काम कर रहे, अभी और महिला मोहल्ला क्लिनिक खोले जाएंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को केशोपुर सब्जी मंडी में पांच नए मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने दिल्लीवासियों से वादा किया कि राजधानी में कोई भी काम रुकने नहीं देंगे। सीएम केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में 2021-22 में 1 करोड़ 82 लाख लोगों ने मुफ्त इलाज करवाया। वहीं, 2022-23 में से 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने इलाज करवाया। दिल्ली में पांच महिला मोहल्ला क्लीनिक काम कर रहे हैं। अभी और महिला मोहल्ला क्लिनिक खोले जाएंगे। पंजाब में भी आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा 660 मोहल्ला क्लिनिक खोले जा चुके हैं। मेरा वादा है कि दिल्ली की जनता के काम रुकने नहीं देंगे। दिल्ली में पांच नए मोहल्ला क्लीनिक की शुरूआत की है। आने वाले समय में हर हफ्ते 5 मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन करेंगे।






**मुख्यमंत्री ने की चंद्रयान-3 के सफल होने की प्रार्थना:** इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसरो के मिशन चंद्रयान-3 के सफल होने की प्रार्थना की। इस दौरान दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आने वाले समय में सभी सरकारी अस्पतालों के कामकाज की समीक्षा होगी। इसके लिए रेफरेंस प्वाइंट्स बनाया जा रहा है। दिल्ली में पांच मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन हो रहा है।

इसमें से एक महिला मोहल्ला क्लीनिक है। अब दिल्ली में कुल 533 मोहल्ला क्लीनिक संचालित हो रहे हैं, जिसमें से 512 मॉर्निंग शिफ्ट में और 21 इवनिंग शिफ्ट में चल रहे हैं।

वहीं, इस दौरान दिल्ली के पर्यावरण व वन मंत्री गोपाल राय ने कहा, "आज 5 मोहल्ला क्लिनिक का उद्घाटन बताता है कि परेशानियां होंगी लेकिन काम नहीं रुकेंगे, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जब तक हैं, काम नहीं रुकेंगे।"



केन्द्र सरकार को दिल्ली सेवा एक्ट को दिल्ली में लाने की क्यों आवश्यकता पड़ी, दिल्ली की जनता को यह समझाने के लिये दिल्ली भाजपा ने सात मोबाइल वैनों के माध्यम से एक जन सूचना अभियान प्रारम्भ किया।

## 8-10 सितंबर तक सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**नई दिल्ली:** जी-20 सम्मेलन की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तैयारियां जोरों पर हैं। पुलिस का कहना है कि दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के मुख्य सचिव से नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए 8 सितंबर से 10 सितंबर तक सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया है। ताकि जी20 सम्मेलन के दौरान नियंत्रित क्षेत्रों में वाणिज्यिक (कमर्शियल) और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रह सकें।

## भागने की फिराक में था दोस्त की बेटी से दरिंदगी करने वाला अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में अफसर दुष्कर्म कांड में नया मोड़ सामने आया है। दोस्त की नाबालिग बेटी से कई बार दुष्कर्म करने वाला आरोपी अधिकारी गिरफ्तारी से पहले अपनी पत्नी के साथ भागने की फिराक में था।

**भागने की कोशिश का आया वीडियो:** अधिकारी और उसकी पत्नी के गिरफ्तारी से ठीक पहले भागने की कोशिश का वीडियो सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी प्रेमोदय खाखा और उसकी पत्नी सीमा रानी एक वकील से मिलने जा रहे थे और कोर्ट से अंतरिम जमानत लेने की प्लानिंग कर रहे थे।



**सोमवार को दोनों की हुई गिरफ्तार:** हालांकि, इससे पहले दोनों को उनके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी से कुछ समय पहले ही प्रेमोदय खाखा को महिला एवं बाल विकास विभाग के डिप्टी डायरेक्टर पद से बर्खास्त किया था।

**आरोपी अधिकारी को मामा कहती थी नाबालिग:** खाखा पर दोस्त की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का मामला 13 अगस्त को दर्ज किया था। आरोपी अधिकारी बुराड़ी में शक्ति एन्क्लेव का रहने वाला है, पीड़ित लड़की आरोपी अधिकारी प्रेमोदय खाखा के घर पर रहती थी। नाबालिग लड़की आरोपी अधिकारी को मामा कहती थी, उसके पिता का एक अक्टूबर 2020 को निधन हो गया। अधिकारी ने दोस्त की नाबालिग बेटी से नवंबर 2020 से जनवरी 2021 के बीच कई बार दुष्कर्म किया।

## न्यूज क्लिक वेबसाइट के संस्थापक प्रबीर को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट के जस्टिस सौरभ बनर्जी ने न्यूज क्लिक वेबसाइट के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को नोटिस जारी किया है। विदेशों से मिले धन के मामले में मिले अंतरिम सुरक्षा के आदेश को निरस्त करने की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की याचिका पर यह नोटिस जारी किया गया है। ईओडब्ल्यू ने भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420 और 120बी के तहत एफआईआर दर्ज दी है। हाई कोर्ट ने 7 जुलाई, 2021 को प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ किसी भी निरोधात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। साथ ही हाई कोर्ट ने पुरकायस्थ को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया था।

## बवाना में अशोक प्रधान के गुर्गे मुठभेड़ के बाद पकड़े

### तीन पिस्तौल, सात जिंदा कारतूस और दो खाली खोखे बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गैंगस्टर** अशोक प्रधान और राजेश बवाना-दीपक तीतर गिरोह के तीन गुर्गों विनेश खत्री उर्फचीनी, मनीष उर्फगुल्लू और संजू उर्फ बाबा को स्पेशल सेल ने दिल्ली के हरेवली गांव के पास से मुठभेड़ के बाद हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से तीन पिस्तौल, सात जिंदा कारतूस और घटनास्थल से दो खाली खोखे बरामद किये गये। पुलिस आरोपितों से उनके नेटवर्क के बारे में पता करने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी अत्तर सिंह के निर्देशन में इंस्पेक्टर शिव कुमार और करमवीर सिंह की देखरेख में पुलिस टीमें गैंगस्टरों के बारे में लगाने की कोशिश कर रही है। इस बीच अशोक प्रधान के गुर्गों के हरेवली गांव के पास बवाना रोड पर आने की जानकारी मिली थी। मौके पर घेराबंदी की गई। शाम लगभग 7 बजकर 40 मिनट पर तीनों आरोपित मोटरसाइकिल पर औचंदी सीमा की ओर से आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रुकने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन विनेश खत्री ने अपनी पिस्तौल निकाली और पुलिस पार्टी की ओर गोली चला दी। पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ने के लिए

**शिकंजा**

**स्पेशल सेल ने दिल्ली के हरेवली गांव के पास से मुठभेड़ के बाद हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है**

आत्मरक्षा में एक राउंड फायरिंग भी की, लेकिन सौभाग्य से कोई घायल नहीं हुआ। तीनों को मौके पर ही दबोच लिया गया। उनके पास से तीन पिस्तौल, सात जिंदा कारतूस और घटनास्थल से दो खाली खोखे बरामद किये गये। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपित विनेश खत्री दिल्ली में चार आपराधिक मामलों में वांछित है। वह दिल्ली में डकैती, शस्त्र अधिनियम, आपराधिक धमकी, अतिक्रमण आदि सहित कुल छह मामलों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ चार मामलों में एनबीडब्ल्यू जारी किए गए हैं और इन मामलों में उसे पीओ घोषित करने की कार्यवाही चल रही है। विनेश खत्री अशोक प्रधान गिरोह के गैंगस्टर रविंदर लफू का सहयोगी है। वर्ष 2021 में कंझावला इलाके में पेट्रोल पंप डकैती के एक मामले में उसे रविंदर लफू और अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया था।

## महिला ने तीन सुरक्षा कर्मियों पर चढ़ाई कार




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली ग्रेटर नोएडा**
**ग्रेटर** नोएडा के गौर सिटी में स्थित फर्स्ट एवेन्यू सोसायटी में मंगलवार को एक कार सवार महिला ने गाड़ी चलाते वक्त गेट पर मौजूद तीन सुरक्षा कर्मियों पर कार चढ़ा दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के वक्त कार में महिला के साथ उनकी बेटी भी मौजूद थी। दुर्घटना के बाद इन दोनों ने वहां सुरक्षा कर्मियों के पक्ष में बोले वालों के साथ बवाल भी किया। ऐसी बात भी सामने आ रही है कि जिस महिला ने कार से सुरक्षा कर्मियों को घायल किया है वो दरअसल अभी ड्राइविंग सीख रही है। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

## भाजपा ने कैलाश गहलोत का मांगा इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को नाबालिग से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर हमला बोला है। सोमवार को भाजपा की महिला नेता बांसुरी स्वराज ने इस मामले में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से इस्तीफे की मांग की थी। इसके बाद मंगलवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल सिर्फ ड्रामा करती हैं। सबको पता है कि उस व्यक्ति को किसने ओएसडी बनाया था। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री कैलाश गहलोत को इस्तीफा दे देना चाहिए।



सचदेवा ने कहा कि जिस अधिकारी को सस्पेंड किया गया है, उस अधिकारी को विशेष रूप से कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत ने नियुक्त किया था, लेकिन हैरानी की बात है कि अभी तक कैलाश गहलोत की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। उन्होंने एक ऐसे अधिकारी को चुना, जिसका चरित्र सभी के सामने है। स्वाति मालीवाल धरने पर बैठ गई हैं, यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा इस पूरे मामले का विरोध करती है। आरोपित व्यक्ति को फांसी की सजा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि कैलाश गहलोत इस पूरे मामले पर क्यों स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं कि उन्होंने क्यों इस अधिकारी को चुना था। वहीं दूसरी तरफ स्वाति मालीवाल धरने पर बैठी हैं, जो दिल्ली पुलिस पर आरोप लगा रही है कि गिरफ्तारी देरी से हुई है।

अगर उन्हें इतना ही धरना देने का शौक है, तो उन्हें मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर या मंत्री कैलाश गहलोत के घर के बाहर धरना देना चाहिए।

**मांग**

**महिला नेता बांसुरी स्वराज ने इस मामले में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से इस्तीफे की मांग की**

## डीयू: 4,288 विद्यार्थी ले चुके हैं दाखिला, स्नातक की 7,000 सीटों के लिए तीसरी सूची आज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों की 71 हजार सीटों पर दो आवंटन सूची के तहत 64,288 दाखिले हो चुके हैं। अब करीब सात हजार सीटें खाली हैं। इन सीटों को भरने के लिए शेड्यूल के मुताबिक तीसरी आवंटन सूची (अंतिम सूची) पांच बजे जारी की जाएगी। इस सूची में रेगुलर दाखिलों के साथ-साथ ईसीए (एक्सट्रा करिकुलर एक्टिविटी), खेल, सीडब्ल्यू (सशस्त्र बल) श्रेणी के दाखिले भी होंगे। तीसरे राउंड के बाद भी सीटें खाली रहने पर और राउंड आयोजित किए जाएंगे। डीयू ने छात्रों को 17 से 19 अगस्त तक मिड एंट्री व अपनी वरीयताओं को दोबारा व्यवस्थित करने का अवसर दिया था। इस सुविधा के तहत करीब 1346 ने मिड एंट्री का विकल्प लिया है। इस तरह से इन छात्रों की कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम में नई एंट्री हुई है। दो राउंड तक 62,288 छात्रों ने दाखिला ले लिया है, जबकि 32,287 ने अपनी सीट को फ्रीज कर दिया है।



**दाखिला**

**इस सूची में रेगुलर दाखिलों के साथ-साथ ईसीए खेल, सीडब्ल्यू (सशस्त्र बल) श्रेणी के दाखिले भी होंगे**

## सिसोदिया को विधायक निधि से पैसे जारी करने की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की विधायक निधि से विकास के लिए पैसा जारी करने की अर्जी मंजूर कर ली है। सिसोदिया के वकील ने कोर्ट को बताया कि पहले भी कोर्ट ने विधायक निधि से पैसा जारी करने के संबंध में अर्जी मंजूर कर ली थी। मनीष सिसोदिया की अर्जी का सीबीआई ने विरोध नहीं किया। आप नेता ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर विकास के लिए विधायक निधि से पैसा जारी करने के संबंध में कोर्ट से इजाजत मांगी थी।

**अब 20 सितंबर को होगी सुनवाई:** राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक्साइज पॉलिसी से जुड़े सीबीआई मामले की सुनवाई स्थगित कर दी है। अब इस मामले की सुनवाई 20 सितंबर को होगी।

**अर्जी मंजूर**

**वकील ने बताया कि पहले भी कोर्ट ने विधायक निधि से पैसा जारी करने के संबंध में अर्जी मंजूर कर ली थी**

## 15 साल की पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाने को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में एक मुस्लिम व्यक्ति को बरी करने के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा कि 15 साल की पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाने को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता। न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायाधीश नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें कहा गया था कि नाबालिग की गवाही के मद्देनजर पाक्सो अधिनियम की धारा 5 (1) के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 6 के तहत व्यक्ति के खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है।



**दिसंबर 2014 में हुई थी शादी:** पीड़िता का कहना है कि दिसंबर 2014 में दोनों की शादी हुई थी और उसके बाद ही उनके बीच शारीरिक संबंध बने थे। खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट ने पाया कि चूंकि 15 वर्षीय पीड़िता आरोपित की पत्नी थी। इसलिए पीड़िता के साथ व्यक्ति के शारीरिक संबंध बनाने को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता है।

**अपराध नहीं**

**पाक्सो अधिनियम के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 6 के तहत व्यक्ति के खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है**

## गर्भवती होने पर सामने आई दरिंदगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** दिल्ली के अंबेडकर नगर थाना इलाके में 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म होने का मामला सामने आया है। किशोरी चार महीने की गर्भवती भी हो गई। पीड़िता को तबीयत खराब होने पर गर्भवती होने का पता लगा, तब इस मामले का खुलासा हुआ। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि आरोपी युवक जतिन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पीड़ित लड़की की तबीयत ठीक नहीं है। उसे एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारी लड़की तबीयत खतरे से बाहर बता रहे हैं। पीड़ित ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपी उसे धोखे से मदनगीर स्थित अपने घर में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की के पिता की शिकायत पर अंबेड़कर नगर पुलिस ने दुष्कर्म व पोक्सो का मामला दर्ज कर लिया है।

**बहाने से लड़की को लाया घर, दुष्कर्म के बाद हुई प्रेग्नेंट, अब सामने आई हकीकत**

**इंतजार**

भारत के 'विक्रम' की चांद पर लैंडिंग का लाइव प्रसारण बुधवार शाम 5:27 बजे से

## पहली बार आज सचमुच चांद हंसेगा और तारे भी खिलेंगे..

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को कहा कि उसका चंद्रयान-3 मिशन तय समय पर है। इसरो ने अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) हैंडल पर यह खुशखबरी साझा करते हुए विक्रम लैंडर से ली गई चांद की नई तस्वीरें जारी की हैं। इसरो ने कहा है कि विक्रम लैंडर की चांद पर लैंडिंग का लाइव प्रसारण उसकी वेबसाइट, उसके यू-ट्यूब चैनल, फेसबुक और डीडी नेशनल टीवी पर 23 अगस्त को शाम 5 बजकर 27 मिनट पर शुरू होगा। चंद्रयान-3 की लैंडिंग के साथ ही भारत अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में इतिहास रच देगा।

**ऐतिहासिक**

**चंद्रयान-3 की लैंडिंग के साथ ही भारत अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में इतिहास रच देगा**

अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश होगा। मगर सबसे खास यह है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला भारत दुनिया का इकलौता देश होगा। इसरो ने कहा है कि अगर सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो 23 अगस्त को



भारतीय समय पर शाम 6 बजकर 4 मिनट पर लैंडर विक्रम चांद की सतह पर उतरेगा। इसी के साथ चांद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की मुट्ठी में होगा

...और बचपन में नानी-दादी से लोरी के रूप में सुना गया 'चंदा मामा दूर के...' गीत मन की सुधियों में हिलोरें मारने लगेगा। सिनेमा हाल के परदे में चांद पर केंद्रित गूंजे वो तमाम गीत भी आंखों में तैर जाएंगे। कोई गुनगुनाएगा-धीरे-धीरे चल चांद गगन में...,खोया-खोया चांद, खुला आसमान...,चौदहवीं का चांद हो या आफताब हो...,ये चांद सा रोशन चेहरा, जुल्फों का रंग सुनहरा...चलो दिलदार चलो चांद के पार चलो...,चंदा रे चंदा रे कभी तो जमीन पर आ बैठेंगे बातें करेंगे...,जानें कितने दिनों के बाद गली में आज चांद निकला...चांद छुपा बादल...,गली में आज चांद निकला...,चांद को क्या मालूम चाहता है उसे कोई चकोर...,वो चांद खिला वो तारे हंसे..., आओ तुम्हे चांद पे ले जाएं., प्यार भरे सपने सजाएं...। स्मृति शेष प्रख्यात और प्रतिष्ठित साहित्यकार विद्यानिवास मिश्र लिख गए हैं- चंद्रमा के जन्म-कर्म के संबंध में अनेक कथाएं हैं। कहीं वे महर्षि अत्रि की संतान हैं, कहीं त्रिपुरसुंदरी की बांयीं आंख से समुद्भूत कहे गए हैं और कहीं उदधि के वे पुत्र कहे गए हैं, पर इन सब से अलग और विचक्षण कल्पना है कि चंद्रमा मनसो जातः चंद्रमा विराट पुरुष के मन से उत्पन्न हुए हैं। मन से उत्पन्न हुए हैं तभी तो बुध के पिता हैं और मनोभव के अभिन्न मित्र। तभी तो अंतर्जगत के समस्त सौंदर्य के और जीवन के निश्शेष अमृतत्व के अकेले प्रतीक हैं।

## न्यूज फ्लैश

### आप ने समालखा के तीन वार्डों व गांव हथवाला में बिजली आंदोलन को

**पानीपत: आम आदमी** पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ के नेतृत्व में मंगलवार को समालखा शहर के वार्ड 1, 5 व 6 और गांव हथवाला मे आप द्वारा चलाये जा रहे बिजली आंदोलन के तहत जन संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष राकेश चुघ व उनकी टीम ने चौक चौराहों, घरों व दुकानों आदि में जाकर लोगों को बिजली के बिलों को लेकर जानकारी दी गई। राकेश चुघ ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के साथ लगते दिल्ली व पंजाब में लोगों को घरों की बिजली फ्री दी जा रही है और लोगों के बिजली के बिल जीरो आते है। जबकि हरियाणा में सरकार द्वारा सस्ती बिजली खरीद कर लोगों को महंगी बिजली दी जा रही है। इससे एक गरीब व आम परिवार का बिजली का बिल भी हजारों में आता है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली व पंजाब में फ्री बिजली दी जा रही है तो हरियाणा के लोगों को इतनी महंगी बिजली क्यों दी जा रही है। हरियाणा की जनता भी फ्री बिजली पाने की हकदार है। राकेश चुघ ने दावा किया कि हरियाणा में भी आप की सरकार बनने पर लोगों को घरों की फ्री बिजली दी जाएगी। इस अवसर पर विरेंद्र आर्य,सुरेंद्र मांडी, कुलदीप दूहन, पवन गर्ग, गोल्डी चावला, सुनील सहरावत व सोनू गाहल्याण आदि मौजूद रहे।

### फ्लाइंग की टीम ने छापा मारकर दो शराब के उप ठेकों को किया किया

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**मंगलवार को** खरखौदा में सीएम फ्लाइंग की तरफ से छापा मारकर दो शराब के उप ठेकों को सील किया गया हैं। इस दौरान आबाकारी विभाग की टीम भी सीएम फ्लाइंग के साथ मौजूद रही। उक्त ठेके एनएच334बी के करीब संचालित किए जा रहे थे, जोकि नियमों के खिलाफ थे। सीएम फ्लाइंग की तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी पर स्थापित किए गए दो शराब के उप ठेकों पर शील की कार्रवाई की गई है। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी पर गाँव थाना कला की सीमा में एक शराब का ठेका स्थापित था। जोकि राजमार्ग से 10 मीटर के अंदर था। आबकारी अधिनियम के तहत हो रहे उलंघन के चलते इस शराब ठेके को सील कर दिया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी पर ही गांव झरोठ की सीमा में एक शराब का उप ठेका सचालित किया जा रहा था। यह शराब ठेका राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी से मात्र 5 मीटर की दूरी पर था। जबकि नियमों के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग से करीब 220 मीटर की दूरी पर स्थित हो सकता है। जो दोनों उपरोक्त ठेके सीएम फ्लाइंग व आबकारी विभाग द्वारा सील कर दिए गए हैं। आबकारी विभाग से एईटीओ सुलक्षणा व निरीक्षक जयभगवान व मुख्यमंत्री उड़न दस्ता से एसआइ सुनील, एसआइ शेरसिंह, एएसआइ सुभाष, ईएसआइ सतनारायाण द्वारा कार्रवाई की गई।

### तीन साल की बच्ची से अभद्रता करने के दोषी को पांच साल कैद की सजा

**सोनीपत:** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में तीन साल की बच्ची से अभद्रता करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह ने दोषी को पांच साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। की सजा सुनाई है। वहीं अदालत ने जुमार्ना राशि पीड़ित को देने के आदेश दिए गए है। मूलरूप से मध्यप्रदेश निवासी व्यक्ति ने 4 जनवरी को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को बताया था कि वह क्षेत्र में रहकर एक फार्म हाउस पर काम करते थे। उनके साथ ही पंकज नाम का युवक भी काम करता था। 3 जनवरी की शाम को पंकज उनकी तीन साल की बच्ची को लेकर बाथरूम में चला गया था। वहां पर आरोपित ने उसकी बच्ची को निर्वस्त्र कर रखा था। उसने बेटी का मुंह दबा रखा था। इसी दौरान वह बाथरूम में चले गए थे। जिसके बाद आरोपित भाग गया था। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया था। पुलिस ने मामले में 10 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले की जांच अधिकारी एसआई बबली की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित मूलरूप से मध्यप्रदेश के जिला रीवा के गांव देवेरी का रहने वाला पंकज था। वह पीड़ित परिवार के पड़ोस में रहता था। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर दिया था। जहां उसे जेल भेज दिया गया था। अब मामले में सुनवाई के बाद एएसजे सुरुचि अतरेजा सिंह ने पंकज को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को 10 पॉक्सो एक्ट में पांच साल की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माना तथा भादसं की धारा 354 में भी पांच साल की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# मेयर निखिल मदान ने सुभाष चौक पर दुकानदारों से की मुलाकात

## दुकानदारों को उनकी दुकानों का मिलेगा मालिकाना हक : निखिल मदान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बीते दिनों स्थानीय** प्रशासन द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश पर सुभाष चौक पर स्तिथ कस्टोडियन विभाग की 17 दुकानों को तोड़ने का आदेश जारी हुआ था। मंगलवार को मेयर निखिल मदान ने सुभाष चौक पहुँच कर दुकानदारों से मुलाकात की। स्थानीय दुकानदार हरि कौशिक ने बताया की आज सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दुकान तोड़ने की कार्यवाही पर रोक लगा दी गयी है। मेयर निखिल मदान ने बताया कि पिछले 45 वर्षों से दुकान चला कर अपना जीवन यापन कर रहे दुकानदारों की 17 दुकानों को उच्च न्यायालय द्वारा तोड़ने के आदेश दिए जाने पर आज उन्होंने दुकानदारों से मुलाकात कर उनका पक्ष जाना है । साथ ही मौके पर संबंधित तहसीलदार से बात कर दुकानदारों का पक्ष रखा है । आज दुकानदारों को इस मुद्दे पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय से स्टे भी मिल गया है। साथ ही इस मौके पर वो सभी दुकानदारों को भरोसा दिलाते है कि कस्टोडियन विभाग औ? प्रसाशन से बातचीत एवं पत्राचार कर सभी दुकानदारों को उनका मालिकाना हक दिलवाया जाएगा। वर्तमान में सरकार द्वारा किसी भी दुकान या मकान पर 20 वर्षों से अधिक समय से रह रहे लोगों को मालिकाना हक दिए जाने की अधिसूचना भी इस वर्ष जारी की गई है। सभी दस्तावेजों को देख कर व्यापारी भाईयों की कानून सम्मत हर सम्भव मदद की जाएगी औ? उनका हक दिलवाया जाएगा। नगर निगम,कस्टोडियन विभाग और स्थानीय प्रशासन से सामंजस्य बैठाकर सभी पुराने आदेशों और दस्तावेजों को देखकर दुकानदारों को उनका वाजिब हक दिलवाने के लिए वो लगातार प्रयासरत है। इस मौके पर दुकानदार हरी कौशिक ,रणधीर राठी ,महेन्दर सिंह ,अजित ,ईश्वर सिंह,बलविंदर ,आसिफ ,विजय ,कमल ,हवा सिंह और मुकेश मौजूद रहे।

## बिजली समस्या का समाधान कराने में भाजपा नाकाम: नफे सिंह राठी

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**इन दिनों** बहादुरगढ़ शहर की जनता बिजली के अघोषित कटों के चलते परेशानियों का सामना कर रही है। इस उमस भरी भीषण गर्मी में बिजली के अघोषित कट लोगों की समस्याओं को बढ़ा रहे हैं। पिछले काफी समय से यह समस्या विकराल रूप धारण किए हुए है, लेकिन अधिकारियों व भाजपा नेताओं का जनता की समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं है। यह कहना है इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी का। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि एक ओर भाजपा जनता को सभी सुविधाएं देने के बड़े-बड़े दावे करती आ रही है, लेकिन बिजली जैसी मूलभूत सुविधा भी बहादुरगढ़ की जनता को नहीं मिल पा रही है। बिजली के लगने वाले लंबे-लंबे अघोषित कटों के कारण इस भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बिजली के कट लगने का कोई निर्धारित समय निश्चित नहीं है। इन अघोषित कटों के कारण लोगों के रोजमर्रा के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बिजली न रहने के कारण पेयजल की समस्या भी लोगों के सामने आ रही है, क्योंकि जिस दौरान पानी की सप्लाई आती है, उस समय बिजली नहीं होती। इसलिए लोगों को बिजली के साथ-साथ पानी भी सुचारू रूप से नहीं मिल पा रहा है। बिजली व पानी की समस्या के अलावा रात के समय गलियों में अंधेरा छाया रहता है, जिस कारण अपराधिक वारदातें होने का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोगों की समस्याओं को अनदेखा कर केवल अपने खजाने को भरने में लगी हुई है। सरकार के नुमाइंदों का जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है, बल्कि वह सरकार की झूठी तारीफें कर लोगों को बरगला रहे हैं, लेकिन अब जनता जान चुकी है कि भाजपा केवल झूठ व लूट की राजनीति कर रही है।

## बच्चे मन लगाकर पढ़े तभी उन्हें सफलता मिलेगी: विनय गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**लायंस क्लब** पानीपत ग्रेटर द्वारा कुटानी रोड स्थित दलबीर नगर एवं दीनानाथ कॉलोनी में चेतना स्कूलों में पाठ्य पुस्तक एवं लड्डू बांटे गए। लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर विनय गर्ग मुख्य अतिथि रहे जबकि अध्यक्षता लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के प्रधान 'पवन ढींगडा ने की। मुख्य अतिथि विनय गर्ग ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़े तभी उन्हें सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर बच्चों के लिए हर प्रकार की सुविधा देने में पीछे नहीं रहेगा। वहीं प्रधान पवन ढींगडा ने कहा कि बच्चे हमारे समाज की धरोहर हैं इसलिए हमें उनकी पढ़ाई में अधिक से अधिक सहयोग करके उन्हें अच्छा नागरिक बनाना होगा। चेतना परिवार के संस्थापक एवं शिक्षाविद दीपचंद निमोर्ही ने बताया कि देशभर में एक सौ से अधिक चेतना स्कूल चलाए जा रहे हैं।

### करनाल पुलिस करेगी 48 एसपीओ की नियुक्ति

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पुलिस अधीक्षक** शशांक कुमार सावन के कुशल कार्यकाल में करनाल पुलिस में 48 स्पेशल पुलिस ऑफिसर एक वर्ष के लिए अस्थाई व मानदेय के आधार पर नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए 29 अगस्त को कैथल रोड स्थित नई पुलिस लाइन में चयन प्रक्रिया होगी । इस प्रक्रिया में भारतीय सेवा से सेवानिवृत सैनिक, सीएपीएफ से सेवानिवृत कार्मिक, एचएसआईएफ व एचएपी 2004 में सेवामुक्त किए गए जवानों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन श्रेणियां में से जो भी एसपीओ के पद पर कार्य करने के लिए इच्छुक हैं, वे 29 अगस्त मंगलवार सुबह 8रू बजे नई पुलिस लाइन करनाल में अपने मूल दस्तावेज व उनकी दो-दो सत्यापित प्रतियों के साथ पहुंचे। अभ्यर्थियों की आयु 25 से 50 वर्ष के बीच हो।

## 'नए शस्त्र लाइसेंस के लिए केवल ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन'

**आवदेन**

**8 गन लाइसेंस प्राप्त करने या नवीनीकरण के लिए जारी दिशानिर्देशों व नियमों का अध्ययन करने की सलाह भी दी**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त डॉ०** मनोज कुमार ने बताया कि हथियार का लाइसेंस लेने के इच्छुक लोगों या पुराने का नवीनीकरण करवाने करवाने के लिए पोर्टल पर केवल ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गन लाइसेंस संबंधी आवेदन करने के लिए या / पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
उपायुक्त ने बताया कि सरकार ने आवेदनकर्ता को अपना आवेदन करने से पहले गन लाइसेंस प्राप्त करने या नवीनीकरण के लिए जारी दिशानिर्देशों व नियमों का अध्ययन करने की सलाह भी दी है। आवेदनकर्ता को व्यक्तिगत कैटेगिरी का चयन करना होगा और उसके साथ ही उस जिले का चयन भी करना होगा जिस जिले से वह लाइसेंस जारी करवाना चाहता है। उन्होंने बताया कि आवेदक पोर्टल पर दी जा रही किसी भी सेवा को चुन सकता है, जिसमें व्यक्तिगत हथियार लाइसेंस जारी करना या नवीनीकरण करना, क्षेत्र की वैधता का विस्तार और अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जारी हथियार लाइसेंस का पंजीकरण भी शामिल है। उपायुक्त ने बताया कि यह पोर्टल आवेदक का आवश्यक दस्तावेजों सहित सभी विवरण अपलोड करने के लिए मार्गदर्शन भी करेगा। आवेदक अपने आवेदन की स्थिति को पोर्टल पर ट्रैक भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदक आवेदन में अधूरी या गलत जानकारी देने से बचें। उन्होंने बताया कि नागरिकों को लाइसेंस के लिए आवेदन जमा करने में किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो वे समस्या के समाधान के लिए गृह मंत्रालय की सहायक टीम, ई-मेल या दूरभाष नंबर 011-23070193 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अमृत सरोवरों की साफ-सफाई को लेकर प्रशासन ने कमर कसी



**साफ-सुथरा**

**8 अमृत सरोवर के सौंदर्यकरण व काला आम युद्ध स्मारक को पर्यटन स्थल का रूप देने की तैयारी**

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र** कुमार दहिया व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अवंतिका ने अमृत सरोवर के सौंदर्यकरण व काला आम युद्ध स्मारक को पर्यटन स्थल का रूप प्रदान कर विकसित करने को लेकर जिला सचिवालय में मंगलवार को अधिकारियों की बैठक ली व जरूरी दिशा-निर्देश दिए।
उपायुक्त ने बताया कि वे जिले के सभी गांवों को साफ-सुथरा देखना चाहते हैं ताकि शहर के लोग ये कहें कि हमें गांव से सीखना है। उपायुक्त ने बताया कि 31 अगस्त से पहले मत्स्य के लिए पोंड चालू हो जाने चाहिए। उपायुक्त ने सभी खण्ड एवं विकास पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य को शीघ्रता से करें व इसके परिणाम उन्हें अति शीघ्र दिखाई देने चाहिए। जिला खण्ड एवं विकास पंचायत अधिकारी सुमित चौधरी ने उपायुक्त व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी को आश्वासन दिया कि वे इस कार्य के प्रति गंभीर हैं व इस पर अति शीघ्रता से कार्य करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि तालाबों के सौंदर्यकरण में किसी भी प्रकार की संबंधित विभाग के अधिकारी कोताही न बरते। सभी तालाबों को चकाचक करें उनके इर्द-गिर्द किसी भी प्रकार की गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। प्लास्टिक कलैक्शन सैंटर बनाकर कूड़े-कचरे को समाप्त करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य के लिए एक कमेटी के बनाकर काम करने के निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अवंतिका ने बताया कि 20 अमृत सरोवर (+) के तहत तालाबों का सौंदर्यकरण किया जाएगा। उनके साज-सज्जे के लिए सुंदर लाइट लगाई जाएंगी और चलने के लिए साफ सुंदर रास्ते निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अमृत (++) के तहत अमृत सरोवरों के माध्यम से इनकम जनरेट की जाएगी जिसमें डीएफओ और डीडीपीओ तालाबों को एसएचजी को पट्टद्दे पर देंगे। उन्होंने बताया कि एक बड़े प्रोजेक्ट के तहत काला आम युद्ध स्मारक के पास राजा खेड़ी गांव में 14 एकड़ भूमि में तालाब में बोटिंग की सुविधा होगी। इससे जहां लोगों को पर्यटन स्थल का आन्नद मिलेगा वहीं सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी हागी। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, डीडीपीओ सुमित चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी रणसिंह के अलावा मत्स्य विभाग एवं अन्य कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाल संरक्षण को लेकर महिलाओं व विद्यार्थियों को किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कैलाश सत्यार्थी** चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुँच अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण पर रोक को लेकर वार्ड नं 9 और 10 में जाकर लोगों को जागरूक किया गया। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय ने वार्ड नं 9 में स्थित फुले अंबेडकर पुस्तकलाय में आंगनवाड़ी वर्कर राजरानी व सुमन के सहयोग से महिलाओं को जागरूकता अभियान के बारे में बताया।
फुले अंबेडकर पुस्तकालय संचालक संदीप आदिवाल ने कहा कि यह बहुत सराहनीय कार्य है। इस जागरूकता अभियान को गाँवों व शहरों के हर व्यक्ति, बच्चों व समुदाय के बीच ले जाया जाएगा, ताकि कहीं पर भी बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल यौन शोषण पर रोक लगाई जा सके। हम सभी को मिलकर समाज से इन कुरुतियो को समाप्त करना चाहिए।
आंगनवाड़ी वर्कर राजरानी ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। बाल विवाह से बालिकाओं को अक्सर श्रम, दासता, व्यवसायिक यौन शोषण और हिंसा की स्थिति का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह एक अपराध है। इसलिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक गाँव, शहर, स्कूल, समुदायों के अंदर चलाए जाने चाहिएं। इस मौके पर बाला देवी, सोनिया, सीमा, मुकेश रानी, आरती, माया देवी, छवि, मुस्कान, अरुण व मिलन मौजूद रहे।

### नाबालिग का अपहरण एवं नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण व नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अशीष निवासी जमालपुर उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।
पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
एक व्यक्ति ने गत 25 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी का किसी ने अपहरण कर अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रख लिया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। लड़की को बरामद कर उसका मेडिकल करवाया। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## मुख्यमंत्री उड़न दस्ते व आबकारी विभाग की छापेमारी, सड़क किनारे खुले चार ठेके सील

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय** राजमार्ग मेरठ-झज्जर हाइवें पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ते व आबाकारी विभाग की संयुक्त टीमों ने छापेमारी की। टीमों ने हाइवे से लगते चार शराब के ठेकों को सील कर दिया। जो आबकारी विभाग की नीति के अनुसार नियमों के तहत स्थापित नहीं किए गए थे। विभाग की टीम ने शराब ठेकेदारों को चेतावनी भी दी गई है। अगर भविष्य में ऐसे नियमों की अवेहलना की गई तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी कि मेरठ झज्जर हाईवे पर शराब के ठेके चलाने में नियमों की अनदेखी हो रही है। इसके बाद एसआई सुनील, महावीर, एएसआई राजेश और आबकारी विभाग की टीम ने शराब के ठेकों पर बारी- बारी आबकारी पॉलिसी को लेकर छापेमारी की। यहां जांच करने पर नियमों की अवहेलना होती मिली। पॉलिसी के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र में हाईवे से 220 मीटर की दूरी पर शराब का ठेका होना चाहिए। लेकिन सभी ठेकेदारों ने आबकारी पॉलिसी की अनदेखी की। गांव नसीरपुर मोड़, हरसाना कलां मोड, गांव थाना कलां मोड़ और गांव झरोठ मोड़ पर चार अलग-अलग शराब के ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनके शराब के ठेकों को सील कर दिया गया है। आबाकारी विभाग की तरफ से उक्त ठेकेदारों के स्टॉक की जांच की जा रही है।
सड़क किनारे ठेका खोलने का यह है नियम-
नेशनल हाईवे किनारे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में ठेका खोलने के लिए अलग-अलग नियम है। इसमें शहरी क्षेत्र में हाईवे किनारे ठेके संचालित किए जा सकते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में हाईवे से 220 मीटर दूरी पर ठेका खोलने का प्रावधान है। ऐसे में सभी ठेके 50 मीटर से भी कम दूरी पर चलते मिले। जिसके चलते उन्हें सील कर दिया गया। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने हाईवे किनारे खोले गए ठेकों के खिलाफ आबकारी विभाग की तरफ से की गई कार्रवाई को लेकर भी जानकारी मांग सकती है।

# एचएल सिटी में बनेगा ओलम्पिक साईज का बड़ा स्वीमिंग पूल



**प्रतिभा**

**8 सामान्य संशाधनों में भी हरियाणा में शिवानी कटारिया जैसी प्रतिभावन ओलम्पियन तैराक को तैयार किया**

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**हरियाणा में** तैराकी और तैराकों को प्रोत्साहन देने के लिए शहर की एचएल सिटी में तैराकी का बड़ा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा। इसके लिए कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। भारतीय तैराकी संघ के उपप्रधान, हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव और हरियाणा ओलम्किप संघ के सहसचिव अनिल खत्री ने बताया कि चैम्पियनस एक्वेटिक एकेडमी के साथ मिलकर हरियाणा तैराकी संघ 50 मीटर और 25 मीटर के नए स्वीमिंग पूल का निर्माण करेगा। इसके लिए एचएल सिटी में जगह का चयन हो गया है और जल्द ही इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। अनिल खत्री ने बताया कि ओलम्पिक साईज का नया स्वीमिंग पूल बनने के बाद नेशनल लेवल की प्रतियोगिताएं भी बहादुरगढ़ में करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि तैराकी में हरियाणा की युवा प्रतिभाएं देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। अनिल खत्री ने बताया कि हरियाणा तैराकी संघ के प्रधान सांसद धर्मबीर सिंह की अगुवाई में हरियाणा की तैराकी में निखार आया है। उन्होंने बताया कि अम्बाला में सरकार ने सरकारी स्तर पर बड़ा स्वीमिंग पूल भी बनाया है। उसी तर्ज पर हर जिले में सरकार को भी बड़े स्वीमिंग पूल बनाने चाहिए और तैराकी कोच भी नियुक्त करने चाहिए ताकि तैराकों को तकनीकि तौर पर दक्ष बनाया जा सके। अनिल खत्री ने बताया कि एचएल सिटी में बनने वाले ओलम्पिक साईज के स्वीमिंग पूल के साथ ऑल वैदर स्वीमिंग पूल का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूल का निर्माण होने के बाद यहां देश के प्रसिद्ध तैराकी कोच के साथ विदेशी कोच के जरिए भी तैराकों को तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तैराकी सिर्फ तैराना ही नही होता बल्कि तकनीक में माहिर होकर कम समय में ज्यादा दूरी तय करने में महारथ हासिल करना है।
अनिल खत्री ने बताया कि सामान्य संशाधनों में भी हरियाणा में शिवानी कटारिया जैसी प्रतिभावन ओलम्पियन तैराक को तैयार किया है। अनिल खत्री का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्र में तैराकी प्रतिभाएं काफी ज्यादा है और अब उन्ही तैराकी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए काम किया जा रहा है।

## व्यंग्यकार गिरजा कुमार माथुर की जयंती पर खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आर्य बाल** भारती पब्लिक स्कूल में आज संस्कृत और हिन्दी के प्रसिद्ध विद्वान स्वतंत्रता सेनानी कवि और व्यंग्यकार गिरजा कुमार माथुर की जयंती पर खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के प्रबंधक जसवीर ग्वाल्डा रहे। विशिष्ट अतिथि गांव कुटानी के सरपंच सुरेंद्र आर्य व सचिन कोटक रहे। विशेष अतिथि कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक व आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधान रणदीप कादियान ने की। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने सभी का स्वागत किया व उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शास्त्री ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जीव विज्ञान प्रवक्ता रेखा शर्मा, रवी सहोता और आशा अरोड़ा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर खेलो में भाग लेने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।
मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्कृत और हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और व्यंग्यकार गिरजा कुमार माथुर को संस्कृत और हिन्दी के लिए दिये गए उल्लेखनीय सहयोग के लिये हमेशा याद करता रहेगा।

## न्यूज फ्लैश

### गोवर्धन में मचा तेंदुआ होने का शोर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

गोवर्धन की इंदिरा कॉलोनी में बीती रात तेंदुआ होने की खबर सुन लोगों में दहशत हो गई। कालोनी के लोग हाथों में लाठी डंडा लेकर कालोनी और जंगल की तरफ दौड़े। वन विभाग के अधिकारी भी देर रात तक सर्च करते रहे। परंतु तेंदुआ नजर नहीं आया। सोमवार रात कॉलोनी में किसी महिला ने घर के समीप तेंदुआ देखने की बात कही। उसने अपने बेटे को आवाज दी और तेंदुआ होने की खबर फैल गई। तमाम लोग लाठियां लेकर कालोनी और समीप के खेतों में तेंदुआ की तलाश में जुट गए। वन विभाग के निरीक्षक आशीष सिंह भी अपनी टीम के साथ तेंदुआ की तलाश में जुटे रहे। परंतु कोई सफलता नहीं मिली। आशीष सिंह ने बताया कि तेंदुआ होने के कोई चिन्ह नहीं मिले हैं।

### 375 ग्राम अल्प्राजोलम के साथ पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना गोविंद नगर पुलिस ने नशीला पाउडर बेचने वाले व्यक्ति को 375 ग्राम नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोविन्दनगर ललित भाटी ने बताया कि चैकिंग के दौरान अभियुक्त तालिम पुत्र युसुफ निवासी राधेश्याम कालौनी नई मस्जिद के पास चुन्ना वाली गली थाना गोविन्दनगर मथुरा को अवैध नशीला पाउडर 375 ग्राम एल्प्राजोलम कुल के साथ श्याम सुन्दर बघेल की निमार्णाधीन कॉलौनी चैकी बिरला मन्दिर थाना गोविन्दनगर मथुरा से गिरफ्तार किया गया।

### खंडेलवाल महिला मंडल ने हरियाली तीज पर आयोजित हुए सांस्कृतिक प्रोग्राम



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

छटीकरा मार्ग स्थित होटल राधा निकुंज में खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज के त्यौहार पर कार्यक्रम आयोजित किए गए इस त्यौहार को लेकर महिलाओं में उत्साह और उल्लास दिखाई दिया। महिलाएं पूरे सज सवर कर कार्यक्रम में पहुंची और जमकर सांस्कृतिक गीतों पर नृत्य किया। खंडेलवाल महिला मंडल की ओर से तीज का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा हाथों में मेहंदी लगाकर एवं हरी चूड़ियां पहन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खंडेलवाल महिला मित्र मंडल की सदस्यों द्वारा फैशन शो,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रकार के खेल खेले गए एवं महिलाओं द्वारा सामूहिक गीत एवं बधाई गायन गाकर समा बांध डाला। खंडेलवाल महिला मंडल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाना रहा। इसके अलावा ढोलकी, डीजे पर महिलाओं ने अंतराक्षरी खेली और खूब आनंद किया। डॉ खुशबू खंडेलवाल ने तीज के बारे में महिलाओं को अवगत करवाया एवं उन्होंने बताया कि खंडेलवाल महिला मंडल में महिलाओं को जिंदगी के हर पक्ष में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिलाएं समाज में किसी क्षेत्र में पीछे नहीं रहनी चाहिए। एक अच्छी महिला ही अच्छे समाज का निर्माण कर सकती है। इस अवसर पर रेखा, श्रद्धा सुगंध शशि चित्र अंजना रितिका ज्योति मुक्ता शिल्पी आदि खंडेलवाल महिलाएं उपस्थित रही।

### राष्ट्रीय महाधिवेशन में पत्रकारों की दिशा-दशा पर होगा चिंतन : उपमन्यु

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स-इंडिया का राष्ट्रीय महाधिवेशन 26-27 अगस्त को जयपुर की निम्स यूनिवर्सिटी के सभागार में आयोजित होगा।
जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) द्वारा इसकी मेजबानी की जायेगी। देशभर से एकत्रित होने वाले पत्रकारों के इस महाकुंभ सम्मेलन में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के जनपदों से वरिष्ठ पत्रकार हिस्सा लेने जयपुर जाएंगे।
यह जानकारी मंगलवार को एनयूजेआई के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने दी है।
उन्होंने बताया कि सम्मेलन में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने, मीडिया काउंसिल और मीडिया कमीशन के गठन की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

# भाजपा सरकार में न रोजगार, न आरक्षण की गारंटी: रामगोपाल

**सम्मेलन**

**-वृंदावन में सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे थे प्रो.राम गोपाल यादव**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भाजपा सरकार में रोजगार, न आरक्षण की गारंटी है। देश के मौजूदा हालात से हर कोई परेशान है। बेरोजगारी चरम पर है। सरकार की मानसिकता आरक्षण खत्म करने की है। सरकार ने नौकरी देना बंद कर दिया है। इसके बाद आउटसोर्सिंग भर्ती हो रही है। आउटसोर्सिंग में न आरक्षण, न नौकरी की गारंटी है। सपा ने अपने कार्यकाल में अध्यापकों को रेगुलर किया था। वह भी हटा दिए गए। प्रदेश में हर दिन लूट, हत्या की घटनाएं हो रही है। लेकिन कहा जा रहा है कि अपराध खत्म हो गया है। बहुत घटनाएं ऐसी होती है। जिसमें भाजपा के लोग अधिकारी को पीटते हैं। इस सरकार में न लोगों को सम्मान मिल रहा, न रोजी रोटी और न ही जीवन सुरक्षित है। ये बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव ने कहीं। श्री यादव मंगलवार को वृंदावन में आयोजित पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने के लिए आये हुए थे। सम्मेलन में ब्रज क्षेत्र की 12 लोकसभा सीट के कार्यकताओं और पदाधिकारी शामिल हुए। रामगोपाल यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आगे होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा हार रही है। चंद्रयान कल शाम को उतरेगा। इसके चलते स्कूलों को शाम को खोला जाएगा। बच्चों को लैंडिंग दिखाई जाएगी। लेकिन लैंडिंग नहीं दिखाई जाएगी, बल्कि बच्चों को प्रधानमंत्री को सुनेंगे। हिटलर का प्रचार मंत्री को करना काम था। सौ में से एक झूठ को सच साबित करना। यही हाल है इनका यह सौ फीसदी झूठ बोलते हैं। आज जो बोल गए कल क्या बोलेंगे पता नहीं। हर बार नए जुमले आते हैं।
सरकार के जो काम होते हैं वह काम नहीं करते।

## नयन धारिया ने पावर लिफ्टिंग में जीता स्वर्ण पदक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जीएलए की छात्रा नयन धारिया ने उत्तर प्रदेश पावर लिफ्टिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है।

जनपद की ओर से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली एकमात्र महिला खिलाडी की इस उपलब्धि पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है। नयन धारिया ने आगरा के रेलवे इंस्टीट्यूट में आयोजित उत्तर प्रदेश स्पोर्ट पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में भाग लिया था। उन्होंने 63 किलो भार वर्ग में डैड लिफ्ट में 120 किलो भार उठाकर प्रथम स्थान पर कब्जा जताया।



जबकि उसके प्रतिद्वंदी ऐसा करने में विफल रहे। नयन की इस सफलता को लेकर उनके कोच हरीश कुमार सहित तमाम लोगों ने उन्हें बधाई दी है। नयन खाद्य एवं औषधी प्रशासन में कार्यरत फूड सुपरवाइजर टीसी धारियां की पुत्री हैं।

## सावन में पांच घटा में दर्शन देंगे दानघाटी गिरिराज

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सावन में दानघाटी मंदिर घटा दर्शन का साक्षी बनता है। घटा दर्शन में श्रृंगार पोशाक परदे और प्रसाद में एक ही रंग का प्रयोग होता है। सावन के महीने में पांच दिन विभिन्न घटाओं का विशेष श्रृंगार होता है। एकादशी से रक्षाबंधन तक दानघाटी गिरिराज जी मंदिर पर यह खूबसूरती भक्तों को बरबस ही आकर्षित करती है। कलियों को प्रभु के श्रृंगार में शामिल किया जाएगा। एकादशी रविवार से दानघाटी मंदिर में घटा दर्शन का आयोजन किया जाएगा। सेवायत पवन कौशिक ने बताया कि भक्तों को परंपरागत दर्शनों का लाभ मिल सकेगा। पांच रंग की पांच पोशाक तैयार कराई गई हैं। सेवायत मथुरा दास कौशिक लाला पंडित ने बताया कि गोवर्धन महाराज के श्रृंगार के लिए घटाएं सजाई जाएंगी। गिरिराज जी के साथ मंदिर परिसर भी एक ही रंग में रंगा होगा। रंग विशेष के पर्दे, पोशाक, जेवरात के साथ ठोड़ी पर सजा लाल रंग का हीरा प्रभु की झांकी को एकटक निहारने पर मजबूर करेगा।



गिरिराज जी के अद्वितीय श्रृंगार के लिए जेवरात का प्रयोग कर झांकी को अद्भुत बनाने का प्रयास किया जाता है। घटाओं के श्रृंगार में एकादशी को हरे रंग की तो पूर्णिमा को सफेद रंग की घटाएं सजाई जाएंगी। विभिन्न प्रजातियों के पुष्पों से प्रभु का श्रृंगार और उनके स्थल को खूबसूरती दी जाएगी। हालांकि सावन महीना होने के कारण हरियाली का प्रयोग रोजाना किया जाएगा।

## चन्द्रयान-3 की होगी सफल लैंडिंग : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग का भरोसा जताते हुए इसे देश के लिए गर्व की बात कही है। उन्होंने देशवासियों की प्रार्थनाओं का परिणाम बुधवार को सामने आने की बात कही है।
केशव मौर्य ने मंगलवार को एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि यह भारत के लिए गर्व की बात है।
हमारे वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत का नतीजा है कि चंद्रयान-3 लैंडिंग प्रक्रिया के आखिरी चरण में है। पूरा देश उसके सफल लैंडिंग की प्रार्थना कर रहा है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि देशवासियों की प्रार्थनाएं परिणाम दिखाएंगी और चंद्रयान-3 चंद्रमा पर तिरंगा फहराएगा।

## उत्तरी बाईपास को लेकर भाकियू टिकैत आंदोलन के मूड में

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले बुधवार से होने वाले किसान आंदोलन में किसानों से गांव गांव जाकर आंदोलन की रणनीति और रूपरेखा तैयार की। धरना स्थल पर एक बैठक का आयोजन किया। जहां सभी किसानों ने अपनी अपनी रूपरेखा व नीति से अवगत कराया। किसानों ने स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर जिला स्तरीय सक्षम अधिकारी हमारे बीच में मौजूद नहीं होता है तो किसान मजबूर होकर यमुना एक्सप्रेस वे पर आंदोलन करेगा। जिसका दायित्व मथुरा प्रशासन का होगा। किसानों के बीच पहुंचे प्रदेश प्रवक्ता भाकियू टिकैत गजेंद्र परिहार व आगरा



मंडल प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि किसानों की प्रमुख मांग जैसे कि बलदेव कैलाश मार्ग निर्माण, उत्तरी बाईपास पर उतार चढ़ाव, किसानों की भूमि अधिग्रहण में हुईं अनियमितताओं आदि को लेकर किसान मजबूरन आंदोलन करने को विवश हुआ है। आंदोलन शांतिपूर्ण होगा और अगर आंदोलन को शासन प्रशासन द्वारा छेड़ा गया तो जो निर्णय कमेटी लेगी उसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। गजेंद्र सिंह परिहार, राघवेन्द्र, पूर्व प्रधान कालीचरण, नीतू प्रधान सराय सालबाहन, रंजीत सिंह, देवेंद्र सिंह सरपंच, रमेश चंद्र सरपंच, योगेंद्र सिंह, कोमल सिंह, छेदा लाल फौजी, ओमवीर सिंह, छितर सिंह, जयवीर सिंह, भूदेव, सुरेश, जयवीर सहित किसान सरदारी मौजूद रही।

# डीएम ने दिये दो सीडीपीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि के लिए निर्देश

**क्रा**

~~तीनों पर  क हिरासत में जेल भेज दिया~~



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिलाधिकारी पुलकित खरे ने दो सीडीपीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिये हैं।
जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में पोषण अभियान के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा सहित अन्य सीडीपीओ के साथ समीक्षा बैठक ली। कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सैम बच्चों के प्रति अभियान चलाया जाए और लाल श्रेणी के बच्चों को स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों द्वारा इलाज कराकर उन्हें सामान्य रूप में लाया जाए। जिलाधिकारी ने राया तथा फरह विकास खंड के सीडीपीओ के कार्यों पर नाराजगी जाहिर की और कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि दोनों सीडीपीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए। ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों को चयनित किया जाए। जिसमे कुर्सी, टेबल, खिलौने, टॉयलेट, पेंटिंग आदि न हो, उसकी कार्य योजना बनाकर शीघ्र अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत की जाए। इसी क्रम में मनरेगा व एनआरएलएम के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। डीसी मनरेगा को निर्देश दिए कि शासन की मंशा अनुसार ग्रामीण वासियों को 90 दिन का रोजगार उपलब्ध कराएं और मनरेगा जॉब कार्ड धारकों का भुगतान ससमय किया जाए। छूटे हुए सभी सरोवरों का कार्य 15 सितंबर तक पूर्ण करा लें और गुणवत्ता तथा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। मनरेगा के कार्यों में रुचि न लेने पर जिलाधिकारी ने विकास खंड चौमुंहा का वेतन रोकने के निर्देश दिए और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। छाता के तीन बीएमएस द्वारा समूहों के बैंक में खाता न खोलने के लिए फॉर्म न भेजने पर वेतन रोका और फटकार लगाते हुए कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिए। समूहों द्वारा बनाए गए सभी प्रोडेक्टों को होटल, रेस्टोरेंट, मंदिरों के आसपास की दुकानों प रखवाया जाए और डिजिटल के माध्यम से पेमेंट सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, डीसी मनरेगा दुष्यंत सिंह, पीड़ी अरुण कुमार उपाध्याय, डीडीओ गरिमा खरे, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र में ढह गई घटिया गुणवत्ता की बनी नालियां

**- चंद दिन पूर्व ही हुआ था नालियों का निर्माण**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

यूपीएसआईडीसी क्षेत्र में सरकार जोरदार विकास कार्य कराने में जुटी हैं। लेकिन ठेकेदार गुणवत्ता के नाम पर सरकार को ठेंगा दिखाते हुए सभी नियमों को ताक पर रख काम कर रहे हैं। काम पूरा हुए अभी कुछ ही दिन बीते हैं कि नालियां बिखर गई हैं। विभागीय अधिकारी गुणवत्ता को लेकर आंखें बंद किए बैठे हैं। औद्योगिक क्षेत्र नवीपुर के फेस वन में हाल ही में सड़क, नालियों एवं फुटपाथ निर्माण का कार्य कराया गया है। करोड़ों की लागत से कराए गए इस विकास कार्य में जमकर मानकों का मखौल उड़ाया गया है। संभवत यही कारण है कि निर्माण के कुछ दिन में ही विकास कार्य बिखर कर गुणवत्ता की गवाही दे रहे हैं।
यहां पानी निकासी के लिए नालियां बनाई गई हैं। लेकिन वे अभी कुछ दिन भी नहीं चल पाई हैं और जगह जगह वे टूटकर गिर गई हैं। वहीं सड़कों पर भी कुछ यही हाल हैं। उसकी भी परतें उधड रही हैं। अधिकारी गुणवत्ता को लेकर आंखें बंद किए बैठे हैं। जो कि आगे चलकर समस्या का कारण बन सकती हैं।

## ऋण न चुकाने पर सांसद समेत सैकड़ों किसानों को आरसी जारी

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**

मड़िहान स्थित एक बैंक का लगभग 10 करोड़ रुपये बकाया होने पर पटेहरा कला गांव निवासी राबर्ट्सगंज सांसद पकौड़ी लाल कोल समेत सैकड़ों बकाएदारों के खिलाफ आरसी जारी की गई। नोटिस मिलते ही बकाएदारों में हड़कम्प मच गया है।
दरअसल, जमीन बंधक रखकर किसानों ने बैंक से केसीसी ऋण लिया था। किसान समय से कर्ज अदा नहीं कर पाए। वसूली के लिए बैंक नोटिस भेजती रही। वसूली का दबाव बढ़ने पर आरसी जारी कर दिया गया।
इंडियन बैंक के मड़िहान शाखा प्रबंधक राजा कुमार ने बताया कि बैंक से 13 सौ किसान केसीसी ऋण से लेन-देन करते हैं। इसमें से 450 खाता एनपीए हो गया है। डिफाल्टर होने के कारण वसूली के लिए आरसी काटकर तहसील भेज दी गई है।

## प्रशासन ने शुरू की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी पुलकित खरे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर श्रीकृष्ण जन्मस्थान का स्थलीय निरीक्षण किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन के साथ अन्य विभागों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिनको शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रवेश एवं निकासी द्वार देखे और पूर्व व्यवस्थाओं के बारे में



अधिकारियों से चर्चा की। श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ दर्शन कराना ही अधिकारी एवं कर्मचारियों का दायित्व है। प्रवेश एवं निकास द्वारों पर भीड़ को एकत्रित नहीं होने देना है, उनका निरंतर आवागमन बनाये रखना है, जिससे भीड़ एकत्रित न हो सके। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ श्रीकृष्ण जन्मस्थान के कन्ट्रोल रूम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक ली। मन्दिर से कनेक्ट सभी मार्गों को चयनित कर बैरीकेटिंगध्बैरियर एवं सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की तैनाती आवश्यकतानुसार की जाये। मन्दिर के अन्दर व्यवस्थित रूप से बैरीकेटिंग की जाए, जिससे श्रद्धालु एक ओर से प्रवेश करें तथा दूसरी ओर से निकास करते हुए मन्दिर के बाहर निकल जायें। पार्किंग की व्यवस्था के संबंध में कहा कि पार्किंग को पूर्व में चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये तथा सभी में साइन बोर्ड, पेयजल, टॉयलेट, विद्युत, रैम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

# 25 अगस्त को कलेक्ट्रेट घेरेगी भाकियू अराजनैतिक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक किसानों के मुद्दों को लेकर 25 अगस्त को जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेगी। जिसके लिए गांव गांव जाकर पंचायत की जा रही हैं मंगलवार को बलदेव के गांव सेलखेड़ा में भाकियू अराजनैतिक के कार्यकताओं की पंचायत हुई। जिसमें 25 अगस्त को होने वाले जिलाधिकारी कार्यालय के घेराव की रूपरेखा तैयार की गई। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी कि किसानों से बिजली के बिल की वसूली नहीं की जाएगी। उसके बाद भी कर्मचारियों और



अधिकारियों द्वारा किसानों पर दबाव बनाकर किसानों से ट्यूबवेल के बिल की वसूली की जा रही है। ओवर बिलिंग की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। भूले भाले ग्रामीणों को विभाग द्वारा ठगा और धमकाया जा रहा है। अवैध वसूली की शिकायत भी लगातार मिल रही हैं। यमुना एक्सप्रेस वे के अधिग्रहण के बाद नोएडा अलीगढ़ की तर्ज पर 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है। जिसके लिए किसानों पर आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा है। 25 अगस्त को मथुरा जिले के हजारों किसान ट्रैक्टर लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी मांग रखेंगे। अगर मांगे नहीं मानी गईं तो वहीं धरना दिया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।
जिला मीडिया प्रभारी शिवकुमार तोमर ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक किसानों के मुद्दों को लेकर सदैव से गंभीर रही है। किसानों के कंधे से कंधा लगाकर उनकी हर समस्या को अपनी समस्या समझकर लड़ाई लड़ी है। गांव गांव जाकर किसानों के साथ पंचायत की जा रही हैं। पंचायत में लाल सिंह तोमर मुकेश प्रधान हरिपाल प्रधान छोटू हलवाई सोबरन सिंह रामेश्वर चैधरी बनी सिंह अवधेश रावत समेत सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# शब्द संयोजन और उसका प्रयोजन करना आना चाहिए: स्वामी गोविंदानंद तीर्थ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

गौ, ब्राह्मण के हितैषी, गरीब जरूरतमंदों की नर नारायण सेवा भाव के उपासक गोलोकवासी जयंती प्रसाद अग्रवाल की पुण्यतिथि पर गोधूलि पुरम स्थित जयंती प्रसाद वैदिक विद्याश्रम में भावांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता संत स्वामी गोविंदानंद तीर्थ महाराज ने जयंती प्रसाद अग्रवाल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शब्द ब्रह्म है। शब्द संयोजन और उसका प्रयोजन करना आना चाहिए। हमारा वैदिक विद्याश्रम भी शब्दों का संयोजन करता है, जिसका प्रयोग एवं वितरण पूरे देश और दुनिया में



यहां के स्नात्तक करते हैं। विद्वान डा. रामकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत प्रत्येक भाषा की जननी है। अध्यक्षता आचार्य बद्रीश ने की। बसेरा ग्रुप के चेयरमैन रामकिशन अग्रवाल एवं सेठ बृजमोहन अग्रवाल ने सभी अतिथि संतों का स्वागत किया। इस मौके पर संत महेश बाबा, राजेंद्र उपाध्याय, महंत हरिबोल बाबा, बृजेंद्र कौशिक, चंद्रलाल शर्मा, सूरजभान शर्मा, सतीश चंद पाराशर, स्वामी गौरव स्वरुप, वरुण शंकर द्विवेदी, श्याम नारायण पांडेय, भगवन त्रिपाठी , गुरुशरण एवं चैतन्य स्वरूप गौड़ के साथ विद्याश्रम के छात्र उपस्थित थे।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 4-0 से दर्ज की शानदार जीत

**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने यहां चल रहे 4 देशों के टूर्नामेंट में इंग्लैंड पर 4-0 से जीत हासिल की। भारत के लिए राजिंदर सिंह (13%), अमीर अली (33%), अमनदीप लाकड़ा (41%), और अरजीत सिंह हुंदल (58%) ने गोल किया। मैच की शुरुआत बेहद धीमी रही और दोनों टीमों ने रक्षात्मक रूख अपनाया। हालांकि राजिंदर सिंह (13%) ने देर से मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले क्वार्टर की समाप्ति पर भारत 1-0 से आगे रहा। एक गोल से पिछड़ने के बाद, इंग्लैंड ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रूख अपनाया, लेकिन विष्णुकांत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और इंग्लैंड को गोल करने से रोक दिया। भारतीय टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे रही। दूसरे हाफ की शुरुआत में, आमिर अली (33%) ने फील्ड गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत में अमनदीप लाकड़ा (41%) ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और भारत की बढ़त 3-0 कर दी।



## श्रेयस पूरी तरह फिट घोषित, राहुल के जल्द ठीक होने की उम्मीदः अजीत अगरकर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया गया है, जबकि केएल राहुल को परेशानी है और उनके एशिया कप के दूसरे या तीसरे मैच तक ठीक होने की उम्मीद है। अगरकर ने यहां कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही और एशिया कप 2023 टीम की घोषणा की। अगरकर ने कहा, श्रेयस अय्यर को पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया गया है। यह बहुत अच्छी खबर है। केएल राहुल की तबीयत ठीक है। लेकिन हमें उम्मीद है कि वह एशिया कप के दूसरे या तीसरे मैच तक फिट हो जाएंगे। ये दोनों हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। एशिया कप और विश्व कप में भारत के लिए नंबर चार पर कौन खेलता है, इस बारे में रोहित ने हंसते हुए कहा, आपको ऐसे लोग मिल गए हैं जो नंबर चार पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। यह नंबर चार के बारे में नहीं है, बल्कि शीर्ष तीन के बारे में है, फिर वहां से आगे। यह सिर्फ एक स्थिति नहीं है जो हमें गेम और टूर्नामेंट जिता सकती है। यह बल्लेबाजी इकाई के रूप में एक साथ आने और काम पूरा करने के बारे में है। चुनौतियाँ रही हैं, लोगों पर दबाव डाला गया है। हमें कुछ चोटें लगी हैं, हमें अन्य खिलाड़ियों को उस स्थिति में देखने की कोशिश करनी होगी। कार्यभार प्रबंधन के कारण कुछ खिलाड़ी चूक गए। हमें यह प्रयास करना था कि कौन सा संयोजन हमारे अनुकूल है।



## दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर जोंटी रोड्स, गैरी कर्स्टन ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले पीएम मोदी का किया स्वागत

**केपटाउन।** 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की दक्षिण अफ्रीका यात्रा से पहले, दिग्गज प्रोटियाज क्रिकेटर गैरी कर्स्टन और जोंटी रोड्स ने देश में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए एक वीडियो संदेश जारी किया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति माटामेला सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर पीएम मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22 से 24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग का दौरा करेंगे। रोड्स ने एक वीडियो संदेश में कहा, नमस्कार मोदी जी। ब्रिक्स सम्मेलन में आपका स्वागत है। हम दक्षिण अफ्रीकी होने के नाते जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य पर आपकी एक बड़ी भूमिका है और हम आपके इनपुट के लिए धन्यवाद करते हैं।



# विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे परमजीत, शकीना

**डबलिन/नई दिल्ली।** दुबई, 22 अगस्त (हि.स.)। मंगलवार से यहां शुरू होने वाली 2023 विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जब 20 सदस्यीय भारतीय टीम अपना अभियान शुरू करेगी तो फोकस शीर्ष सितारों परमजीत कुमार और शकीना खातून पर होगा। मेगा इवेंट के लिए अच्छी तैयारी के बाद, भारतीय एक शक्तिशाली प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

पुरुषों के 49 किग्रा वर्ग में 31 वर्षीय परमजीत इस खेल में विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं, जब उन्होंने 2021 में त्बिलिसी में कांस्य पदक जीता था। पिछले दो वर्षों में अधिक अनुभव के साथ, उनका लक्ष्य पदक के रंग को बदलना होगा। महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल और एशियाई पैरा खेलों की पदक विजेता शकीना खातून का लक्ष्य अक्टूबर में एशियाई पैरा खेलों के लिए तैयार होने और पेरिस 2024 पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है।

इस जोड़ी में अनुभवी सितारे फरमान बाशा (पुरुषों के 54 किग्रा तक), मनप्रीत कौर (महिलाओं के 41 किग्रा तक) और कुछ युवा नाम शामिल होंगे, जो इसे दुबई में प्रतिस्पर्धा करने वाली एक संतुलित टीम बनाएंगे।



इवेंट की पूर्व संध्या पर, परमजीत को इस बार दुबई में अपने पदक का रंग उन्नत करने का भरोसा था, जिससे उनका मानना है कि इससे उन्हें गति भी मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण, गांधीनगर में कई वर्षों से प्रशिक्षण ले रहे देश के शीर्ष पावरलिफ्टर ने कहा, मैं दुबई में पदक का रंग बदलना चाहता हूं। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने एक विज्ञप्ति में परमजीत के हवाले से कहा, ÷दुबई हमेशा मेरे लिए अच्छा रहा है। पिछले साल फ़ज़ा 2022 विश्व कप में, मैंने रजत पदक जीता था और मैं इस साल एक और रोमांचक चैंपियनशिप की प्रतीक्षा कर रहा हूँ,' अनुभवी पावरलिफ्टर का पुरुषों के 49 किलोग्राम तक वर्ग में टोक्यो 2020 पैरालंपिक के स्वर्ण और रजत पदक विजेता उमर क़ारादा और ले वैन कांग से मुकाबला होगा। उन्होंने कहा, मैं स्वर्ण पदक के लिए लड़ने के लिए तैयार हूं। वहीं, मनप्रीत के लिए उनका एकमात्र ध्यान पैरालंपिक पर है। मेरा लक्ष्य पेरिस 2024 पैरालिंपिक की तैयारी में अच्छा परिणाम प्राप्त करना और अपनी विश्व रैंकिंग में सुधार करना है। भारत के पावरलिफ्टिंग के मुख्य कोच जे.पी. सिंह को युवा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे हनी डब्बास और राहुल जोगराजिया सहित नवोदित भारोत्तोलकों को चुनने से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। उन्होंने कहा, 'दुबई हमारे एथलीटों के लिए सबसे अच्छे स्थलों में से एक रहा है और वे यहां प्रतिस्पर्धा करना पसंद करते हैं।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप : महिला 100 मीटर रेस की नई विश्व चैंपियन बनीं 'शा'कारी रिचर्डसन

**बुडापेस्ट।** संयुक्त राज्य अमेरिका की धाविका 'शा'कारी रिचर्डसन ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 100 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीता। रिचर्डसन ने जमैका की शेरिका जैक्सन को पीछे छोड़ते हुए 10.65 सेकंड के साथ स्वर्ण जीता, जबकि शेरिका ने 10.72 सेकंड के साथ रजत पदक जीता।

जमैका की शेली-एन फ्रेज़र-प्राइस, जो चोट से प्रभावित सीज़न के बाद 36 साल की उम्र में एक उल्लेखनीय छठे विश्व 100 मीटर खिताब की तलाश में थीं, को 10.77 सेकंड के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 23 वर्षीय रिचर्डसन कैनबिस के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद 2021 में टोक्यो ओलंपिक से चूक गईं थीं और फिर यूजीन में घरेलू धरती पर पिछले साल विश्व एथलेटिक्स के लिए क्वालीफाई करने में असफल रही थीं। बता दें कि टोरी बॉवी की 2017 में जीत के बाद रिचर्डसन महिलाओं की 100 मीटर की पहली अमेरिकी विजेता हैं। बॉवी इस वर्ष 32 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह चुकी हैं।




## हॉकी : गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज ने पुलिस कमिश्नरेट को हराया

**लखनऊ।** हॉकी लीग सीनियर मेंस चैंपियनशिप में तीन मैच खेले गये। इसमें गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज ने पुलिस कमिश्नरेट को 6-1 से हरा दिया। वहीं एसएसबी लखनऊ ने शांति फाउंडेशन को 5-0 से मात दी, जबकि साई ने एसएसबी को छह-एक से हराया।मो. शाहिद स्टेडियम विजयंत खंड में एसएसबी और साई के बीच मैच खेला गया। इसमें चार मिनट के बाद पांचवें मिनट में ही साई ने पहला गोल मारकर बढ़त बना ली। इसके बाद अभी एसएसबी प्रयास कर ही रहा था कि पुनः 15वें और 16वें मिनट में एक-एक गोलकर साई ने मनोवैज्ञानिक दबाव बना लिया। 30वें मिनट में एसएसबी की टीम एक गोल कर सकी। इसके बाद साई ने पुनः 32वें, 38वें और 51वें मिनट में एक-एक गोल दागे और मैच को 6-1 से जीत लिया। वहीं शाम सवा चार बजे शुरू हुए गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज और पुलिस कमिश्नरेट के बीच मैच में गुरु गोविंद सिंह ने तीसरे और चौथे मिनट में एक-एक गोल कर मनौवैज्ञानिक दबाव बना दिये। इसके बाद 17वें मिनट, 26वें, 55वें, 60वें मिनट में गोल दागे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट मात्र 54वें मिनट में एक गोल कर सका। इस मैच में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज मैच को 6-1 से जीत गया। एसएसबी लखनऊ और शांति फाउंडेशन के बीच हुआ मैच एकतरफा रहा एसएसबी ने मैच को पांच-शून्य से जीत लिया।



## सीएट पुरस्कारों में गिल का जलवा, सूर्यकुमार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टी20, दीप्ति सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई

**मुंबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को यहां सीएट क्रिकेट रेटिंग पुरस्कारों के तहत मेन्स इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। गिल को इसके अलावा मेन्स इंटरनेशनल बैटर ऑफ द ईयर और वनडे बैटर ऑफ द ईयर भी चुना गया।

पुरस्कार से सम्मानित होने पर गिल ने कहा, 'मैं प्रतिष्ठित सीएट मेन्स इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एक क्रिकेटर के रूप में, यह हमेशा सीमाओं को पार करने, चुनौतियों का सामना करने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए लगातार सुधार करने के बारे में है। यह मान्यता उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के बीच समानता को मजबूत करती है और मुझे और अधिक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

महिला वर्ग में दीप्ति शर्मा ने महिला अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता, जबकि शैफाली वर्मा को अंडर-19 महिला विश्व कप विजेता कप्तान के लिए सम्मानित किया गया।

सूर्यकुमार यादव को आईपीएल और टी20ई मैचों में उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए सीएट टी20 बैट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया, जबकि हमवतन भुवनेश्वर कुमार को सीएट टी20 बॉलर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। 1983 विश्व कप विजेता मदन लाल और उनके पूर्ववर्ती कपिल देव को ओपनिंग बॉलिंग पार्टनर व करसन घावरी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। न्यूजीलैंड के टिम साउदी को सीईएट इंटरनेशनल बॉलर ऑफ द ईयर घोषित किया गया, उनके कप्तान केन विलियमसन को टेस्ट बैट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के एडम ज़म्पा को वनडे बॉलर ऑफ द ईयर चुना गया। श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट गेंदबाज घोषित किया गया। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए जलज सक्सेना को डोमेस्टिक क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।




## गौतमबुद्ध नगर के जोंटी को उत्तर प्रदेश केसरी का खिताब

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश केसरी, उत्तर प्रदेश कुमार व उत्तर प्रदेश वीर अभिमन्यु खिताब के लिए फाइनल मुकाबले का अवलोकन किया। ताली बजाकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश केसरी का खिताब जीतने वाले गौतमबुद्ध नगर के जोंटी को 01.01 लाख रुपये व गदा, उप विजेता एनई रेलवे के वीरेश कुंडूको 51 हजार रुपये, उत्तर प्रदेश कुमार का खिताब जीतने वाले स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर के सौरभ यादव को 51 हजार रुपये व गदा, उप विजेता डीएलडब्ल्यू के बघेल यादव को 25 हजार, वीर अभिमन्यु खिताब जीतने वाले बड़हलगंज के आदित्य यादव को 51 हजार रुपये व गदा, उप विजेता गोरखपुर छात्रावास के विनीत को 25 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वॉलीबॉल खिलाड़ी युवराज प्रताप सिंह, कुश्ती के सौरभ यादव व टेनिस बाल के खिलाड़ी अमन राज को भी सम्मानित किया।



## रूसी ग्रैंडमास्टर गैरी कास्पारोव ने फिडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने पर प्रगनानंद को दी बधाई

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन और रूसी शतरंज ग्रैंडमास्टर गैरी कास्पारोव ने अजरबैजान के बाकू में फिडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रगनानंद को बधाई दी है। प्रगनानंद ने विश्व नंबर 3 फैबियानो कारूआना को हराकर फिडे विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। प्रगनानंद के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष हो गई, क्योंकि उनकी मां भी अपने बेटे की जीत देखने के लिए कार्यक्रम में मौजूद थीं।कास्परोव ने उनकी मां के समर्थन को एक विशेष प्रकार का समर्थन कहा और भारतीय ग्रैंड मास्टर को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कास्परोव ने ट्वीट किया, प्रगनानंद को और उनकी मां को बधाई। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसकी गौरवान्वित मां जो उनके साथ हर कार्यक्रम में जाती थी, यह एक विशेष प्रकार का समर्थन है! चेन्नई इंडियन ने न्यूयॉर्क के दो काउबॉय को हराया! वह कठिन परिस्थितियों में बहुत दृढ़ रहे हैं। प्रगनानंद ने टाईब्रेक के बाद अमेरिकी खिलाड़ी को 3.5-2.5 से हराया। खिताबी मुकाबले में उनका मुकाबला वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन से होगा।इससे पहले, प्रगनानंद ने सडन डेथ टाईब्रेक में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। 17 वर्षीय प्रगनानंद ने पहले ही अगले साल के कैंडिडेट्स इवेंट में जगह पक्की कर ली है।



## वीरांगना नगरी झांसी के चार क्रिकेटर यूपी टी–20 लीग में दिखाएंगे हाथ

**झांसी।** वीरांगना नगरी के युवा विभिन्न क्षेत्रों में अपना लोहा मनवाने में जुटे हुए हैं। यूपी टी-20 लीग के पहले संस्करण में झांसी महानगर के चार प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को मेरठ व लखनऊ की टीम ने खरीदा है। नगरवासी 30 अगस्त से कानपुर में आईपीएल की तर्ज पर होने जा रही प्रदेश की टी-20 क्रिकेट लीग में बल्ले और गेंद के साथ उनका प्रदर्शन का सजीव प्रसारण टीवी पर देख सकते है। कुणाल, राजीव व अक्षय मेरठ और अंश को लखनऊ ने अपनी टीम में शामिल किया है। झांसी महानगर के रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी कुणाल यादव, राजीव चतुर्वेदी, अक्षय सेन और अंश यादव अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी के प्रदर्शन से आईपीएल में भी दस्तक दे सकते हैं। तेज गेंदबाज कुणाल ने इसी वर्ष 2023 में अपने रणजी ट्रॉफी के डेब्यू मैच में 05 विकेट लेकर सनसनी मचाई थी। कुणाल ने पहली बार 2017 में उत्तर प्रदेश की अंडर 19 टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कूच बिहार ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। उसके बाद वह उ.प्र. अंडर 23 व अंडर 25 टीम के भी अभिन्न सदस्य रह कर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया है। जबकि अंश यादव अंडर 14 टीम से लेकर अंडर 16, 19 और इसी सत्र में अंडर 25 के प्री क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ शतक जड़कर अपने बल्ले की धमक दिखा चुके हैं। जूनियर क्रिकेट में अंश के बल्ले से कई शतक भी निकले हैं। वहीं राजीव चतुर्वेदी सत्र 2013-2014 में रेलवे की अंडर-19 और 2015 से लेकर 2017 तक उत्तर प्रदेश की अंदर 23 टीम में और 2018 में उत्तर प्रदेश की अंडर 23 टीम के सदस्य रहे हैं। अक्षय सेन ने 2013-14 व 2015 में उत्तर प्रदेश की ओर से अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी 2017 से 2019 तक अंडर 19 की बिहार ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था।



# इंस्टीट्यूशनल लीग के लिए एआईएफएफ को मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली, 21 अगस्त (हि.स.)। कुछ प्रसिद्ध संस्थागत टीमें, जो कभी भारतीय घरेलू फुटबॉल परिदृश्य पर हावी थीं और शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों की एक श्रृंखला तैयार करती थीं, ने एआईएफएफ इंस्टीट्यूशनल लीग में खेलने के लिए अपनी रुचि व्यक्त की है जो इस साल के अंत में शुरू होगी।

बड़े नामों में, जिन्हें एक बार फिर मैदान पर एक्शन में देखा जा सकता है, उनमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारतीय नौसेना, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), ईएसआईसी, चेन्नई सीमा शुल्क, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, दिल्ली आदि शामिल हैं।

बीएसएफ एक समय एक मजबूत टीम थी, जिसने अपने सुनहरे दिनों में सात बार डूरंड कप जीता और मंजीत सिंह, नरेंद्र गुरुंग और कई अन्य खिलाड़ियों को जन्म दिया। एफसीआई भी उतनी ही मजबूत थी, जिसकी लाइन-अप एक समय अतानु भट्टाचार्य, कृषाणु डे, बिकाश पांजी, विक्टर अमलराज, बाबू मणि और कई अन्य खिलाड़ियों से भरी हुई थी।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति 14 अप्रैल, 2023 को व्यापक चर्चा के बाद फुटबॉल में शौकिया संरचना को समान महत्व देने के निर्णय पर पहुंची थी। समिति ने महसूस किया कि इससे प्रतिस्पर्धी अवसरों का स्तर बढ़ेगा और इस स्तर पर खिलाड़ियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित होगी।इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए, कार्यकारी समिति ने वर्तमान सत्र से एक संस्थागत लीग शुरू करने का निर्णय लिया। लीग के विजेताओं को, जहां टीमों का फैसला बोली प्रक्रिया में किया जाएगा, राष्ट्रीय स्तर पर कप टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिल सकता है। समिति को विश्वास था कि इंस्टीट्यूशनल लीग की शुरूआत से विरासती संस्थागत टीमों को खोई विरासत प्राप्त करने में मदद मिलेगी।




कार्यकारी समिति के फैसले को ध्यान में रखते हुए, एआईएफएफ ने इस नई पहल का हिस्सा बनने में रुचि रखने वाली संभावित संस्थागत टीमों के साथ बातचीत शुरू करने का फैसला किया है। एक खुली बातचीत के बाद, एआईएफएफ एक अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) दस्तावेज़ को अंतिम रूप देगा, जिसे सितंबर के पहले सप्ताह तक प्रकाशित किया जाना है। एआईएफएफ का इरादा अक्टूबर 2023 के मध्य तक टीमों के चयन को अंतिम रूप देने का है।देश भर में संस्थागत टीमों की योजना, संरचना और आकांक्षाओं को समझने के लिए, अगस्त के अंतिम सप्ताह में एक बैठक बुलाई जाएगी जहां संस्थानों को चर्चा करने और अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इंस्टीट्यूशनल लीग के चयन और संचालन के लिए शर्तों और तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने के लिए फीडबैक/सुझावों और विचारों पर विचार किया जाएगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 23 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

फास्ट न्यूज

## पाक में राष्ट्रपति व सरकार में घमासान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सेना को ताकतवर बनाने वाले दो विधेयकों के कानून बनने को लेकर सरकार व राष्ट्रपति के बीच शुरू घमासान गहराता जा रहा है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने इन विधेयकों पर हस्ताक्षर न करने के बावजूद कानून बन जाने पर आपत्ति जताते हुए अपने सचिव को बर्खास्त कर दिया है। दो प्रमुख राजनीतिक दलों की ओर से उनके इस्तीफे की मांग की गयी है। दरअसल, पिछले दिनों पाकिस्तान की सीनेट ने आधिकारिक गोपनीयता (संशोधन) विधेयक, 2023 और पाकिस्तान सेना (संशोधन) विधेयक, 2023 हस्ताक्षर के लिए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के पास भेजे थे। बीते दिनों इन्हें कानून के रूप में अधिसूचित किये जाने पर अल्वी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उन्होंने दोनों विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, क्योंकि वह दोनों ही बिलों से असहमत थे। अल्वी ने अपने कर्मचारियों पर धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जैसा कि खुदा मेरा गवाह है, मैंने दोनों विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं किए, क्योंकि मैं इन कानूनों से असहमत था। मैंने अपने कर्मचारियों से विधेयकों को अप्रभावी बनाने के लिए निर्धारित समय के भीतर बिना हस्ताक्षर किए वापस करने को कहा। मैंने उनसे कई बार पूछा कि क्या उन्हें वापस कर दिया गया है और मुझे आश्वस्त किया गया था कि उन्हें वापस कर दिया गया है। हालांकि, मुझे अब पता चला कि मेरे कर्मचारियों ने मेरी इच्छा और आज्ञा को नहीं माना। मैं उन लोगों से माफी मांगता हूं जो प्रभावित होंगे ॥ इसके साथ ही उन्होंने अपने सचिव वकार अहमद को बर्खास्त किया था कि उन्होंने अपने कर्मचारियों को बिना हस्ताक्षर किए वापस करने का निर्देश दिया था।

## मनसे कार्यकर्ताओं ने अमेजन के ऑफिस में तोड़फोड़ की

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
महाराष्ट्र के नागपुर में मंगलवार (22 अगस्त) को राज ठाकरे की पार्टी महा नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के कार्यकर्ताओं ने अमेजन ऑफिस में तोड़फोड़ की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार्यकर्ता अमेजन पर पाकिस्तान के झंडे बेचे जाने को लेकर नाराज थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वो ऑनलाइन पाकिस्तानी झंडे बेच रहे हैं। साथ ही 24 घंटे के अंदर घर भी पहुंचा रहे हैं। इसके बाद वे नारेबाजी करते हुए बैद्यनाथ चौक स्थित अमेजन ऑफिस में घुसे और अंदर रखी कुर्सियां और टेबल तोड़ दीं। ऑफिस में मौजूद स्टाफ ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को शांत कराया। वीडियो देखने के लिए ऊपर लगी फोटो पर क्लिक करें... महाराष्ट्र के नासिक में राज ठाकरे की पार्टी महा नवनिर्माण सेना के समर्थकों ने एक टोल प्लाजा में तोड़-फोड़ कर दी।

## गौवंश को लंपी स्किन बीमारी से बचाने के लिए चलाया अभियान

**भिवानी:** गौवंश को लंपी स्किन बीमारी से बचाने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है, जो कि 9 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान जिलेभर में गौवंश का टीकाकरण कर उन्हें लंपी बीमारी से बचाने का कार्य किया जाएगा। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए पशु पालन विभाग के उप निदेशक डा. रविंद्र सहरावत ने मंगलवार को बताया कि भिवानी जिले में एक लाख 5 हजार गौवंश का टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# जरूरतमंदों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ : सीएम

## जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें अधिकारी, जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

जनसुनवाई

जिन्हें इलाज में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कराया जाए: योगी



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और ध्यान से सुनें। साथ ही उनका त्वरित निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

सीएम योगी ने ये निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

## चंद्रयान-3 की प्रक्रिया का लाइव टेलीकास्ट देखेंगे छात्र



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**बुधवार** शाम को जब भारत का महत्वाकांक्षी मून मिशन 'चंद्रयान-3' चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर पहली बार लैंड करेगा तो उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के छात्र भी इस ऐतिहासिक लम्हे के साक्षी बनेंगे। प्रदेश की योगी सरकार ने इस अवसर पर छात्रों के ज्ञानवर्धन, उनकी जिज्ञासाओं की पूर्ति के लिए सभी परिषदीय विद्यालयों को 23 अगस्त की शाम को एक घंटा खोलने और छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सरकार ने शिक्षा मंत्रालय के निर्देश का हवाला देते हुए कहा है कि 23 अगस्त को शाम 5.27 बजे चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने की प्रक्रिया का इसरो वेबसाइट, यू-ट्यूब चैनल व डीडी नेशनल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। ऐसे में 5.15 से 6.15 बजे तक विद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में विशेष सभा आयोजित कर सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाए। युवाओं की जिज्ञासा और अविष्कारों के प्रति जुनून जगाएगा यह ऐतिहासिक अवसर: अपर राज्य परियोजना निदेशक मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि यह पहली बार है जब सरकार ने इस तरह के ऐतिहासिक अवसर पर छात्रों को एजुकेट करने के लिए शाम को स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारत के चंद्रयान-3 का चंद्रमा पर उतरना एक यादगार अवसर है, जो न केवल जिज्ञासा को बढ़ावा देगा बल्कि हमारे युवाओं के मन में अन्वेषण के लिए एक जुनून भी जगाएगा। इससे गर्व और एकता की गहरी भावना पैदा होगी क्योंकि हम सामूहिक रूप से भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शक्ति का उत्सव मनाएंगे।

## बगहा में बवाल के 24 घंटे बाद मूर्ति का विसर्जन



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** में सोमवार को महावीरी जुलूस निकालने के दौरान दो जिलों में हिंसक झड़प हो गई। बगहा और मोतिहारी के तीन ब्लॉक्स में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। बगहा में हालात ज्यादा बिगड़े थे। यहां हनुमान जी की मूर्ति तोड़ने की अफवाह पर हंगामा शुरू हुआ था। कई गाड़ियों में आगजनी की गई थी। मंगलवार सुबह भी यहां स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। पत्रकारों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि मूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है। आम लोगों के साथ हमने मूर्ति का विसर्जन कर दिया है। सीएम यहां के हालातों पर नजर बनाए हुए हैं। लोगों से शांति बरतने की अपील की जा रही है। बगहा शहर के अलग-अलग इलाकों में 500 जवानों की तैनाती की गई है। इससे पहले सोमवार को मोतिहारी के मेहसी, कल्याणपुर और दरपा थाना इलाकों में झंडा के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। इस दौरान दोनों तरफ से ईंट-पत्थर भी चले, लेकिन समय रहते पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया और बवाल को आगे नहीं बढ़ने दिया। बगहा में सोमवार को महावीरी जुलूस के दौरान दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई थी। दोनों ओर से पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की गई। घटना में दो पुलिसकर्मी, पत्रकार समेत 12 लोग घायल हो गए। ये बवाल नगर थाना क्षेत्र के रतन माला इलाके में हुआ।

शांति कायम

तोड़ने की अफवाह पर पथराव और आगजनी, मोतिहारी में जुलूस के दौरान उपद्रव, अब शांति

## ऐसा काम करें, जिससे देश का नाम ऊंचा रहे: उपराष्ट्रपति



**टीम एक्शन इंडिया/चित्तौड़गढ़**
**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ मंगलवार को अपने विद्यालय-सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ पहुंचे और वहां छात्रों, पूर्व-छात्रों और शिक्षकों से मिले। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि ऐसा काम करें, जिससे देश का नाम ऊंचा हो। ज्ञात रहे कि धनखड़ ने सन 1962 से 1967 तक अपनी स्कूली शिक्षा यहीं से पूरी की थी। इस अवसर पर भावुक होते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, "आज मैं जो कुछ हूं, सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ और यहां मिली शिक्षा की बदौलत ही हूं..., इस माटी को मैं सलाम करता हूं!" उन्होंने आगे कहा कि यहां के वातावरण में बच्चों के सर्वांगीण विकास का अवसर मिलता है, इसीलिए सैनिक स्कूल का बच्चा जहां भी जाता है, उसकी लीडरशिप क्षमता के कारण एक अलग पहचान बनती है। सैनिक स्कूल के छात्र-छात्राओं से मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने अपने स्कूल के दिनों के कई रोचक संस्मरण सुनाए। उन्होंने बताया कि गांव के प्राइमरी स्कूल में पांचवीं कक्षा तक एबीसीडी नहीं सिखाई जाती थी, इस कारण उन्हें सैनिक स्कूल में शुरूआती दिनों में कठिनाई का सामना करना पड़ा। एक बार प्रिंसिपल ने कक्षा में उनसे अंग्रेजी में कुछ सवाल पूछे तो वे समझ नहीं सके। प्रिंसिपल ने उन्हें शाम को अपने घर पर चाय के समय बुलाया, तब उन्होंने हिम्मत कर प्रिंसिपल से कहा, "सर मैं होशियार लड़का हूं, पर अंग्रेजी नहीं आती।" उपराष्ट्रपति ने बताया कि उन प्रिंसिपल ने मुझे मार्गदर्शन दिया और मेरा जीवन बदल गया। मैं आजीवन उनका ऋणी रहूंगा। उन्होंने कहा कि बेहद कम उम्र में सैनिक स्कूल में आने से उनकी मां को बहुत चिंता रहती थी, इसलिए वह रोज एक पोस्टकार्ड अपनी मां के लिए लिख कर भेजा करते थे।" उन्होंने कहा कि जब मैं घर जाता था तो मां खाली पोस्टकार्ड का एक पैकेट मुझे दे दिया करती थीं।

## कोयला घोटाले: पूर्व अधिकारी को तीन साल की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राऊज** एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज अरुण भारद्वाज ने छत्तीसगढ़ के कोयला ब्लॉक आवंटन में गड़बड़ी के मामले में दोषी करार दिए गए इस्पात मंत्रालय के पूर्व अधिकारी गौतम कुमार बसाक को तीन वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने बसाक पर पांच लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 18 अगस्त को इस्पात मंत्रालय के जेपीसी के पूर्व कार्यकारी सचिव गौतम कुमार बसाक को विजय सेंट्रल कोयला ब्लॉक के आवंटन में दोषी ठहराया था।

## 'विकास कार्यों की निगरानी करें ग्रामीण'

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्यों की निगरानी संबंधित गांवों के नागरिकों को करनी होगी ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। टोहाना क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो व नागरिकों को सभी मूलभूत सुविधाएं मिले, इसके लिए वह प्रतिबद्ध हैं। 9 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया।



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से मंगलवार को उदयपुर में उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।




सर्च ऑपरेशन **बारिश ने डाला खलल, घटनास्थल पर बाढ़ जैसे हालात; तीन लोगों का नौवें दिन भी सुराग नहीं**

## शिमला मंदिर हादसा.. सर्च ऑपरेशन रोकना पड़ा

चिंताजनक



नाले में बार बार मलबा बहकर आ रहा है। बारिश का दौर अगले तीन दिन भी जारी रहेगा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**शिमला** के शिव बावड़ी मंदिर हादसे में 3 लोगों का नौवें दिन भी सुराग नहीं लग पाया। इनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। मंगलवार सुबह से ही शिमला में झमाझम बारिश हो रही है। इससे घटनास्थल पर दोबारा फ्लैश फ्लड जैसी स्थिति बन गई। सुबह के समय 2 घंटे ही सर्च ऑपरेशन चलाया गया। 9 बजे के करीब बारिश शुरू होते ही इसे रोकना पड़ा। समरहिल वार्ड से पार्षद वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि बारिश के बाद नाले में बार बार मलबा बहकर आ रहा है। चिंता इस बात की है कि बारिश का दौर अगले तीन दिन भी जारी रहेगा। इससे सर्च ऑपरेशन में बाधा आएगी। वहीं जो लोग मलबे में दबे हैं, उनके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस भीषण हादसे में पवन शर्मा, उनकी पत्नी, बेटा-बहू और तीन पोते-पोती दबे है। इनमें से पांच लोगों के शव बरामद कर दिए गए। मगर, पवन शर्मा और उनकी पोती का नौवें दिन भी सुराग नहीं लग पाया। वहीं स्थानीय निवासी नीरज ठाकुर भी लापता है। शिमला शिव मंदिर हादसे में लापता पवन का नौवें दिन भी सुराग नहीं, पवन समेत इनके परिवार के सात सदस्य इस हादसे में मलबे में दब गए थे, जिनमें से अब तक पांच के शव बरामद कर लिए गए है शिव बावड़ी मंदिर पर 14 अगस्त की सुबह साढ़े सात बजे के करीब लैंडस्लाइड में 20 लोग दब गए थे। इनमें से 17 लोगों के शव बरामद कर दिए गए है।